दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 74 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

कहते हैं कि दुश्मन को ऐसी जगह मारना चाहिए जहां उसे पानी भी न मिले। भारत भी यही करने जा रहा है। सिन्धु जल समझौता स्थगित कर भारत ने पाकिस्तान को दिये जाने वाले पानी को रोककर उसे उसकी नानी याद दिला दी है। पहले से ही दाने-दाने को मोहताज पाकिस्तान अब बूंद-बूंद पानी के लिए तरसेगा। इससे बिलबिलाए पाकिस्तान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान का पानी रोका गया तो इसे जंग का ऐलान समझा जाएगा। तो समझना। कर दिया है भारत ने जंग का आगाज। भारत भी देखेगा कितना जोर है बाजू-ए-कातिल में।

एसडीएम-तहसीलदार समेत 20 अफसरों के ठिकानों पर छापे

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला

- **रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले**
- **निलंबित पटवारी लेखराम देवांगन के घर पर छापा पड़ा**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले में ईओडब्ल्य और एसीबी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। निलंबित पटवारी लेखराम देवांगन के घर पर छापा पड़ा है। सुबह 6.00 बजे से ईओडब्ल्यू /एसीबी की टीम घर के अंदर मौजूद है। भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद लेखराम देवांगन को निलंबित किया गया था।

शुक्रवार सुबह से करीब 17 से 20 अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ रेड किया। दरअसल, किसानों को मिलने वाली मुआवजा राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर अफसरों और दलालों ने करोड़ों रुपयों की बंदरबांट की। घोटाले की

रकम करीब 43 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

मुआवजे की राशि में भी हुई गड़बड़ी : विधानसभा में मामला उठने के बाद ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता चला कि, जमीन अधिग्रहण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन पर है गड़बड़ी का बड़ा आरोप

1.तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू2.तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे3.तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण4.पटवारी जितेंद्र साहू5.दिनेश पटेल6.लेखराम देवांगन 7.विजय जैन 8.हरमीत सिंह 9.मनजीत सिंह 10.आशीष दास 11.उमा तिवारी 12.केदार तिवारी 13.रोशन वर्मा।

कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को किया गया था सस्पेंड

कुछ दिनो पहले ही रायपुर-विशाखापट्टनम तक बन रही (वाइजैग) इकोनॉमिक कॉरिडोर में घोटाले के उजागर होने के बाद कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सस्पेंड किया गया था। इसके पहले जगदलपुर निगम कमिश्नर निर्भय साहू को भी सस्पेंड किया गया था। शशिकांत और निर्भय पर जांच रिपोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के राजा इकबाल बने दिल्ली के मेयर

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए। भाजपा पार्षद राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए महापौर चुने गए,

उन्होंने कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें से एक वोट अवैध पाया गया। कांग्रेस को अपने पार्षदों की संख्या के अनुसार आठ वोट प्राप्त हुए, वहीं राजा इकबाल सिंह को 133 वोट प्राप्त मिले।

जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख पहुंचे श्रीनगर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को कश्मीर पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना

प्रमुख के आगमन के तुरंत बाद उन्हें सेना के श्रीनगर स्थित 15 कोर कमांडर ने सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में हमले के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और एक नेपाल का नागरिक था। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन के बारे में भी जानकारी दी गई।

पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा ने स्वीकारा आतंकी से सीधा संबंध

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकवाद पर खुद के अब तक के रुख के विपरीत खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस्लामाबाद ने आतंकवादी संगठनों के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के माध्यम से तीन दशकों तक अमेरिका के गलत मंसूबों को पूरा करने में भूमिका निभाई है। पाकिस्तान अभी तक पहलगाम हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार करता रहा है। इस हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे।

अब पाकिस्तान की खैर नहीं

नई दिल्ली(ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने मिसाइलों के परीक्षणों की संख्या को बढ़ा दिया है। एक दिन पहले

INS सूरत युद्धपोत पर मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। इसके बाद आज भारत ने अगली पीढ़ी के स्टेशन हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्क्रैमजेट इंजन का 1,000 सेकंड से अधिक समय तक सफलतापूर्वक जमीनी परीक्षण किया है।

हाइपरसोनिक मिसाइल की क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद : भारत में पहली बार 1000 सेकेंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव-कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर का सफल जमीनी परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण को भारत की अगली पीढ़ी की हाइपरसोनिक मिसाइल की क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

डरा पाकिस्तान, भारत ने दिया करारा जवाब

पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे

नई दिल्ली/ए.। पाकिस्तान के साथ 'सिंधु जल समझौता स्थगित' करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।

मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में आज कहा, 'भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है।

सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला 3 फेज में होगा, 3 तरह की रणनीति बन रही

संरा महासचिव ने भारत, पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली (वार्ता) । पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बढ़ती कड़वाहट के बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि स्थिति और न बिगड़े। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को दैनिक प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दोनों देशों में से किसी के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है।

आतंकी अभी जिंदा हैं कठुआ में दिखाई दिए चार संदिग्ध

जम्मू (ए.)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। अभी तक इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है। कठुआ पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। उनका कहना है कि जल्द ही इस मामले में अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरी तरफ आज सुरक्षा बलों ने शोपियां जिले के विभिन्न ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संदिग्ध खच्चर वाला अरेस्ट

जम्मू (ए.)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सुरक्षाबलों ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। वीडियो में एक महिला पर्यटक ने दावा किया था कि एक व्यक्ति

ने उससे उसके धर्म के बारे में सवाल किया था। साथ ही 35 बंदूक भेजने और प्लान बी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे सुना था।

जांच के बाद गांदरबल पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में दो हजार पाकिस्तानी नागरिक

गृहमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस एक्टिव

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से आए सभी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था. इस निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में करीब 2000 लोग पाकिस्तान से आए हैं, जिनमें से 1800 अकेले रायपुर में रह रहे हैं। इनमें 95प्रतिशत सिंधी समाज के लोग हैं, जबकि शेष मुस्लिम हैं। पुलिस अब इनके वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है कि इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय सीमा से अधिक समय तक भारत में न रहे।

दीर्घकालिक वीजा धारकों को राहत, अन्य को जाना होगा : केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नागरिकता और नए घर सड्डू, महावीरनगर में बस्तियां

छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानी मूल के कई सिंधी लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, लेकिन कुछ अभी भी इसके लिए इंतजार कर रहे हैं। रायपुर के सड्डू, महावीरनगर, बोरियाकला, और माना रोड जैसे इलाकों में इन लोगों ने अपने घर बना लिए हैं। अब पुलिस और प्रशासन नए सिरे से इनकी सूची तैयार कर रहा है, ताकि उनकी नागरिकता और वीजा स्थिति का सत्यापन किया जा सके। जिन्हें अभी नागरिकता नहीं मिली, उनकी पहचान भी की जा रही है।

शादी में बूंदी और खाना खाने से 96 बीमार

- **69 बच्चे, 5 गंभीर; बिलासपुर और कोरबा में चल रहा इलाज**

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसमा गांव के पहरी पारा में आयोजित एक विवाह समारोह में पालिथीन में पैक सेव बूंदी खाने के बाद 96 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। इनमें 69 बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें उल्टी-दस्त लगने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल उपचार शुरू किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल सभी का उपचार जारी है। डीन डॉ. केके सहारे ने जानकारी दी कि सभी मरीज अब खतरे से बाहर हैं और 24 घंटे ऑब्जरवेशन में रखने के बाद डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे: घटना की जानकारी मिलने पर कोरबा सीएसपी भूषण एक्का समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में वितरित सेव-बूंदी का स्वाद अजीब था, खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध, रोक नहीं लगा सकते

- **वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का हलफनामा**

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दायर किया हलफनामा

केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है, मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। बता दें कि, यह हलफनामा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेलवे ठेकेदार के घर सीबीआई का छापा

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एक टीम ने रेलवे से जुड़े कार्यों में शामिल ठेकेदार कंपनी झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर शुक्रवार को छापा मारा. यह कार्रवाई सुबह के समय शुरू हुई, जिसमें 8 से 10 सदस्यों वाली सीबीआई टीम मौके पर जांच कर रही है। यह छापा रेलवे प्रोजेक्ट्स में संभावित गड़बड़ियों और अनियमितताओं की जांच के तहत मारा गया है. झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड रेलवे के कई बड़े निर्माण कार्यों को ठेके पर अंजाम देती है और हाल के वर्षों में इस कंपनी को करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट आवंटित किए गए हैं। सीबीआई अधिकारियों ने कंपनी के कार्यालय में दस्तावेजों की गहन तलाशी ली और कई महत्वपूर्ण फाइलों व डिजिटल डेटा को जब्त किया. इस दौरान कंपनी के अधिकारियों से भी पूछताछ की गई।

ऑपरेशन ऑल आउट को तुरंत रोकने की मांग

- **चारों तरफ से घिरने के बाद बैकफुट पर आए नक्सली**

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर और तेलंगाना बॉर्डर के करेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में सीआरपीएफ के नेतृत्व में चार दिन से जारी ऑपरेशन ऑल आउट का नतीजा सामने आने लगा है। चारों तरफ से घिरने के बाद नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने सीआरपीएफ सहित विभिन्न बलों के संयुक्त ऑपरेशन को तुरंत प्रभाव से रोकने की मांग की है। उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरो, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी

(माओवादी) के प्रभारी रूपेश ने शुक्रवार को इस बाबत एक पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर एक बड़ा सैन्य अभियान लांच किया गया है। इस अभियान को तुरंत रोकना चाहिए। सभी बलों को वापस बुला लेना चाहिए।

पत्र के मुताबिक, सभी लोग चाहते हैं, समस्या का समाधान शांति वार्ता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों के लिए शांति का दरवाजा खुला : सीएम

जशपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने एक दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को जशपुर जिले के बगीचा पहुंचे। कार्यक्रम के बाद जब पत्रकारों ने तेलंगाना सीमा से लगे इलाकों में चल रहे नक्सल विरोधी ऑपरेशन को लेकर सवाल किया, तो मुख्यमंत्री साय ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नक्सली अब बौखलाहट में शांति वार्ता की बात कर रहे हैं, लेकिन सरकार की नीति स्पष्ट है। जो हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में आएंगे, उनका स्वागत है। लेकिन जो अब भी गोली की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुखद खबर ... मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों से मिला वित्तीय स्वावलंबन

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण हुआ कर्जमुक्त

- **अब विकास को मिलेगी और तेज गति**

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर से एक प्रेरणादायक और सुखद खबर सामने आई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु

देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।

नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ की आधुनिक और नियोजित राजधानी, के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिया गया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गई

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गयी है, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा। नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की यह उपलब्धि वित्तीय अनुशासन और रणनीतिक नियोजन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह देश के अन्य शहरी विकास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन

- **84 वर्ष की उम्र में बंगलूरू में ली अंतिम सांस**

बंगलूरू (ए.)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अधिकारियों ने बताया

कि उन्होंने बंगलूरू में अंतिम सांस ली। वे 84 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा।

पूर्व इसरो प्रमुख के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया। पीएम मोदी ने कहा कि के कस्तूरीरंगन ने इसरो में बहुत परिश्रम से काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए भारत हमेशा डॉ. कस्तूरीरंगन का आभारी रहेगा।

'यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है', पहलगाम आतंकी हमले पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



बई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि यह किसी पंथ या संप्रदाय की लड़ाई नहीं है। अभी जो लड़ाई चल रही है यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। उन्होंने मुंबई में आयोजित पंडित दीनानाथ मंगेशकर की 83 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए यह बात कही।

असुरों का अंत करना है तो अष्टभुजाओं की शक्ति होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि हमारे यहां धर्म पूछकर किसी को नहीं मारा जाता लेकिन कट्टरपंथियों ने पहलगाम में जो उत्पात किया, धर्म पूछकर मारा, हिंदू कभी ऐसा नहीं करेगा। लेकिन अपने संप्रदाय को लेकर गलत मतलब निकालने वाले कट्टरपंथी ऐसा करेंगे इसलिए देश ताकतवर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से हम सभी दुखी हैं, सबका मन दुखी है, सब परिवार जनों के दुख में हम सब सहभागी हैं। लेकिन हमारे मन में गुस्सा है और होना भी चाहिए क्योंकि असुरों का अंत करना है तो अष्ट भुजाओं की शक्ति होनी ही चाहिए।

कुछ ऐसे लोग हैं जो नहीं सुधरते

उन्होंने आगे कहा 'सृष्टि की कुछ चीजे हैं जिसको सुधारना पड़ता है, लेकिन सृष्टि में कुछ ऐसे लोग हैं जो नहीं सुधरते है क्योंकि जो शरीर बुद्धि मन उन्होंने धारण किया है उसमें अब परिवर्तन संभव नहीं है।' संघ प्रमुख ने उदाहण देते हुए कहा, 'जैसे रावण वेद शास्त्र संपन्न था लेकिन जो शरीर उसने धारण किया था उसमें वो बदलने को तैयार नहीं था, मतलब जब तक रावण दूसरा जन्म नहीं लेता, ये शरीर नहीं छोड़ता, तब तर्कों से सुधरेगा नहीं, मतलब रावण सुधरना चाहिए इसलिए श्री राम ने उसका वध किया।'

दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए

हम लोग ऐसे ही हैं जो सबको स्वीकार करते हैं। सब अच्छे हैं। लेकिन हमारे देश की सेना है क्यों सेना है? अगर हम सोच ले कि अब सेना की जरूरत नहीं है, कोई युद्ध नहीं होगा। अगर गफ्लत में रहे तो 1962 में प्रकृति ने हमें एक पाठ सिखाया। अब हम रक्षा के बारे में एक से बढ़कर एक अच्छा होने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए ऐसे दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए। पहलगाम की घटना से क्रोध है और अपेक्षा भी है। अपेक्षा पूरी होगी मुझे ऐसा लगता है। हम लोग ऐसे ही है सबको स्वीकार करते है सब अच्छे है लेकिन हमारे देश की सेना है क्यों सेना है ,हम सोच ले कि अब सेना की जरूरत नहीं है अब सेना की कोई जरूरत नहीं है कोई युद्ध नहीं होगा और अब गफ्लत में रहे तो 1962 में प्रकृति ने हमें एक पाठ सिखाया अब हम रक्षा के बारे में एक से बढ़कर एक अच्छा होने की कोशिश कर रहे है ऐसे दुष्ट लोगों का वध होना चाहिए क्रोध है और अपेक्षा भी है मुझे और अपेक्षा पूरी होगी ऐसा लगता है मुझे।

तिरछी नजर करके देखने की किसी की हिम्मत नहीं होगी

संघ प्रमुख ने एकता पर जोर देते हुए कहा, 'कलियुग में संघ शक्ति का मतलब होता है एकत्र होना, साथ रहना ही एक शक्ति है। और ऐसे समय में जो संताप होना चाहिए उसमें कोई जात-पात, धर्म संप्रदाय नहीं देखता। कहीं से भी किसी भी प्रांत से ऐसी बात आई नहीं। मूल बात ये है कि सब भूलकर हम देश की प्रतिष्ठा के लिए खड़े हैं। ये स्वभाव से होता है। अगर ऐसा हुआ तो तिरछी नजर करके देखने की किसी की हिम्मत नहीं होगी और किसी ने देखा तो उसकी आंख भी फूटेगी

उन्होंने कहा, 'अपने अगल बगल के लोगों को देखना चाहिए कि उसमें अच्छी बात कौन सी है। अच्छी बातें हमको बड़ा करेंगी। ऐसा प्रोत्साहन देना चाहिए हमें अपने मित्र को। मतलब साफ है कि जो रावण नहीं है वो सब अच्छे थे और जो रावण है उसे भगवान राम देख लेंगे। अभी ऐसा प्रसंग होता है कि कुछ होता है तो हम उत्तर देते हैं। दमदार उत्तर देते हैं। इस बार भी ऐसा ही उत्तर मिलेगा ऐसी अपेक्षा हम करते हैं। परंतु ऐसा प्रसंग हो फिर हम उत्तर दें, ऐसा होने का क्यों?..ऐसा प्रसंग हो ही न।'

सभी राज्य को गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, उन्हें वापस भेजें

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा है कि अपने राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजें। सूत्रों के अनुसार गृहमंत्री शाह ने शुक्रवार को सभी मुख्यमंत्रियों बात की और उन्हें अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश वापस भेज दिया जाए।

पहलगाम में पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के सभी प्रकार के वीजा को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया है। शाह ने मुख्यमंत्रियों से लोगों की शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को भी कहा है।

सिंधु जल समझौते पर बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अपने आवास पर सिंधु जल संधि को लेकर एक बैठक भी करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्री और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के अलावा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार भारत ने सिंधु जल संधि के निलंबन के बारे में पाकिस्तान को औपचारिक तौर पर लिखित रूप से सूचित कर दिया है। भारत ने संधि में बदलाव के लिए नोटिस जारी किया है।

पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार ने संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान सरकार को नोटिस दिया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि संधि के कई मूलभूत पहलू बदल गए हैं और उन पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

पहलगाम हमले के बाद लिया फैसला

पत्र में कहा गया है, "इन बदलावों में जनसंख्या में महत्वपूर्ण बदलाव, स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता और संधि के तहत जल बंटवारे में अन्य बदलाव शामिल हैं।" जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कदम 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद उठाया गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

भारत ने पाकिस्तान से क्या कहा?

भारत ने अपने पत्र में कहा कि है कि जनसंख्या में परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा का विकास और जल वितरण से संबंधित विभिन्न कारक जिनका संधि में जिक्र है, वे बदले हैं। भारत की तरफ से कहा गया है कि किसी भी संधि को सद्भावनापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, लेकिन पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पत्र में कहा गया है कि भारत ने संधि के अनुच्छेद XII (3) के तहत 1960 की सिंधु जल संधि (संधि) में संशोधन की मांग करते हुए पाकिस्तान सरकार को नोटिस भेजा है। पत्र में कहा गया है कि संधि के निष्पादन के बाद परिस्थितियों में मूलभूत परिवर्तनों के कारण संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा : अजित पवार

पुणे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदल लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। अजित पवार ने कहा कि हमले में मारे गए लोगों की याद दो मिनट का मौन रखा। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के कई लोग वहां पर्यटन के लिए गए थे। कुछ लोगों को इस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि इस घटना का बदला कब लिया जाएगा पूरा देश इंतजार कर रहा है। जैसे को तैसा उत्तर कब दिया जाएगा, इन सभी बातों पर विचार किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों को वापस लाने का काम कर रहे हैं। खुद एकनाथ शिंदे और गिरीश महाजन वहां मौजूद हैं। हम उनके संपर्क में हैं। अजित पवार ने कहा कि यह हमला इतना भयानक था कि पूरी दुनिया ने इस घटना का संज्ञान लिया है। निश्चित रूप से आपके और हमारे मन में यह है कि इस घटना का बदला लेना है और बदला लिए बिना भारत चुप नहीं बैठेगा। बता दें कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के पास एक पर्यटन केंद्र में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें 26 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले में मारे गए लोगों में महाराष्ट्र के छह लोग भी शामिल हैं।

30 वर्षो से आतंकियों को फंडिंग दे रहे हैं फ्लो-फ्लो में पाक रक्षा मंत्री ने उगला सच

इस्लामाबाद। पाकिस्तान आतंकवादियों को फंडिंग करता है और पाकिस्तान ही आतंकवाद का सरपरस्त है, ये बात खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने स्वीकार कर ली है. पाकिस्तान की सच्चाई दुनिया के सामने आ गई है. रक्षा मंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों का समर्थन करता है और उन्हें फंड करता है। इस पर ख्वाजा आसिफ ने जवाब दिया कि हम करीब तीस वर्षो से अमेरिका के लिए ये गंदा काम कर रहा हैं. ब्रिटेन सहित अन्य पश्चिमी देशों के लिए हम ये कर रहे हैं. ये एक गलती थी. हमें इसके लिए भुगतना पड़ा है. इसलिए आप लोग मुझसे ये करने के लिए कह रहे हैं. हम अगर सेवियत संघ के खिलाफ हुए युद्ध में और 9/11 के बाद हुए युद्ध में शामिल नहीं होते तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड साफ होता है। इंटरव्यू में ख्वाजा ने साफ किया कि हम भारत के साथ युद्ध करने के लिए पूरी करह से तैयार हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का पढ़िए कुबूलनामा

सोशल मीडिया पर एक क्लिप सामने आई है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री एक विदेशी न्यूज चैनल को इंटरव्यू दे रहे हैं। इस दौरान, महिला पत्रकार ने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से पूछा कि क्या आप स्वीकार करते हैं कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, ट्रेनिंग और फंडिंग करने का लंबा इतिहास रहा है।

पाकिस्तानी नेता ने एक दिन पहले एक इंटरव्यू में कहा था कि अगर भारत की ओर से युद्ध की स्थिति पैदा की जाती है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे. हम जवाब देने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम हैं. हमें उम्मीद है कि भारत इस बार कोई गैर जिम्मेदाराना हरकत नहीं करेगा. भारत ने हम पर अगर कोई हमला किया तो पाकिस्तान उसका जवाब ढंग से दे सकता है।

'फलस्तीन के बारे में पूछा फिर गोली मार दी', आतंकियों ने लाश से साथ सेल्फी ली

नई दिल्ली। पहलगाम हमले में मारे गए सुशील की पत्नी जेनिफर ने बताया कि आतंकियों ने पति के शव के साथ सेल्फी ली. उन्होंने पति से फलस्तीन के बारे में भी सवाल किया। पहलगाम में हुए टार्गेट किलिंग की एक दिल दहला देने वाली कहानी सामने आई है. घटना में मृतकों में एक ईसाई व्यक्ति भी शामिल है। मृतक सुशील नाथनियल की पत्नी जेनिफर ने एक दिल दहलाने वाली घटना बताई। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने गोली मारने के बाद मेरे पति की लाश के साथ सेल्फी ली। उन्होंने मुझे भी लात मारी, जिससे पता चल जाए कि मैं जिंदा हूं या मर गई। पत्नी जेनिफर ने बताया कि उनके पति के ईसाई होने की जानकारी मिलते ही आतंकवादियों ने उनसे पूछा कि फलस्तीन के बारे में पता है न.

आंतकियों ने मुझे भी लात मारी

इसके बाद तुरंत उन्होंने सुशील को गोली मार दी। जेनिफर ने बताया कि मैं इससे बहुत डर गई थी. मैं चिल्लाना चाहती थी. मैं अपने पति के पास भागना चाहती थी. उन्हें गले लगाना चाह रही थी लेकिन मैं हिल ही नहीं पाई. मेरे हाथ-पैर ठंडे पड़ गए। सुन्न हो गए। मेरी आवाज थम गई थी। मैं डर के मारे अपनी आंखें बद कर लीं थीं। सांसे रोक ली थी।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425411118314

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर दयाल पाण्डेय पिता/पति राकेश कुमार पाण्डेय पता पाण्डेय ढिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग, ममता पाण्डेय पिता/पति शंकरदयाल पाण्डेय पता पाण्डेय ढिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग, शंकर दयाल पाण्डेय पिता/पति राकेश कुमार पाण्डेय पता पाण्डेय ढिम्बर मार्ट मोहन नगर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 331/78 (0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता युवराज सिंह बेलचंदन पिता/पति केदार सिंह बेलचंदन पता तिरगा तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425411117551

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी संदीप श्रीवास्तव पिता/पति स्व. आर.के. श्रीवास्तव पता गयानगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, करण सिंह रेहिल्ल पिता/पति स्व. हरविंदर सिंह पता दीपक नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 628/10(0.0130) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गरिमा गुप्ता पिता/पति स्व. मिलिंद गुप्ता पता राजीव नगर कचहरी रोड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202504101500044
विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

ओसर प.ह.न. 00043 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम औसर प.ह.नं. 43 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दुरपत पिता ईतवारी निवासी ग्राम औसर के नाम, हक व स्वामित्व में मौजा ग्राम औसर, प.ह.न. 43, तहसील पाटन. जिला दुर्ग. (छ.ग.) में स्थित खसरा न. 375/1, 614/4, 858/5, 878/2 रकबा कमशः 0.22, 0.02, 0.28 0.12 हेक्ट भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें आवेदिका का नाम वर्तमान बी-1, पी 02. नक्शा खसरा के वर्तमान ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में त्रुटिवश ख.न. 858/5 रकबा 0.28 है. भूमि दर्ज हो गया है। उक्त मौजा ग्राम औसर, प.ह.न. 43. तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्थित ख. न. 858/5 रकबा 0.28 हेक्ट भूमि के स्थान पर खून 8585 रकबा 0.38 है. भूमि वर्तमान आनलाईन, बी-1 पी.-02, नक्शा खसरा में दुरूस्त किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक दुरपत पिता ईतवारी के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202504104500030
विषयः अ-21(1)/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

घुघवा प.ह.न. 00004 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- रामगुलाल सोरी/ अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामगुलाल सोरी पिता राजाराम जाति गोड निवासी ग्राम घुघवा द्वारा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक के नाम दर्ज भूगि खसरा नंबर 84 रकबा 0.71 हे. को अपने पुत्री के शादी करने, मकान बनाने एवं परिवार में अकेले सदस्य होने से माता-पिता सहित कुल 06 सदस्यों का पालन पोषण करने के कारण गैर आदिवासी * प्रस्तावित क्रेता सत्यंत कुमार सोनकर पिता सुरेश सोनकर निवासी ग्राम घुघवा को विक्रय करने की अनुमति देने हेतु वर्तमान भू-अभिलेख, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति सहित कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आधार पर न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 16.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202503103000034
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीरा गोस्वामी पति स्व. सुरेश चंद गोस्वामी उम्र- 72 वर्ष पता - एम.आई.जी. 2/138, आमदी नगर हुडको भिलाई तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा पति स्व. सुरेश चंद गोस्वामी पिता स्व. भगवान दास गोस्वामी के नाम अधिकार एवं स्वामित्व में भूमि ग्राम- उमरपोटी प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 257/8 रकबा 0.04 हेक्टेयर है। पति स्व. सुरेश चंद गोस्वामी की मृत्यु दिनांक 17.12.2024 को हो चुकी है। पति स्व. सुरेश चंद गोस्वामी के निम्नलिखित वारिसान :- 1. श्रीमती मीरा गोस्वामी पति स्व. सुरेश चंद गोस्वामी (पत्नि) उम्र- 72 वर्ष 2. रश्मि दुबे पति संजय दुबे (पुत्री) उम्र- 54 वर्ष 3. क्षित्रप्रा पाठक पति प्रबल पाठक (पुत्री) उम्र- 52 वर्ष 4. प्रतीश गोस्वामी पिता स्व. सुरेश चंद गोस्वामी (पुत्र) उम्र 48 वर्ष। भूमिस्वामी स्व. सुरेश चंद गोस्वामी का स्वर्गवास होने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर विधिक वारिसान के नाम नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300016
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.के. 202504103300016/ अ-6/वर्ष 2024-25 आवेदक कमलेश निषाद पिता संतु निषाद निवासी ग्राम रसमड़ा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रसगड़ा प.ह.नं. 22. रा.जि.म. अंजोस ख तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 57/7 रकबा 0.310 है. भूमि आवेदक के पिता संतु राम पिता डेरा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी संतु राम पिता डेरह कि मृत्यु दिनांक 02.12.2024 को हो जाने पर राजस्व अभिलेख से मृतक भूमिस्वामी के नाम को विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000058
/अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर पिता कार्तिक राम साहू उम्र 60 वर्ष पता ग्राम डूमरडीह तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध छ.ग. शासन के द्वारा आवेदक तथा उनके अन्य भाई, रामाधीन, देवकुमार, राजेन्द्र कुमार, चुरामन के संयुक्त नाम पर ग्राम डूमरडीह प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में खसरा नंबर -218, 403, 447 रकबा कमश 0.04, 0.50, 0.45 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.99 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज था। जिसके संबंध में आवेदक तथा अपने अन्य भाईयों के साथ बंटवारा हेतु तहसील न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमें दिनांक 30/06/2012 को नायब तहसीलदार के द्वारा सभी भाईयों के मध्य खाता विभाजन किया गया है जिसके अनुसार से आवेदक को भूमि खसरा नंबर 403 रकबा 0.50 हे., खसरा नंबर 406 रकबा 0.26 हे. एवं खसरा नंबर 7 447 रकबा 0.45 है. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 1.21 हे. भूमि बंटवारा में प्राप्त हुआ था। नायब तहसीलदार बसंत वर्मा के द्वारा आदेश दिनांक 30/06/2012 को पारित किया गया था। आदेश दिनांक 30/06/2012 पटवारी अभिलेख तथा ऑनलाईन मैनुवल रिकॉर्ड को दुरूस्त करते हुए आवेदक की भूमि खसरा नंबर- 403 रकबा 0.50 हे., खसरा नंबर 406 रकबा 0.26 हे., एवं खसरा नंबर-447 रकबा 0.45 हे. कुल खसरा नंबर- 03 कुल रकबा 1.21 हे. भूमि का ऑनलाईन रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000054
/अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- रामाधीन पिता कार्तिक राम साहू उम्र 64 वर्ष पता ग्राम डूमरडीह तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध छ0ग0 शासन के द्वारा आवेदक तथा उनके अन्य भाई, रामेश्वर, देवकुमार, राजेन्द्र कुमार, चुरामन के संयुक्त नाम पर ग्राम डूमरडीह प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग में खसरा नंबर -218, 403, 447 रकबा कमश 0.04, 0.50, 0.45 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर- 03 कुल रकबा 0.99 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज था। जिसके संबंध में आवेदक तथा अपने अन्य भाईयों के साथ बंटवारा हेतु तहसील न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमें दिनांक 30/06/2012 को नायब तहसीलदार के द्वारा सभी भाईयों के मध्य खाता विभाजन किया गया है जिसके अनुसार से आवेदक को भूमि खसरा नंबर 341 रकबा 0.99 हे. भूमि बंटवारा में प्राप्त हुआ था। नायब तहसीलदार बसंत वर्मा के द्वारा आदेश दिनांक 30/06/2012 को पारित किया गया था। आदेश दिनांक 30/06/2012 पटवारी अभिलेख तथा ऑनलाईन मैनुवल रिकॉर्ड को दुरूस्त करते हुए आवेदक की भूमि खसरा नंबर 341 रकबा 0.99 हे. भूमि का ऑनलाईन रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.26/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका शिवानी पाल आ. सुशांत कुमार पाल एवं अन्य 02 निवासी नेहरू नगर ईस्ट भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि ख.नं 1/2, 2/2 भूखंड क. एम.आई.जी. 2/434 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि धारक रागिनी गुप्ता पति डॉ. सुमंत गुप्ता निवासी द्वारका नगर बैंगलोर कर्नाटका के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 09.04.2025 को आवेदकगण शिवानी पाल आ. सुशांत कुमार पाल वगैरह के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त विक्रय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000062
/अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - राजेन्द्र कुमार साहू पिता मंशा राम साहू पता- ग्राम कातरो तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा कातरो प.ह.नं. 57 स्थित भूमि खसरा नंबर 1053 रकबा 0.3600 हेक्टेयर लगान 0.46 पैसा भूमि भूमिस्वामी राजेश कुमार साहू पिता मंशाराम साहू जाति - तेली कृषि भूमि दर्ज है। बी-1 में राजेश कुमार है नाम को विलोपित कर सही नाम राजेन्द्र कुमार साहू पिता मंशा राम साहू सुधार किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300013
/ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202504103300013 /ब-121 वर्ष 2024-25, आवेदक धन्नू लाल निषाद पिता स्व. उदय लाल निषाद निवासी ग्राम बिरेझर, तहसीलव जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा द्वारिका प्रसाद का जन्म प्रमाण पत्र चाहा गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.04.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200027
/अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ पिता शिवचरण निवासी ग्राम अण्डा मौजा ग्राम अण्डा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग द्वारा भूमि खसरा न. 903, 1345/1 रकबा 0.0100, 1.9200 हे. भूमि को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका बनाने न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05.05.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200027
/अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. युनुस चौहान पिता स्व. इलमुद्दीन निवासी सत्ती चौरा दुर्ग मौजा ग्राम अछोटी प.ह.न. 31 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग द्वारा भूमि खसरा न. 213, 1202 रकबा कुल 1.22 हे. जैबुन के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 02.08.2019 को हो जाने के कारण वीरासानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.04.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300014
/अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202504103300014/ अ-6/वर्ष 2024-25 आवेदिका सरिता सिंह पति अश्वनी कुमार सिंह (अन्य-1) निवासी ग्राम महमरा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम महमरा प.ह.न.23 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 211/15 कुल रकबा 0.0430 हे. में से 2500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता शमसुद्दीन शेख पिता बदरूद्दीन शेख निवासी सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत बयनामा दिनांक 07.06.2022 को कय किया गया था। उक्त भूमि को आवेदिका पंजीकृत वैयनामा के आधार पर प्रमाणिकरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री आलोक राजपूत | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202504100400174/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री आलोक राजपूत आ./पति श्री मोहन सिंह राजपूत निवासी पद्मनाभपुर तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	660/10	0.0180 हें 1980 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री प्रवीण राजपूत | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202504100400185/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री प्रवीण राजपूत आ./पति श्री मोहन सिंह राजपूत निवासी पद्मनाभपुर तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग	660/8	0.035 हें 3780 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना, जताया आभार

■ श्रद्धालु पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क दर्शन करेंगे

■ विधायकों ने दिखाई भारत गौरव टुरिस्ट ट्रेन को हरी झण्डी

■ श्रद्धालुओं में उत्साह, कहा मुख्यमंत्री ने बुजुर्गो का किया सपना पूरा

रायपुर, /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। ट्रेन को बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा की बरसो पुरानी अभिलाषा पूरी होने पर बुजुर्गो के आंखों की चमक देखते बन रही थी। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार मौजूद थे।

बुजुर्गो की आंखों में बरसों से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी

पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गो की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गो की सुध ली है। पंडित ईश्वर पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित उम्र के बाद हर किसी बुजुर्ग का सपना होता है कि तीर्थ यात्रा दर्शन के लिए जाए लेकिन पैसों की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह जाता है। इस योजना से हमारा सपना पूरा हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

शिकायत मिलते ही महापौर ने खुले चेम्बर में ढक्कन लगवाया

गुढ़ियारी भारत माता चौक में तत्काल बैरिकेटिंग करवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में खुले हुए चेम्बर से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव और कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा सीनियर ने जोन की टीम जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत भाठागांव में रिंग रोड के किनारे सर्विस लेन के किनारे मार्ग में खुले हुए चेम्बर के स्थल पर पहुंची और तत्काल अभियानपूर्वक मार्ग के खुले हुए चेम्बर में ढक्कन लगाकर उसे जनहित में जनजीवन सुरक्षा को दृष्टि से सुरक्षित किया। वहीं गुढ़ियारी भारत माता चैक के समीप खुले चेम्बर को तत्काल चारों ओर बैरिकेटिंग करते हुए और लाल झंडी सूचना संकेतक लगाकर जनहित में जन जीवन सुरक्षा की दृष्टि से त्वरित कार्यवाही स्थल पर करते हुए प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया।

मॉडल ब्लड बैंक और संत निरंकारी मंडल के सहयोग से रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मंडल चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रायपुर और तिल्दा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने क्रमशः 194 और 93 यूनिट रक्तदान किया। दोनों शिविरों में कुल 287 यूनिट रक्तदान हुआ।संत निरंकारी मंडल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत गुरुबचन सिंह जी के शहीदी दिवस पर हर साल यह कार्यक्रम आयोजित होता है। पिछले 25 वर्षो से निरंकारी मंडल मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के साथ मिलकर हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है।निरंकारी मंडल की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श कालरा ने, तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदरदास ने एवं मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से क्रमशः डॉ. रवीना यादव, डॉ. सूदित पाल और डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला।अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के सहयोग से तथा डॉ. अरविंद नेरल (विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी) एवं मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर के रक्तदान शिविर की टीम में डॉ.मणिका, डॉ. नेहा, डॉ. सागर, डॉ. महरोनी, डॉ. दीपा, डॉ. सरिता, डॉ. करण, डॉ. होलकर, बिरला जी, गिरीश, गणेश, लोमस, झूल सिंह, नूरानी खान, मनोज दास, सन्मुख, भूमिका, शोभाराम, राकेश बंजारे, शिव, राकेश शर्मा, करिश्मा, जय प्रकाश और एल.पी. पटेल शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

मेरी हत्या कर दो, जेल में डाल दो :वीरेंद्र सिंह फिर भी बंद नहीं होगी गंगा आरती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के महादेव घाट तट पर प्रतिदन होने वाली खारून गंगा मैया आरती को लेकर विवाद गहराया हुआ है। यहां के कुछ असमाजिक तत्व सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिये होने वाली इस आरती का विरोध जताया है। आरती करने पर कड़ा ऐतराज जताया है। अब इस मामले में कुछ असमाजिक तत्वों शह पर राजनीति हो रही है। मामले में खारून गंगा मैया आरती के प्रमुख आयोजक वीरेंद्र सिंह तोमर ने ऐलान करते हुए कहा है कि चाहें मैं जेल चला जाऊं या मेरी हत्या कर दी जाए, लेकिन खारून गंगा मैया की आरती कभी बंद नहीं होगी। यह आरती हमारी आस्था का सवाल है। इसे कोई खत्म नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यह आरती न केवल प्रदेश की गहरी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, एकजुटता और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का भी एक मजबूत माध्यम है।

अमरनाथ-वैष्णो देवी यात्रा से रायपुर के श्रद्धालु पीछे हटे

रायपुर/नवप्रदेश। कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई। इसके बाद से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रायपुर से जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। अधिकतर यात्रियों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है, जिससे दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट भी सामान्य हो गई है। शहर की विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों से बातचीत में पता चला कि घटना के बाद कश्मीर घूमने गए सभी यात्री अब रायपुर लौटना चाहते हैं। हालांकि वर्तमान में जम्मू तवी से वापसी की ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग के कारण यात्री सीधे दिल्ली की ओर रुख कर रहे हैं। रेलवे की ओर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा से एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस आतंकी हमले ने कश्मीर में पर्यटन पर गहरा प्रभाव डाला है। पहलगाम क्षेत्र में हुए इस हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है, जिससे यात्रा योजनाओं में बदलाव देखा जा रहा है।

8 ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार

जम्मूतवी से दिल्ली लौटने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। 8 प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग 100 से ऊपर पहुंच गई है, जबकि 4 ट्रेनों में वेटिंग 140 तक हो चुकी है। कश्मीर से लौटने की होड़ के चलते रायपुर के यात्री भी कंफर्म टिकट के लिए ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां रायपुर से जम्मूतवी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग होती थी, वहीं अब यह घटकर 40 के आसपास रह गई है।

कटरा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन –उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णों देवी कटरा से नई दिल्ली के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कटरा से एक विशेष ट्रेन बुधवार को चलाई गई। दूसरी विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को अपराहन 10.50 बजे कटड़ा से रवाना होगी। रास्ते में यह बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, लुधियाना व अंबाला में रुकेगी।

पंजीकरण से पीछे हटने लगे यात्री

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सीधा असर धार्मिक यात्राओं पर पड़ने लगा है। रायपुर से हर साल बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इस बार गिरावट देखी जा रही है। अमरनाथ यात्रा समिति के अनुसार जो श्रद्धालु इस महीने यात्रा की तैयारी में थे, अब वे पंजीकरण से पीछे हटने लगे हैं। लोगों में डर का माहौल है और यात्रा की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, वैष्णो देवी यात्रा के लिए भी यात्रियों की पूछपरख लगभग थम चुकी है।

भारत एकजुट,आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया : रमेश

रायपुर /नवप्रदेश । जम्मू कश्मीर के पहलगाम में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले व हिंदुओं पर देश के अलग अलग जगहों हो रहे लगातार अत्याचार के विरोध में आज भाजपा वामन राव लाखे वार्ड द्वारा पाकिस्तान व आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया व इस हमले में शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि इस कायराना हमले से देश एकजुट है और आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आगया है जिस प्रकार से आतंकियों ने चुन चुन कर हिंदुओं को मारा है उससे पूरा देश गुस्से में है भारत इसका जवाब जरूर देगा नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को पूरा भरोसा है कार्यक्रम में महेश शैमा,देवेंद्र ठाकुर,रामकिंकर सिंह,प्रशांत ठाकुर,श्याम सुंदर अग्रवाल,,राकेश ठाकुर,दिगंबर चौधरी,सुनील शुक्ला,जय शर्मा,विश्वजीत साहू,रवि सोनकर,रमेश सपहा,आनंद साहू,सविता साहू,सरस्वती देवांगन,आकाश शर्मा,त्रिलोक बाघ,जीत साहू,विभोर ठाकुर व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नाबालिग बालिका का विवाह रोका

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग बालिका के विवाह की तैयारी की सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संयुक्त टीम गठित कर बाल विवाह रोकथाम की कार्रवाई की गई।इस संयुक्त कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक नंदिनी ठाकुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर, संरक्षण अधिकारी संजय निराला, सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ममता गायकवाड (एकीकृत बाल विकास परियोजना, मंदिर हसौद), तथा जिला बाल संरक्षण इकाई रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में सद्भावना रैली

काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

रायपुर /नवप्रदेश । जम्मू-कश्मीर में हुए अनंतनाग जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के निकट आतंकी हमला के विरोध में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला के अध्यक्ष अब्दुल नासिर खान जी के नेतृत्व में सदभावना रैली निकाल कर एवं काली पट्टी बांध कर काले फुगे छोड़े गए 2 मिनिट का मौन रख कर शहीद हुवे 27 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उक्त प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग, मोर्चे के प्रदेश महामंत्री मख्मूर खान , प्रदेश कार्यालय प्रभारी रेहाना खान , मिर्जा साजिद पठान जी, जिला महामंत्री इमरान अशरफी, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, जिला उपाध्यक्ष आमिर बेग,जिला सोशल मीडिया प्रभारी इसराइल शेख, फारूक भाई,कासम भाई, आरिफ नियाज़ी, वसीम आफरीदी,शेख युनूस, यूजर कुरैशी , आबाद बाजी,शेख महमूद राजा भाई, इम्तियाज खान, शामिल रहे।

प्रगतिशील यादव महासंघ ने दी दिनेश मिरानिया को पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। देश के कोने-कोने से कश्मीर की नैसर्गिक सुंदरता को निहारने पहुंचे 25 पर्यटकों के साथ रायपुर के स्टील कारोबारी श्री दिनेश मीरानिया की पहलगाम नरसंहार में अकाल मृत्यु पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने अपने कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर सभी दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया आक्रोश सभा में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ कि देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जी से अपील की जाए कि छत्तीसगढ़ में जारी नक्सलियों के टाइम बाउंड खात्मे के अनुरूप ही देश के अंदर छुपे गद्दारों की पहचान कर उन्हें भी नेस्तनाबूद किया जाए क्योंकि ये खाते भारत का है और गुण पाकिस्तान का गाते हैं ।इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जितेंद्र बहादुर यादव, श्री अशोक यादव, श्री रविंद्र सिंह यादव सहायक महासचिव, श्री विजय यादव, श्री सुजीत सिंह, श्री बृजभान यादव, श्री राम यादव आदि ने भी इस नृशंस हत्याकांड की कड़े शब्दों में भर्त्सना की ।।

महापौर मीनल चौबे ने की 30 हजार पात्र हितग्राहियों को पेंशन दिलवाने की पहल

■ संबंधित अधिकारी पूर्ण जानकारी लेकर बैठक में आएं

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शहरी एवं गरीबी उपशमन विभाग की बैठक में सभी एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षगणों से चर्चा और विचार - विमर्श करते हुए राजधानी शहर में सरकार की समाज कल्याण योजनाओं के माध्यम से पेंशन हेतु पात्र लगभग 30 हजार गरीब हितग्राहियों को प्रतिमाह नियमित रूप से व्यवस्थित तरीके से पेंशन दिलवाने समाजहितकारी अभिनव पहल की है. महापौर ने बैठक में बैंकों द्वारा पेंशन हितग्राहियों के लिए वार्डों में लगाए जाने वाले शिविरों को नगर निगम रायपुर के सामुदायिक भवनों में लगाया जाना सुनिश्चित करने, शिविर स्थलों पर पंडाल, पानी और कुर्सियों की व्यवस्था बैंकों के माध्यम से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए है। महापौर मीनल चैबे ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा को सभी पात्र लगभग 30 हजार पेंशन हितग्राहियों को समय पर नियमित पेंशन दिलवाने नए सिरे से भुगतान प्रक्रिया का सरलीकरण करने के सम्बन्ध में सुझाव दिया है कि यदि सम्भव हो सके, तो विधानसभा क्षेत्र वार 4 नए बैंकों के माध्यम से पात्र लगभग 30 हजार गरीब हितग्राहियों को पेंशन राशि के भुगतान की व्यवस्था प्रशासनिक तौर पर करवाया जाना सुनिश्चित करवा सकते है। ऐसा करना सम्भव होने पर समय पर और नियमित पेंशन भुगतान बैंकों के माध्यम से करने की दृष्टि से एक बेहतर विकल्प हो सकता है. ऐसा व्यवहारिक तौर पर सम्भव होने पर महापौर ने इसे लागू करवाने का सुझाव समाज हित में दिया है। बैठक में उपस्थित एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षगणों के सुझाव पर निर्णय लेते हुए महापौर मीनल चैबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आईडीबीआई बैंक से जो हितग्राहियों के बैंक खाते को बदलकर बैंक ऑफ बड़ौदा में किया जा रहा था, उसमें ग्रीष्म ऋ्तु तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा और ग्रीष्म ऋ्तु के पश्चात इस पर निर्णय लिया जायेगा.गर्मी के दौरान वर्तमान व्यवस्था कायम रखे जाने के निर्देश दिए गए है,

अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर वार्डों में लगाए गए कूलर, एसी का लिया जायजा

■ मेंटेनेस विभाग को सुधार के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण कर गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत देने के लिए विभिन्न वार्डों और ओपीडी में लगाए गए पंखे, कूलर,एसी एवं डक्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था देखी। उन्होंने मेंटेनेंस विभाग को निर्देश दिया कि पुराने एवं खराब हो चुके पंखों और कूलरों की मरम्मत जल्द से जल्द करें। जिन-जिन विभागों तथा वार्डों में पंखे, एसी एवं कूलर की शिकायतें आ रही हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलरों की जांच तथा जल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वार्डों तथा ओपीडी से लगे बाथरूम के नल जो खराब हो गए हैं, उनको अतिशीघ्र सुधारने को कहा ताकि अनावश्यक जल की हानि को रोका जा सके। मेंटेनेस विभाग के कर्मचारियों ने बताया की ग्राउंड फ्लोर के ट्रामा तथा इमर्जेंसी वार्ड में नये एसी लग गए हैं। अधीक्षक ने मेंटेनेस विभाग को निर्देशित किया कि वर्तमान में अस्पताल में चल रहे मेंटेनेस के कार्यों में तेजी लायी जाए।

डॉ. सोनकर के निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल तथा मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

नया प्रतिष्ठान ... एक ही छत के नीचे मिलेगी खरीदारी और मनोरंजन की सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लिया और सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस दौरान उन्होंने मॉल में सर्व सुविधायुक्त सिनेमा हॉल का शुभारंभ किया और राज्य सरकार के सुशासन पर आधारित एक वीडियो देखा।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राजधानी वासियों के लिए आज का दिन बेहद खास है। यह नया प्रतिष्ठान लोगों को आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं, मनोरंजन और सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। इससे आसपास के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साय ने कहा कि यह मॉल आने वाले समय में शहरी जीवनशैली को और अधिक सहज, समृद्ध और सुविधाजनक बनाएगा।

बेहतरीन खरीदी और मनोरंजन का केंद्र

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मॉल का आज विधिवत शुभारंभ हुआ है। 12-13 वर्ष पहले ट्रेजर आईलेंड के नाम से इस मॉल का काम प्रारम्भ हुआ, परन्तु लम्बी यात्रा के बाद आज नए कलेवर के साथ इसका शुभारम्भ हुआ। यह मॉल रायपुर और प्रदेशवासियों के लिए बेहतरीन खरीदी एवं मनोरंजन का केंद्र होगा। राजधानी रायपुर देश में विकसित राजधानी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है और यह मॉल इस पहचान को स्थापित करने में अपना योगदान देगा।शुभारंभ समारोह को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी संबोधित कर अपनी शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह, आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, मॉल के संचालक विजय झावर भी उपस्थित रहे।

सुविचार

इतिहास गवाह है कि जब अपनों से अधिकारों की लड़ाई हो तो संस्कारों की पढ़ाई को भूलना पड़ता है। - अज्ञात

आतंकवाद की जड़ पर प्रहार जरूरी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरा देश आक्रोशित है। सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से सरकार का समर्थन किया और यह भरोसा दिलाया कि आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार जो भी कार्यवाही करेगी उसमें हम अपना समर्थन देंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी कहा कि विपक्ष का सरकार को पूरा समर्थन है। सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए कड़े से कड़े कदम उठाये। यहां तक प्रधानमंत्री और भाजपा का हमेशा विरोध करने वाले अस्सुद्दीन ओवैसी ने भी आतंकवाद के खिलाफ की जाने वाली कार्यवाही का समर्थन किया। उन्होंने तो पहलगाम में आंतक मचाने वाले की आतंवादियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग भी की। कुल मिलाकर आतंकवाद के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। अब यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करे। इस मामले में न सिर्फ देश एकजुट है बल्कि दुनिया के तमाम देश भी भारत के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा दिलाया है कि भारत की आत्मा पर हमला करने का दुःसाहस करने वाले देश के दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादियों को ऐसी कड़ी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान है। इसलिए अब यह आवश्यक हो गया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाया जाये। भारतीय सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयार है किन्तु केन्द्र सरकार जल्दबाजी में ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़े। पाकिस्तान के खिलाफ जंग अंतिम विकल्प है। देर सवेर भारत इस अंतिम विकल्प पर भी विचार जरूर करेगा और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएगा कि उसकी सात पुश्तें इसे याद रखेंगी। फिलहाल भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठायें हैं और इसी से पाकिस्तान सकते में आ गया है। सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला लेकर भारत ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिये हैं इससे बौखलाकर पाकिस्तान ने बयान दिया है कि सिंधु जल समझौता यदि खत्म किया जाता है तो इसे भारत और पाकिस्तान के बीच जंग के आगाज के रूप में देखा जाएगा। किन्तु भारत ने अब पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर आर पार की लड़ाई लड़ने का दृढ़ निश्चय कर लिया है। हालांकि भारत अभी भी अपनी इस नीति पर कायम है कि हमारी ओर से पहली गोली नहीं चलाई जाएगी और यदि पाकिस्तान ने ऐसी हिमाकत की तो भारत की ओर से गोलियों की ही नहीं बल्कि गोलों की भी गिनती नहीं की जाएगी। पाकिस्तान के हुक्मरान डरे हुए हैं उन्हें लग रहा है कि भारत कभी भी उसके खिलाफ जंग छेड़ सकता है यही वजह है कि पाकिस्तान में सेना को अलर्ट कर दिया गया है और पाकिस्तान जो विश्व मंच पर अलग थलग पड़ चुका है वह चीन के सामने मदद की गुहार लगाते हुए गिड़गिड़ा रहा है किन्तु भारत को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की कौनसा देश पाकिस्तान की हिमायत में सामने आता है। भारत आज दुनिया में एक बड़ी ताकत बन चुका है और वह अकेले अपने दम पर दुश्मनों से मुकाबला करने और उन्हें नेस्तनाबूत करने में सक्षम है। जब इसका अवसर आएगा तो भारत ऐसा कर भी दिखाएगा। फिलहाल तो हमारी सरकार के समाने प्राथमिकता इस बात की है कि जम्मू कश्मीर में जो मुट्ठीभर आतंकवादी अभी भी छिपे हुए हैं। उन्हें चुन-चुन कर जहन्नुम रसीद किया जाये और इन आतंकवादियों के मददगारों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही की जाये। भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवानों ने जम्मू कश्मीर में सर्चिंग तेज कर दी है और कई स्थानों पर छुपे आतंकवादियों को घेर लिया गया है। एक आतंकवादी तो मारा भी गया है। वहीं दो आतंकवादियों के घरों को खंडर के रूप में तब्दील कर दिया गया है। आतंकवादियों के मददगार के रूप में चिन्हित किये गये लगभग डेढ़ सौ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। जिनसे अन्य आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगने की उम्मीद है। भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को आतंकवादियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए फ्री हैंड कर दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बहुत जल्द जम्मू कश्मीर में बचे हुए मुट्ठीभर आतंकवादी मार गिराये जाएंगे। इस बार आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही का जम्मू कश्मीर के स्थानीय लोगों ने भी समर्थन किया है वे भी चाह रहे हैं कि जम्मू कश्मीर से आतंवादियों का नामों निशान मिटा दिया जाये। यह पहली बार देखा जा रहा है कि जम्मू कश्मीर के लोगों में आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश गहराता जा रहा है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। क्योंकि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों की जघन्य हत्या कर जम्मू कश्मीर के लोगों के पेट में भी लात मारी है। पहलगाम की घटना के बाद जम्मू कश्मीर से सभी पर्यटक वापस लौट गये हैं और निकट भविष्य में तो उनके जम्मू कश्मीर जाने की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में जम्मू के लोगों की रोजी रोटी का सवाल खड़ा हो जाएगा क्योंकि वहां स्थानीय लोगों की आय का साधन पर्यटक ही है। यदि उन्होंने जम्मू कश्मीर से किनारा कर लिया तो वहां के लाखों लोगों का रोजगार और उद्योग धंधे ठप हो जाएंगे। यही वजह है कि आतंकवादियों के खिलाफ जम्मू कश्मीर के लोग भी एकजुट हो गये हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि आतंकवाद के खिलाफ कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत एक हो गया है। अब बस इंतजार इस बात है कि भारत सरकार कब आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करती है।

पाकिस्तान की भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती

संजीव ठाकुर

ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी।

भयानक खामीयाजा भुगतेगा पाकिस्तान

पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आंतकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका,रूस,इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है। ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर

दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80त्न जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए।

समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही

'बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर'

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1755 में रूस की पहली यूनिवर्सिटी राजधानी मॉस्को में खोली गई थी। 1828 में 26 अप्रैल के दिन यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। 1903 में गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की थी। 1920 में आज ही के दिन महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन हो गया था। 1959 में क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया था। 1962 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। 1974 में माल्टा ने संविधान अंगीकार किया था। 1975 में आज ही के दिन अपनी खूबसूरती के लिए पहचान बनाने वाला सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना था। 1980 में आज ही के दिन स्थितीय खगोल विज्ञान केंद्र में स्थापित किया गया। 1990 में आज ही के दिन वीआरपी मेनन ने लगातार 463 घंटे डिस्को डांस कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 1993 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बोइंग-737 विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से तकरीबन 60 लोग मारे गए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शिक्षा की आधार

शिक्षा की आधार शिला समेटे अपने में सम्पूर्ण ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान, कला, हमारी धरोहर, इतिहास! यह केवल पुस्तक नहीं है। यह जीवन है, जो जोड़ती है हमें ज्ञान के अथाह सागर से जो देती है हमें सम्पूर्णता! पुस्तक सिखाती है जीवन जीना उस सम्मान के साथ जो शायद शिक्षा के बिना अधूरी है। - **सपना परिहार**

अनबन नहीं है

अ न ब न नहीं है ...अनबन हमें नहीं है ,फिर भी दूर रहते हैं विचार अलग हैं ख्यालात अलग हैं सपने भी अलग हैं खवासें भी अलग है ओ दोस्त हैं पर अलग हैं राहें अलग हैं मंजिल अलग है असल में अपने अपने अंदाज अलग हैं असल में दोस्त हैं पर अलग हैं यही तो जीने का अलग ढंग है। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

खास पाती

मारा है निर्दोष को,कायर करते

मारा है निर्दोष को,कायर करते काम। सेना से कर सामना,मुंह में लगे लगाम।। मिर्ची बिल में डालकर , बाहर निकालो सांप। आस्तीन कुछ छिपे हुए ,पहचानो अब आप।। लातों वाले भूत ये ,हिंसा है खिलवाड़। आदमियत को बेच कर,लेते धर्म की आड़।। ढूंढ ढूंढ कर भूनना,पब्लिक में तत्काल। सांप उठाए फन तभी , कुचलो इनकी चाल।। - **ज्योत्सना सक्सेना**

हिन्दू क्या करेंगे कुछ लोग सरकार

हिन्दू क्या करेंगे कुछ लोग सरकार को कोसेंगे कुछ लोग निंदा करेंगे कुछ हिन्दू सेक्युलर अपनी भाईचारे वाली पोस्ट चेपेंगे और उसके बाद कार्यवाही होगा तो मानवअधिकार वाले हिन्दू जग जाएगे फिर मिलार्ड तो बैठे है संज्ञान लेने कुल जमा कालिदास की तरह अपने डंगल काटेंगे बाकी बचे शुतुरमुर्ग बने रहेंगे इतने के बाद देश के 50त्न लोगो को या तो पता नहीं क्या हुवा है या जानना नहीं चाहते। - **अंबर दानी**

सदियों से हम देखते आ रहे है, सदियों से

सदियों से हम देखते आ रहे है , सदियों से हम सुनते आ रहे है! कि धर्म और जातिवाद की आड़ में लोग, एक दुसरे को दबाते आ रहे है , एक दुसरे को कुचलते आ रहे है एक दुसरे को मारते आ रहे है! दरअसल हम सदियों से गलत देखते और सुनते आ रहे है! वास्तविकता में तो सदियों से लोग एक दुसरे को नहीं बल्कि इंसानियत को मारते आ रहे है इंसानियत को रौंदते आ रहे है !

- **रूबी प्रसाद**

हो रहा जो रक्त पात, कोने कोन

हो रहा जो रक्त पात, कोने कोने दिन रात अस्मिता है आन पर, समाधान कीजिए।। पुकारती है भारती, बन खड़े हों सारथी कुरुक्षेत्र सजा हुआ, बजा बिगुल दीजिए।। उजड़े कई सुहाग, छोड़िए ये प्रेम राग पार्थ आज है विकल, आप जरा भीजिए।। हो रहे हैं जो उदण्ड, दीजिए जी उन्हें दण्ड रूप आज तो प्रचण्ड, अपना ही लीजिए।। - **रजनी रामदेव**

हम बार बार ही कहते हैं सहने की सीमा ह

हम बार बार ही कहते हैं सहने की सीमा होती है। जग हंसता दुश्मन हंसता कहने की सीमा होती है। सागर कोई सीमाओं के बंधन में बंधा नहीं करते अन्याय बढ़ा तो क्रोध बढ़ा फिर गांव शहर डूबा करते। धैर्य सीमाओं में हमको कब तक बंध कर रहना होगा कितना जुल्म, हिंदू बहनों को और यहां पर सहना होगा। मां की दर्द भरी आवाजें क्या नहीं सुनाई देती हैं सनीं खून से लतपथ लाशें क्या नहीं दिखाई देती हैं। कल ही तो मेरी बहना ने हांथ रचाए थे मेहंदी से सोलह श्रृंगार किए कल ही अब टूटे कंगन रोते हैं। इस चीत्कार को सुन कर के फट जाए पत्थर की छाती पर जला रहा आतंकवाद तो रक्त बहा कर के बाती। इसलिए निवेदन संसद से अब तो एक घोषणा कर दो कटर बमों के साथ रोटियां कुत्तों को खाने को रख दो। **-कवि अजय कुमार सिंह भदौरिया**

पूछ पूछ कर धर्म को, मार रहे शैतान

पूछ पूछ कर धर्म को, मार रहे शैतान। ऊँच नीच क्या जातियाँ, चेतो अब नादान। चेतो अब नादान, स्वार्थ तज हिन्दू जागो। अगड़ा पिछड़ा छोड़, द्वेष फैले वह त्यागो।अपना भारत देश, समझ लो कूट मर्म को। वरना बेड़ा गर्क, पकड़ लो देश धर्म को।

- **हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' शर्मा**

खंड (1) राष्ट्र की बात

विजय कुमार गुप्ता

वक्त डगर से

आलू सोना खूब बनाए, मोड़ पड़ाव उमर से
लेने के देने पड़ते, कठिन काल के बसर से
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन वक्त डगर की कलम से।
सहनशक्ति कम दिखे, काज की चिंता ध्यान
खुद की ही पसंद चले, पूरे करते हैं अरमान
उन्मुक्त हो गई दुनिया, अन्य विचार लहर से
कुछ नई सीख ललक, गायब मिले अधर से
देश-भक्ति गीतों का, मिले जज्बा जिगर से।
व्यवहार परिपालन, वक्त डगर की कलम से।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) भारतीय रेल का सबसे नया क्षेत्र कौन-सा है?

2) सम्राट अशोक की वह पत्नी कौन थी जिसने उसको प्रभावित किया था?

3) दीवान-ए-अमीर-कोही नामक एक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा शुरू किया गया था?

4) राजस्थान का हृदय किसे कहा जाता है?

5) गणित के लिए एबेल पुरस्कार 2025 में किसको दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दक्षिण तट रेलवे जोन, विशाखापत्तनम (2) करूवाकी (3) मुहम्मद बिन तुगलक (4) अजमेर और नागौर (5) मासाकी काशीवारा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:58, सूर्यास्त : 18:52, चन्द्रोदय : 28:26, चन्द्रास्त : 16:21, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त), युगाब्द (कलि संवत): 5127, मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, योग : वैधृति, प्रथम करण : तैतिल (11:44 तक), द्वितीय करण : गर (22:09 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व , मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त :11:59 से 12:51, अमृत काल : 26:08+ से 27:35+, विजय मुहूर्त : 14:34 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:13, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:58, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:47+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:29+ से 29:14+, राहुकाल : 09:00 से 10:30, गुलिक काल : 07:35 से 09:12, यमगण्ड : 15:38 से 17:15, दुर्मुहूर्त : 08:33 से 09:24, वर्ज्य : 17:31 से 18:57, पञ्चक : अहोरात्रि, विडाल योग : 08:53 से 29:57+, होमाहुति : केतु।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में सौम्यता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं।

वृष : आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको कोई पुरानी समस्या के बढ़ने से आपको डॉक्टर के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी किसी गलती को छुपाने के लिए कार्यक्षेत्र में कोई झूठ बोल सकते हैं, जो आपके सामने आ सकता है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप कोई कदम बहुत ही सोच समझकर उठाएं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप किसी नए घर आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

कन्याः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका डूबा धन आपको मिल सकता।

वृश्चिकः आज आपको कोई निर्णय बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। धार्मिक कामों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ समय कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आज आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा न बोले।

मीनः आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहने वाला है।

न्यूज गैलरी

बदमाश एक साल के लिए जिला बदर

दुर्ग। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक गतिविधियों में शामिल विक्की चंद्राकर को एक साल की अवधि तक जिला बदर करने के आदेश दिये हैं। जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण और प्रवृत्ति पर नियंत्रण करने और आम जनता में अमन-चैन और कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये विक्की चंद्राकर पिता बसंत चंद्राकर निवासी ग्राम कोनारी थाना पुलगांव, तहसील व जिला दुर्ग और उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर और धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 17 अप्रैल से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक इन जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना विक्की चंद्राकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी विक्की चंद्राकर थाना पुलगांव दुर्ग का आदतन अपराधी है। थाना पुलगांव में उसके विरुद्ध अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 6 प्रकरण दर्ज है।

भीषण गर्मी: 15 जून तक बंद रहेंगे सड़क सीमेंटीकरण के काम

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई में 15 जून तक सड़क सीमेंटीकरण के कार्य बंद रहेंगे। भीषण गर्मी के कारण पानी की समस्या हो रही है। सीसी रोड बनाते समय पानी से तराई करना बेहद जरूरी है। पानी से तराई न होने पर रोड में मजबूती से नहीं बन पाते हैं। नगर निगम भिलाई के सभागार में आज आयुक्त राजीव पाण्डेय, चीफ इंजीनियर भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डीके वर्मा सहित सभी जोन आयुक्त और अधिकारियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। अफसरों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निर्माणकर्ता एजेंसियों द्वारा पानी की तराई न करने का पता चला। इसके कारण रोड में दरारें पड़ रही है।

सड़क किनारे खड़े कंडम वाहन नहीं हटाने पर दर्ज होगा अपराध

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। आज नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नेशनल हाईवे व सर्विस रोड घेरकर रखी गई पुरानी गाड़ियों को हटाने के लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारियों और यातायात विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने संयुक्त अभियान चलाया। नेहरू नगर चौक से शुरू अभियान खुर्सीपार तक चला। इस दौरान कंडम हाल में रखे पुराने वाहनों पर नोटिस चस्पा किया गया। इस दौरान सड़क पर अच्छी कंडीशन के 20 से ज्यादा वाहनों का चालान काटा गया और कोर्ट में पेश किया गया। इन वाहनों के कारण सड़क जाम की स्थिति होने पर यह कार्रवाई की गई। पांच वाहन मालिकों से फाईन वसूल किया गया। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, यातायात विभाग से एएसपी ऋचा मिश्रा, एसआई यशवंत राठौर, एएसआई राजकुमार दुबे, आरक्षक रूपेश ठाकुर, विजय शर्मा, आशीष शुक्ला अभियान के दौरान टीम में मौजूद रहे। पुरानी मोटर साईकल, स्कूटर, कार, जीप, आटो, टेम्पो, मिनी बस, मेटाडोर इत्यादि को सड़कों पर खड़ा करने से आवागमन बाधित हो रहा था। वर्षों से खड़ी वाहनों को हटाया नहीं जा रही है। ऐसे सभी वाहनों पर नोटिस चस्पा किया गया। सभी वाहन मालिकों को 24 घंटे का समय दिया गया है। वाहनों को न हटाने पर यातायात विभाग द्वारा सभी वाहनों को जप्त कर नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। पावर हाउस मार्केट के पास बने डोम शेड में कबाड़ की गाड़ी व कबाड़ी का समान रखे गए थे, जिसे तत्काल हटाने का नोटिस दिया गया। जीई रोड और सर्विस रोड मिलाकर 450 से अधिक पुरानी कंडम गाडियां सड़कों पर खड़ी है। पुराने वाहन की खरीदी बिक्री करने वाली एजेंसियों पर भी कार्यवाही होगी। इस दौरान जोन राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, शरद दुबे, बालकृष्ण नायडू, प्रसन्न तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे मौजूद रहे।

निर्दोष नागरिकों की हत्या पर आतंकवाद और पाकिस्तान के विरोध में नारे लगे

जुमे की नमाज के बाद आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने पर कड़ा विरोध जताते हुए आज दुर्ग मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज के बाद पुराना बस स्टैंड से कलेक्टोरेट तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर कड़ा विरोध जताया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि यह हमला इंसानियत पर हमला है। दहशतगर्दों ने देश की शांति और एकता पर भी हमला किया है। निर्दोष नागरिकों को मारने वाले लोग इंसान नहीं हो सकते। कोई भी धर्म बेगुनाहों को मारने वालों को माफ नहीं कर सकता। प्रदर्शन के बाद मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर पाकिस्तान के कायराना हमले का कड़ा जवाब देने की मांग की। हमले में शामिल सभी आतंकवादियों को मौत की सजा देने की मांग की गई है। प्रदर्शन के दौरान जामा मस्जिद के सदर रिजवान खान, तकिया पारा मस्जिद सदर शरीफ खान, तितुरडीह मस्जिद के सदर आरिफ खान, रायपुर नाका मस्जिद के सदर जमाल खान, अय्यूब खान, नासिर खोखर, कय्यूम चौहान, आसिफ खान, हमीद खोखर, जाकिर खोखर, रऊफ खान, अमीर तिगाला, शेख शकील, आरिफ तिगाला, हाजी हबीब, साबिर गहलोत, जाकिर सिद्दीकी, मोहसिन खान, रजा गहलोत, सरवर चौहान, शमीम पवार, सुल्तान मिर्ज़ा, एमआई फिरोजी, अहमद खान, अबरार पवार सहित मुस्लिम समाज के अन्य शामिल थे।

भिलाई की मस्जिदों में इमामों ने की दहशतगर्दी की निंदा

भिलाई की सभी मस्जिदों में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरुद्ध एकजुटता और भाईचारे की अपील की गई। शुक्रवार की दोपहर जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में इमामों ने अपनी तकरीर में दहशतगर्दी की निंदा करते हुए मुल्क में अमन व भाईचारा कायम रखने की दुआएं की। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम-खतीब मौलाना इकबाल अंजुम हैदर ने कहा कि यह हमला सीधे-सीधे इंसानियत के खिलाफ जंग है। इसके जिम्मेदार लोगों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। इस मुश्किल दौर में हम सब एकजुट रहें। जुमे की नमाज के मौके पर शहर की तमाम मस्जिदों में दहशतगर्दी के खिलाफ अमन के लिए दुआओं में हाथ उठे। शहर की हुडको, रूआबांधा, रिसाली, खुर्सीपार, कैंप-1, कैंप-2, सुपेला, हाउसिंग बोर्ड, कोहका, अयप्पा नगर और शांति नगर सहित तमाम मस्जिदों में मुल्क में अमन कायम रखने और आपसी भाईचारा की दुआएं की गईं।

ट्रेनी डीएसपी आकर्षि ने स्कूली बच्चों को दी बेसिक पुलिसिंग की जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने आज अंडा पुलिस थाना पहुंचे श्री हरिकृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों को बेसिक व कम्युनिटी पुलिसिंग की जानकारी दी। पुलिस की कार्यशैली के बारे में बच्चों को बताया गया। पुलिस थाना के शैक्षणिक भ्रमण में 100 से अधिक स्कूली बच्चे शामिल हुए।

आकर्षि कश्यप ने स्कूली बच्चों के पुलिस थाना शैक्षणिक भ्रमण को रोचक बनाने खेल-खेल में पुलिस की गतिविधियों को बच्चों के साथ साझा किया। स्कूली बच्चों को पुलिस के हेल्पलाईन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के बच्चों को खेल-खेल में रोचक कहानियों के माध्यम से सारी जानकारी दी गई। बच्चों ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से सवाल-जवाब भी किये।

सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए यातायात संकेतों और नियमों के महत्व के साथ ही सीट बेल्ट लगाने की जानकारी दी गई। गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए बच्चों को बताया गया कि अगर कोई उन्हें असहज महसूस कराए, तो फौरन अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को इसकी जानकारी दें।

बच्चों को समझाया गया कि पुलिस कैसे अपराधियों को पकड़ती है और लोगों की कैसे मदद करती है। उन्होंने बताया कि पुलिस का काम केवल अपराध रोकना नहीं है, बल्कि लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना भी है। बच्चों को पुलिस की वर्दी, उपकरण और वाहनों की भी जानकारी दी गई। इस दौरान श्री हरिकृष्णा पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाएं और अंडा पुलिस स्टॉफ भी मौजूद रहे।

जनस्वास्थ्य विभाग ने 24 घंटे में बनाए 100 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसपी नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 में जन्म मृत्यु अनुभाग के कर्मियों ने 24 घंटे में कुल 100 जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर रिकॉर्ड बनाया है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिये मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने जन्म मृत्यु कार्यालय व पीएचडी विभाग के कार्मिकों को बधाई दी व उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कार्मिकों को जन्म/मृत्यु को दर्ज करने की त्वरित कार्यवाही करते हुए भविष्य में भी इसी गति से कार्य करने और समय पर प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रेरित किया। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र से जन्म और मृत्यु के प्राप्त रिकॉर्ड के आधार पर जन स्वास्थ्य विभाग के जन्म मृत्यु अनुभाग द्वारा साल भर में लगभग 2000 जन्म प्रमाण पत्र और लगभग 1500 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाते है। पीएचडी कार्यालय द्वारा निःशुल्क प्रमाण पत्र बनाया जाता है। इसके पूर्व कोरोना काल के दौरान 24 घंटे में कुल 83 प्रमाण पत्र बनाने का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) केके यादव ने सभी कार्मिकों को 24 घंटे में 100 प्रमाणपत्र जारी करने पर बधाई दी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दूसरे जिलों या प्रदेश से आने वाले व्यक्तियों के दस्तावेज पर्याप्त और सही होने पर उसी दिन कार्यालयीन अवधि में प्रमाण पत्र जारी करने का प्रयास करें। उन्होंने लोगों से व्यवहार संयमित रखने और व्यवहार कुशल रहने के साथ ही किसी प्रकार का बैकलाग न होने देने के निर्देश भी दिया। इस दौरान उप प्रबंधक मिलिंद बंसोड व सहायक प्रबंधक मुकुंद दास मानिकपुरी भी उपस्थित थे।

कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजा राम रामटेके, एमटीआर (एसएंडए विभाग), रीना जॉन, एमटीआर (पैथोलॉजी)और स्टाफ नर्स अंशु अनुपमा जोसफको कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ मनीषा कांगो व डॉ नीली एस कूजूर, वरिष्ठ सलाहकार डॉ आकांक्षा शर्मा, सहायक महाप्रबंधक बीआर ढोके, सहायक प्रबंधक अनुजा सक्सेना, सहायक प्रबंधक (एचआर) शीबा थॉमस सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

दीपक भाई सोलंकी के निधन के बाद परिवारजनों ने किया देहदान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर निवासी युवा कॉन्ट्रेक्टर दीपक भाई सोलंकी (45 वर्ष) का निधन हो गया। सोलंकी परिवार द्वारा उनके नेत्रदान और देहदान किया गया। दीपक भाई सोलंकी की पत्नी शालिनी सोलंकी, पुत्री दीप्ती, रिया व पलक, बहन आशा बेन लोचन भाई गोहिल की सहमति के बाद नेत्रदान और देहदान सम्पन्न किया गया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर और नेत्र सहायक विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की अंजलि वंजारा के निर्देश पर संदीप रिशबुड और हंसराज ने देहदान प्रक्रिया पूरी की। निधन के बाद सोलंकी परिवार के करीबी कानजी भाई ने सोलंकी परिवार के सदस्यों को नेत्रदान व देहदान का सुझाव दिया, जिस पर सोलंकी परिवार ने सहमति देते हुए समाज को सन्देश दिया। इस मौके पर नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, मंगल अग्रवाल, हरमन दुलई, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, राजेश पारख, पीयूष मालवीय, दीपक बंसल, विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, जितेंद्र कारिया ने श्रद्धांजलि दी।

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

प्र.क्र. 202504103500005 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक हेमंत कुमार अग्रवाल पिता- श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल उम्र-47 वर्ष निवासी-खण्डेलवाल कालोनी, दुर्ग तह. दुर्ग जिला-दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 15 भूखण्ड क्रमांक 6/11 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट भूमि सुशील कुमार बरडिया आ. मेघराज बरडिया के नाम पर पट्टा जारी किया गया है जिसका नवीनीकरण वर्ष 31/3/2025 तक वैध है। उक्त भूमि के भाग 1200व.फु भूमि को आवेदक ने अपने नाम पर दिनांक 6/5/2003 को पंजीयन करा लिया है तब से भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज होने से नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000076 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार साहू पिता स्व. नारायण पता ग्राम धनोरा तहसील व जिला - दुर्ग के द्वारा मौजा- धनोरा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उत्तई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 512 रकबा 0.0800 हे. भूमि पिता नारायण पिता झाडू के नाम से राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। नारायण पिता झाडू की मृत्यु दिनांक 28/02/2025 को हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान नंद किशोर साहू उम्र-42 वर्ष (पुत्र), दिलीप कुमार साहू उम्र 37 वर्ष (पुत्र), सेज कुमारी साहू उम्र 41 वर्ष (पुत्री), श्रीमती रेणुका बाई साहू उम्र 60 वर्ष (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504104700046 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश यादव पिता स्व. जागेश्वर यादव निवासी- जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा भटगावं प.ह.नं. 09 रा.नि.म.- दुर्ग-01 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर- 103/3, 106/3, 377/3, रकबा कमशः - 1600, 0.0700, 0.0800 हे0 भूमि जो कि आवेदक की माता श्रीमती तीजन बाई पति- स्व0 जागेश्वर के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व0 श्रीमती तीजन बाई का स्वर्गवास दिनांक 06/11/2019 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर शेष खातेदारों / वारसिानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

आवेदक कुमार किसन नरेश (KUMAR KISAN NARESH) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) निवासी- ग्राम-बासीन, थाना व पोस्ट-करंजा भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.), वर्तमान पता-साई निवास रोड, भाठापारा, जंजगिरी, चरोदा, बी.एम. वाय जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरी जन्मतिथि 08.10.1997 है। मेरा नाम एल.आई.सी. बॉण्ड में त्रुटिवश किसन कुमार साहू (KISAN KUMAR SAHU) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) दर्ज हो गया है तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम कुमार किसन नरेश (KUMAR KISAN NARESH) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) दर्ज है। मैंने अपने एल.आई.सी. बॉण्ड में दर्ज नाम किसन कुमार साहू (KISAN KUMAR SAHU) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) त्याग कर नया नाम कुमार किसन नरेश (KUMAR KISAN NARESH)आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) रख लिया है। यह कि किसन कुमार साहू (KISAN KUMAR SAHU) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) तथा कुमार किसन नरेश (KUMAR KISAN NARESH) आ. नरेश कुमार साहू (NARESH KUMAR SAHU) ये दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा नाम है। मैं अपने आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेज, बीमा संबंधी दस्तावेज, मार्कशीट, जन्मप्रमाण पत्र शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में परिवर्तित नाम की भिन्नता को दूर करने के व एक ही नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा एवं पुकारा जाने के लिये अपना परिवर्तित नये नाम का शासकीय राजपत्र के प्रकाशन में किये जाने बाबत् यह सक्षम अधिकारी द्वारा मांग पर सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — कुमार किसन नरेश

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिखा पति राजेश बोहरा उम्र 51 वर्ष निवासी एम.आई.जी. सी-490 पी.सी.सी मिनी स्टेडियम के पास पद्मनाभपुर दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया शिखा बोहरा पति राजेश बोहरा रख ली हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम शिखा बोहरा पति राजेश बोहरा से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ती
शिखा बोहरा
पति राजेश बोहरा
निवासी एम.आई.जी. सी-490
पी.सी.सी मिनी स्टेडियम के पास
पद्मनाभपुर दुर्ग जिला दुर्ग
(छत्तीसगढ़) 491001ह्य

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल प्रसाद साहू पिता स्व. साधुराम साहू निवासी सिकोलाभाठा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा राजबती साहू पिता/पति साधुराम साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 23.02.2023 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.05.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504103300020 /अ-27/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202504103300020/ अ-74 वर्ष 2025- आवेदक विनोद कुमार दिल्लीवार पिता महेश कुमार दिल्लीवार, निवासी ग्राम खुरखुल, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम खुरसुल प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 432/1 रकबा 0.08 हे0 भूमि जो कि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋष्टा पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋष्टा पुस्तिका प्रदाय करने हेतु चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम सजल कुमार सोनी — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400195/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सजल कुमार सोनी आ. श्री दशरथ लाल सोनी निवासी पंडरिया कवर्धा तह.व जिला कबीरधाम द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	627/15	0.0180 हें 2015 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2024-25

एदत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पुरनलाल साहू पिता पुसउराम साहू साकिन ग्राम जमराव प.ह.न. तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि अपने स्व. मां छोटीबाई पति पुसउराम का मृत्यु 12.12.2024 को ग्राम जमराव प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने का कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः पुरनलाल साहू पिता पुसउराम साकिन ग्राम जमराव तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 28.03.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र. 202504104100028 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इरेन्द्र कुमार आ. स्व. राजूलाल यादव निवासी ग्राम नगपुरा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. दुर्ग 2 स्थित भूमि ख.नं. 122 रकबा 0.1800 हे. कृषि भूमि आवेदक का नाम हरेन्द्र कुमार ना.बा. राजूलाल पालक पिता राजूलाल आ. रामदयाल राजस्व अभिलेख में दर्ज है। ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम त्रुटिवश हरेन्द्र कुमार पिता राजूलाल यादव दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर दर्ज अंकित नाम हरेन्द्र कुमार ना.बा. राजूलाल के स्थान पर आवेदक का नाम इरेन्द्र कुमार ना. बा. आ. स्व. राजूलाल यादव दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 08.05.2025 तक स्वंय अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम जरवाय प.ह.न. 10 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई-03 जिला दुर्ग को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मंजुला साहू पति संतोष साहू निवासी ग्राम मोहंदी तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अपने माता दुरपती साहू का मृत्यु दिनांक 01.10.1990 को हुआ है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति नियत पेशी दिनांक 01.05.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया है।

मुहर — तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गुलशन बानो पिता/पति स्व. रहीमउद्दीन निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा फिरदोस बानो पिता/पति रहीमउद्दीन की जन्म/मृत्यु दिनांक 20.01.1997 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15.05.2025 तक स्वयं अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202504100900072 /ब-121/वर्ष 2024-25

एदत द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक जोहन पिता रामप्रसाद निवासी ग्राम सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक जोहन पिता रामप्रसाद के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 450 रकबा क्रमशः 0.11 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक जोहन पिता रामप्रसाद निवासी ग्राम सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय ऋष्टा पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 08.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.04.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.27/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक सुनील कुमार एस.एस.आ. स्व. के श्रीधरन पिल्ले निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी.-1/778 रकबा 150 वर्गमीटर भूमि धारकगण सुशीला श्रीधरन पति स्व. के.श्रीधरन पिल्ले, सुनिल कुमार एस.एस.आ. स्व. के.श्रीधरन पिल्ले, शीला राधाकृष्णन, श्रीजा अनिल कुमार, सुशीला श्रीधरन सिंह पिस. स्व. के. श्रीधरन निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक शीला राधाकृष्णन, श्रीजा अनिल कुमार, सुशीला श्रीधरन सिंधु पिस. स्व. के. श्रीधरन द्वारा उक्त भूखंड का दु0 90 वर्गमीटर भूखण्ड आवेदक / सहधारक सुशीला श्रीधरन पति स्व. के. श्रीधरन पिल्ले, सुनिल कुमार एस.एस.आ. स्व. के. श्रीधरन पिल्ले के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 08.04.2025 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से सहधारक / हक त्यागकर्ता का नाम विलोपित कर हक प्राप्तकर्तागण का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.21/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक सोमनाथ बैनर्जी आ. स्व. सुनील कुमार बंदोपाध्याय निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एम.आई.जी.2/382 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूमि धारक एस.के. बंदोपाध्याय आ.रामगोपाल बंदोपाध्याय आमदी नगर हुडको के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 17.11.2024 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती मंजू श्री बैनर्जी, पुत्र सोमनाथ, पुत्री मीता है, इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

प्र.क्र. 202504103500004 /अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक हरिश्चंद अग्रवाल पिता श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल उम्र-47 वर्ष निवासी-खण्डेलवाल कालोनी, दुर्ग तह. दुर्ग जिला-दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 15 भूखण्ड क्रमांक 6/11 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट भूमि सुशील कुमार बरडिया आ. मेघराज बरडिया के नाम पर पट्टा जारी किया गया है जिसका नवीनीकरण वर्ष 31/3/2025 तक वैध है। उक्त भूमि के भाग 1200 व.फु को आवेदक ने अपने नाम पर दिनांक 6/5/2003 को पंजीयन करा लिया है तब से भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज होने से नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज़ गैलरी

एबीवीपी ने किया आतंकवाद का पुतला दहन

भाटापारा/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में बेगुनाह हिन्दू पर्यटकों की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई द्वारा नगर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एबीवीपी नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, एबीवीपी नगर मंत्री राजीव मिर्झा सहित परिषद के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा जब तक भारत की युवा शक्ति जागृत है, आतंकवाद की कोई साजिश सफल नहीं होगी। कश्मीर हो या कन्याकुमारी ङ्क भारत की हर ज़मीन पर देशभक्ति की लौ जलती रहेगी। अभाविप नगर मंत्री ने कहा : भारत की धरती पर ऐसे कायरतापूर्ण हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएँगे। अब समय आ गया है जब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक एवं कठोरतम कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम का समापन शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया।

सुशासन तिहार के आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण हो निराकरण: सीईओ

कवर्धा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के पहले चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्ता के साथ करते हुए आवेदनों पर की गई कार्यवाही की सूचना संबंधित को दिए जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत श्री अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी जनपद पंचायत को दिए गए। सीईओ जिला पंचायत श्री त्रिपाठी ने ऑनलाइन वर्चुअल बैठक के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत अपने-अपने जनपद पंचायतो से ऑनलाइन जुड़े रहे। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत 23387 जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत 18548 जनपद पंचायत पड़रिया अंतर्गत 16297 एवं जनपद पंचायत स लोहारा अंतर्गत 12318 सहित कुल 70550 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में निर्माण कार्य से संबंधित मांग एवं शिकायत आवेदन सम्मिलित है। सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करते हुए शिकायत आवेदनों पर नियमानुसार जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश वर्चुअल बैठक में दिए गए।

नवागढ़ से मदकूदीप तक चरणपादुका यात्रा आज

मंदिर निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी होगा

श्रद्धालु माँ महामाया मंदिर से चांदी की चरणपादुका लेकर होंगे रवाना

नवागढ़/नवप्रदेश। क्षेत्रीय आस्था और संस्कृति के केंद्र बिंदु अद्भुत श्री गणेश धाम, मदकूदीप में आज मंदिर निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस पावन अवसर पर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा की लहर पूरे क्षेत्र में छाई हुई है। कार्यक्रम का आयोजन संत रामरूपदास महात्यागी महाराज की प्रेरणा और सान्निध्य में सम्पन्न होगा।

इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए माँ महामाया मंदिर, नवागढ़ से श्रद्धालु चांदी की चरणपादुका लेकर मदकूदीप तक यात्रा करेंगे। यह चरणपादुका न केवल देवी माँ के प्रति गहरी श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि यह यात्रा नवागढ़ की धार्मिक एकता और संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति भी है।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में यात्रा की रूपरेखा तय की गई, जिसमें समिति के पदाधिकारियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

यात्रा का शुभारंभ आज प्रातः 9 बजे महामाया मंदिर से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। चरणपादुका यात्रा का आयोजन श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति, नवागढ़ के तत्वावधान में हो रहा है।

पर्यटन समिति के अध्यक्ष विकास धर दीवान ने समस्त नवागढ़वासियों से इस आयोजन में परिवार सहित उपस्थित होकर धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का यह पर्व मनाने की अपील की है।

बैठक में प्रवीण दत्त दुबे, रामनारायण पाठक, मिंटू बिसेन, राजेश दीवान, सौरभ ताम्रकार, रोशन धर दीवान, रमेश चौहान, के.के. मिश्रा, गुनी रजक, रामनाथ योगी, जितेन्द्र नाथ योगी, शिव दीवान, बिहारी श्रीवास्तव, फेकू देवांगन, पुनीत सिन्हा, मिथलेश सोनकर, भागवत सोनकर, जित्ते रजक, नरेश साहू, राजा सोनकर, तनु दीवान, कोशन कुम्भकार सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव : अभिमन्यु मिश्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव पूर्णतः अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुका है स्टाफकी कमी के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं में भी भारी कमी है साथ ही भोजन व्यवस्था में भी ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है जनता की शिकायत है कि वहां डॉक्टर नहीं हैं और जो हैं भी वो अपने क्लीनिक में ज्यादा व्यस्त रहते हैं इक्का दुक्का डॉक्टर हैं जो अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं रेडियोलॉजिस्ट एक ही है साथ ही मरीजों व परिजनों से स्टाफके दुर्व्यवहार की शिकायतें भी आ रही हैं इन सब के बीच स्वस्थ मंत्री राजनांदगांव आकर अपनी पीठ थपथपाते जरूर हैं लेकिन जमीनी हकीकत की जानकारी उन्हें नहीं है, जो पैसा आता है वह बाउंड्री वाल प्रतीक्षालय इत्यादि में लग जाता है जबकि सीटी स्कैन एम आर आई जैसी सुविधाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है, ऐसे रेफर सिंडिकेट के चलने की बात भी आ रही है ।

101 दुकानों पर ताला और व्यवस्था पर सवाल: छुरिया में जनता की हक की दुकानें, सत्ता की सौदेबाज़ी में बंद!

छुरिया/नवप्रदेश। बंजारी रोड पर जनता के हक़ की 101 दुकानें वर्षों से सरकारी ताले में कैद हैं—ना प्रशासन को फुर्सत है, ना राजनीति को ज़रूरत महसूस होती है कि इन दुकानों के पीछे कितने घरों के चूल्हे ठंडे पड़े हैं। मुख्यमंत्री स्वलंबन योजना के अंतर्गत इन दुकानों का निर्माण उन छोटे दुकानदारों के लिए हुआ था, जो सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ गए। मगर सत्ता के गलियारों में ÷प्रभावित÷ की परिभाषा बदल दी गई—और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व पीआईसी ने दबंगों को दुकानें देने का खेल खेला था मगर न्यालय के आदेश से उनका सपना अधूरा रहा, असली हकदार आज भी ठेले पर बैठकर गुजर-बसर कर रहे हैं।

जब न्यायालय ने आवाज़ दी, तो अफ़सरशाही ने कान बंद कर लिए : न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया था कि जब तक मूल प्रभावितों को दुकानें नहीं मिलतीं, तब तक स्टेटस को यानी यथास्थिति बनी रहे। लेकिन प्रशासन ने इस आदेश की आड़ में जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। न आबंटन की प्रक्रिया दोबारा शुरू हुई, न किसी ने गंभीरता दिखाई। कोर्ट का आदेश 'स्टे' नहीं था—ये व्यवस्था की ईमानदारी की परीक्षा थी, जिसमें प्रशासन और राजनीति दोनों फेल हो गए।

व्यापार का गणित, जनता की ज़रूरत पर भारी: डोगरगांव रोड के व्यापारी नहीं चाहते कि बंजारी रोड पर दुकानें खुलें। वजह साफ़है—प्रतिस्पर्धा का डर। इसी डर के चलते पहले कृषि मंडी बंद कराई गई थी। लेकिन तब एक जनप्रतिनिधि ने मोर्चा लिया और न्यायालय में मुक़ाबला कर मंडी का संचालन फिर से शुरू कराया। आज वही इच्छाशक्ति अगर प्रशासन और नेता दिखाएं तो 101 दुकानों का ताला खुल सकता है।

प्रश्न ये है कि जनता कब तक कोर्ट और किस्मत के भरोसे जिएगी? : छुरिया की सड़कें जाम हैं, फुटपाथों पर रोज़गार पसरा है, और 101 दुकानें सरकारी ताले में हैं। क्या यही विकास है? क्या योजनाएं सिर्फ़ पोस्टर और भाषणों के लिए बनती हैं? या फिर आम आदमी का हिस्सा सिर्फ़ इंतज़ार करना और पीड़ा सहना ही लिखा गया है?

अब सवाल जनता का है, और जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। क्योंकि जब सरकारी ताले में हक़ बंद हो और अफ़सरशाही चाबी गुम कर दे, तो लोकतंत्र की आत्मा पर सवाल उठना लाज़मी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल प्राभवितो को हक दिलाने कर रहे है पहल : सूत्रो से जानकारी है नगर मे काग्रेंस शासनकाल से बंद पड़े दूकानो का ताला खुलवाने नगर पंचायत के वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल लगे हुए है नगर के वरिष्टजनो का माने तो पूर्व मे नगर पंचायत के जवाबदार जनप्रतिधीयो ने जिस तरह से दूकान आबटन मे गड़बड़ी का मामला हो या पेय जल का सफाई का मामला हो या गुणवन्ताहिन खुटा छुरिया बाई पास सड़क का पेट्रोल पम्प से ब्लाक आफिस तक डिलाईडर मे भ्रष्टाचार का ऐसे अनेक मामले है जिसके चलते नगर गर्त मे है वर्तमान चुने हुए नगर पंचायत अध्यक्ष को उसे पटरी मे लाने समय तो लगेगा अब सवाल खड़ा होता वर्तमान मे नगर व प्रदेश मे सत्ता दल के नेता क्या पूर्व मे जनप्रतिनीधीयो द्वारा किए गए अनेक गड़बड़ीयो का जांच कराएँगे जनता की गाड़ी कमाई व टेक्श के राशि से ,50 हजार प्रति माह दूकान के नाम बैक से लिए गए कर्ज के ब्याज का भूगतान किया जा रहा है उसका वसुली भ्रष्टाचार मे लिप्त लोगों से करवाया जाएगा ऐसे अनेक सवाल है जिसके जवाब का इतजार है।

नगर पालिका में 2082.25 लाख का बजट पारित

सभा में वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विशेष सभा का आयोजन कर बजट पर चर्चा हुई। सभा में वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित हुआ। नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया व जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने ध्यान आकर्षित किया। विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।

नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की पहल और उनके सुझावों के आधार पर नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों तैयार कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण (बजट) प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। 2082.25 लाख के बजट प्रस्ताव में नगर की आवश्यकताओं और विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन-वन इलेक्शन को दूरदर्शी विचार बताते हुए लोकतंत्र की सुदृढता की दिशा में एक सराहनीय पहल माना गया। बजट चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष शर्मा ने नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और संतुलित बनाने के सुझाव रखे, जिससे स्थानीय व्यापारियों को न्यायोचित लाभ मिल सके। उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर सुझाव दिए। विशेष सभा की बैठक के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि हर निर्णय नागरिकों की सुविधा और विकास की दिशा में हो।

जीएनए कालेज में सुशासनतिहार के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सुशासन तिहार 2025 अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज व अशोक वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान के तहत शासन के निर्देशानुसार पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी, गोटा, बिल्लस, चोर-सिपाही में उत्साह के साथ भाग लिया। वही नुक्कड़ नाटक, रंगोली, निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा शुक्रवार को वाद-विवाद, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय सुशासन तिहार एवं शासन की योजनाऐं, शासन के पादर्शिता को प्रदर्शित करता है सुशासन तिहार 2025 व प्रशासन गांव की ओर रहे। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार यादव एवं सु इंद्राणी मरकाम ने किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में रोपवे के टूटने से हुआ हादसा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश।प्रदेश के भाजपा नेतागण रामसेवक पैकरा भरत वर्मा विनोद खांडेकर दया सिंह मनोज अग्रवाल आज रोपवे के टूटने से शुक्रवार को बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि, जब वे रोपवे में सवार होकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर लौट रहे थे तभी रोपवे का एक हिस्सा टूटकर गिर गया।

बताया जा रहा है कि, इस हादसे में भाजपा नेता भरत वर्मा को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें राजनांदगांव के संजीवनी अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि, एक ट्राली में 6 लोग सवार थे बताया जा रहा है कि, भरत वर्मा के हाथ में चोट आई है एवं रीड की हड्डी के साथ-साथ अंदरूनी चोटे भी आई है रामसेवक पैकरा को कंधे,पीठ में चोट आई है। डॉक्टरों द्वारा भारत वर्मा की चोट को गंभीर देखते हुए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रायपुर रिफर किया गया है हादसे की वजह मेंटेनेंस में लापरवाही को माना जा रहा है।

आतंकी हमला देश की एकता और अखंडता को झकझोर देने वाली घटना::- इंद्र साव

पहलगाम के आतंकी हमले में शहीद हुए सैलानियों को दी गई श्रद्धांजलि

भाटापारा/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में जय स्तम्भ चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया गया। इस शोक सभा में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव सहित कांग्रेस जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा,कि ÷देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले

ऐसे कृत्य कभी सफल नहीं होंगे। हम सभी देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा।÷पहलगाम में 26 हिंदु नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए साव ने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में सैलानियों की शारीरिक शिनाख्त करते हुए तथा उन्हें कलमां पढवा कर गोली मारी गई उससे लगता है कि हिंदुस्तान में हिंदू होना अपराध हो गया है। आतंकवादियों द्वारा हमारे नागरिकों, सेनानियों पर निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच,विद्वेष पूर्ण हो गई है ,विधायक साव ने कहा कि

भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को आतंकी सहन नहीं कर पा रहे हैं

उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह हमला केवल आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य शक्ति एवं चेतना की परीक्षा है और यह देश की संप्रभुता पर हमला है और इसका जवाब इतना कठोर और निर्णायक होना चाहिए कि कोई भी आतंकी संगठन देश, भारत की ओर आंख उठाकर भी देखने का साहस न कर सके

इस शोक सभा में सभी ने एक स्वर में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की।इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, आलोक मिश्रा, अरुण यादव, बसंत भृगु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, सुरेंद्र यदु, मुकेश हेंवार, प्रमीला साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी, महेंद्र साहू, सत्यजीत शेंडे, संतोष अग्रवाल, नवीन बक्श, सचिन शर्मा, शेषनारायण यदु, हेमिन ध्रुव, सीमा रात्रे, ईश्वर सेन, निर्मला कोशले, दानी भाट, पूर्णिमा वास, दशमत बाई, कृष्णा टण्डन, कुमारी जांगड़े सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

एसडीएम-तहसीलदार समेत...

के नाम पर सरकारी अधिकारियों ने मिलीभगत कर मुआवजे की राशि में भारी हेरफेर की। इस मामले में अबतक कई अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

तत्कालिक एसडीएम और तहसीलदार के आवासों पर भी पड़ा छापा

तत्कालिक एसडीएम निर्भय साहू और तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के रायपुर स्थित आवासों पर भी ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड मारी। इसके अलावा अभनपुर, आरंग, दुर्ग और भिलाई में भी छापेमार कार्रवाई जारी है। एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी और राजस्व निरीक्षक जैसे राजस्व विभाग के कई अधिकारियों के ठिकानों पर रेड पड़ सकती है।

ये है पूरा मामला

भारत माला प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण मामले में 43 करोड़ का घोटाला हुआ है। जमीन को टुकड़ों में बांटकर एनएचएआई को 78 करोड़ का भुगतान दिखाया गया। एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैक डेट पर दस्तावेज बनाकर घोटाले को अंजाम दिया।

कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत ...

तैयार होने के 6 महीने बाद कार्रवाई शुरू हुई है। निर्भय कुमार साहू के साथ-साथ पांच अधिकारी-कर्मचारियों पर 43 करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक राशि की गड़बड़ी का आरोप है।

डरा पाकिस्तान, भारत ने ...

भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया।

संदिग्ध खच्चर वाला ...

आरोपी की पहचान अयाज अहमद जंगल पुत्र नबी जंगल निवासी गोहीपोरा, रायजान, गांदरबल के रूप में हुई है। वह थजवास ग्लेशियर-सोनमर्ग में घोड़ा चलाता है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में दो हजार ...

पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी दीर्घकालिक वीजा रद्द नहीं किया जाएगा, और उन्हें देश छोड़ने की जरूरत नहीं है. हालांकि, अन्य वीजा जैसे बिजनेस, मेडिकल, या धार्मिक वीजा पर आए लोगों को भारत छोड़ना होगा. विशेष रूप से सार्क वीजा धारकों को तत्काल देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनकी भी जांच की जा रही है।

रायपुर में सिंधी समाज का बड़ा समुदाय

रायपुर में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों में अधिकांश सिंधी समाज के हैं, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने, इलाज, या धार्मिक उद्देश्यों के लिए भारत आते हैं. कई लोग बिजनेस और मेडिकल वीजा पर भी यहां पहुंचते हैं. छत्तीसगढ़ में सिंधी समाज के कई लोगों के रिश्तेदार अभी भी पाकिस्तान में रहते हैं, और वे नियमित रूप से भारत आते-जाते रहते हैं। पुलिस अब इन सभी की पहचान और वीजा स्थिति की जांच कर रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके।

केंद्र के निर्देश पर सख्त निगरानी

पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से भारत आने वाले सभी लोगों की कड़ी निगरानी के आदेश दिए हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस और प्रशासन अब हर उस व्यक्ति की जांच कर रहे हैं, जो पाकिस्तान से आया है। जांच में वीजा के प्रकार के अलावा अन्य गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

संसद से पारित कानून संवैधानिक ...

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।

संसद से पारित कानूनों पर लागू होती है संवैधानिकता की धारणा

हलफनामे में आगे कहा गया है कि, कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने आगे कहा, जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं असफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।

ऑपरेशन ऑल आउट को ...

के जरिए हो। शांति वार्ता के लिए हमारी पार्टी हमेशा तैयार है। हमारी पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने भी शांति वार्ता को लेकर पत्र जारी किए थे। विश्वास की कमी को दूर करने के लिए हमारी तरफ से लगातार प्रयास जारी हैं, लेकिन सरकार की मंशा अलग ही दिख रही है। शांति वार्ता के जरिए समस्या हल होने की संभावना रहने के बावजूद, सरकार दमन व हिंसा के प्रयोग से समस्या का समाधान के लिए प्रयास कर रही है। इसी का नतीजा है, बीजापुर व तेलंगाना सीमा पर बड़ा सैन्य अभियान लांच किया गया है। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वार्ता के जरिए समस्या का समाधान का रास्ता अपनाए। इस रास्ते से सकारात्मक नतीजा निकलेंगे। बंदूक के बल पर समस्या के हल के लिए सरकार द्वारा अमल किए जा रहे सैनिक अभियान को एक महीने के लिए स्थगित करें। इस अपील पर हम सरकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करेंगे।

नक्सलियों के लिए शांति का ...

भाषा समझते हैं, उन्हें उसी भाषा में जवाब मिलेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हमने सरकार में आने के बाद से ही शांति की पहल की है। बार-बार नक्सलियों से अपील की गई कि हिंसा और बंदूक छोड़कर विकास की राह पर आएं। कुछ लोग आए भी, उनके साथ न्याय और पुनर्वास की व्यवस्था की गई। लेकिन जो अब भी हिंसा पर अड़े हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यादव समाज द्वारा आयोजित हरि नाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेशवासियों को सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

नवा रायपुर अटल नगर...

यह कर्ज भूमि अधिग्रहण, सड़कों, शासकीय भवनों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे हिदायतुल्लाह विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए था। हालांकि, कर्ज के बोझ और ब्याज भुगतान ने प्राधिकरण के नगदी प्रवाह को प्रभावित किया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय अधिकार बढ़ाई और कर्ज से छुटकारा दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊंचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सभी संपत्तियाँ अब...

प्राधिकरणों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य नवा रायपुर को न केवल छत्तीसगढ़ की गौरवशाली राजधानी बनाना है, बल्कि इसे देश के लिए एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित करना है।

शिशुपाल पहाड़ी के नीचे मिली थी लाश 1महीने पहले पति ने दी ऊंचाई से धक्का

कॉल डिटेल से खुला हत्या का राज़, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

महासमुंद /नवप्रदेश। महासमुंद जिले के सरायपाली ब्लॉक में स्थित शिशुपाल पर्वत के नीचे से एक महीने पहले एक युवती की मिली लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। युवती की मौत पहाड़ी से फिसलकर गिर से नहीं बल्कि आए दिन उसके विवाद से तंग आकर उसके पति ने ही उंचाई से धक्का दिया था।

सरायपाली ब्लॉक के बलौदा थाना क्षेत्र में 22 मार्च को अमलीपदर निवासी सुरेश कुम्हार ने पुलिस को बताया कि मैं शिशु पाल पहाड़ी पर पुजारीपाली के अजय बरिहा को देखने गया था, तो वहां एक युवती की लाश देखा। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम और पंचनामा भर कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेजा। जिसकी शिनाख्त भी नहीं हो पाई थी, और लाश 10-12 दिन पुराना होने के कारण पहचान पाना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। 25 मार्च को चतुर्भुज मानिकपुरी ने युवती की पहचान बानीपाली निवासी खीर बाई मानिकपुरी के रुप में की ।

पीपरछेड़ी के परीक्षा परिणाम में बेटियों ने बनाया हैट्रिक रिकॉर्ड

■ सफलता का चिराग परिश्रम से जलता है: बसंत त्रिवेदी

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी, विकासखंड व जिला गरियाबंद में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वीं एवम् 11वी कक्षा के सभी संकायों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के ओवरऑल परिणाम में वाणिज्य संकाय की कु. पूजा प्रथम (76.64 त्न),द्वितीय स्थान में कला संकाय से डिगेश्वर और वाणिज्य संकाय से कु. लक्ष्मी को (69त्न), तृतीय स्थान (68.40त्न.) पर कु. इशू वाणिज्य संकाय तथा पूर्वी देवांगन जीव विज्ञान संकाय को

प्राप्त हुआ। परीक्षा परिणाम 80.80 फीसदी रहा जो पिछले साल की तुलना में 8.64 फीसदी अधिक है।

वही कक्षा 9वी में भी बेटियों ने ही हैट्रिक रिकॉर्ड के साथ बाजी मारी है जहां पर 81.33त्न के साथ कु. मुन्नी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 80.17त्न के साथ हितेश वस्त्रकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कु. दुर्गा विश्वकर्मा ने 63.33त्न प्राप्त कर तृतीय स्थान में जगह बनाया है। इस तरह कुल परीक्षा परिणाम 74.69 फीसदी रहा जो पिछले साल की तुलना में 3.44 फीसदी कम हुआ है। सफलता प्राप्त किए समस्त विद्यार्थियों को संस्था के युवा प्राचार्य बसंत त्रिवेदी द्वारा सर्टिफिकेट और उद्बोधन दिया गया कि परिश्रम का चिराग सफलता से जलता है।

ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम पर शाला समिति के प्रमुख खेदू राम यादव, पालक जीवन लाल यादव, ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी के प्रथम नागरिक व सरपंच लक्ष्मी दीवान, दीपेश दिवान, संस्था के समस्त अध्यापकगण, वरिष्ठ व्याखाता केआर साहू, दिनेश निर्मलकर, विरेन्द्र सिन्हा, डॉ ओम प्रकाश वर्मा , कक्षा शिक्षक एवम् मंच संचालक दीपक कुमार गवली, हरि नारायण यादव, किरण लाल दीवान, हेमंत कुमार दाऊ, नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, जिला वॉलीबॉल कोच एवम् व्यायाम शिक्षक सूरज महाडिक सहित समस्त कर्मचारियों एवं विधार्थियो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति के आर साहू के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमे विद्यार्थियों को कहा गया की ÷कोशिश हमें अंतिम क्षण तक करनी चाहिए जीवन में सफलता मिले या ना मिले परंतु तजुर्बा तो मिलेगा ही।

न्यूज गैलरी

सच्चे मन से भगवान श्रीराम का नाम जपने से राम मिल जाते हैं

महासमुंद/नवप्रदेश। बीटीआई रोड स्थित खैरा बाड़ा में चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कथा के पहले दिन सुकदेव जन्म की कथा सुनाई । उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से भगवान श्रीराम का नाम जपने से राम मिल जाते हैं। उन्होंने गृहस्थ जीवन का व्याख्या कर कहा कि विवाहित माताओं को कभी किसी के सामने दंडवत नहीं होना चाहिए। संतों के सामने दंडवत होने की अपेक्षा केवल उनके दर्शन मात्र से ही कल्याण हो जाता है। उन्होंने सुकदेव जन्म कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि माता पार्वती की जिद पर भोलेनाथ ने उन्हें अमृत रूपी श्रीराम कथा सुनाई थी। कथा के बीच में ही माता को नींद आ जाती है, और तोते के अंडे पर कथा के प्रभाव से प्राण आ जाता है, तथा वहा कथा श्रवण कर अमरत्व को प्राप्त कर लेता है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा पहुंचा महासमुंद

महासमुंद/नवप्रदेश। अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा का महासमुंद जिले में प्रवेश हुआ। यह यात्रा एक महीने तक जिले के सभी विकासखंडों के लगभग 600 ग्रामों का भ्रमण करेगी। इस दौरान सत्संग, दीपयज्ञ, विचार गोष्ठियाँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विचार क्रांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

ज्योति कलश यात्रा प्रथम दिवस मचेवा से शुरू होकर शिवानंद कॉलोनी ,गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक ,शारदा मंदिर तुमगांव रोड,श्री राम मंदिर होते हुए ग्राम लाभराखुर्द, खैरा , ग्राम मोरधा पहुंची । रात्रि में दीप यज्ञ ग्राम खट्टी में हुआ। इस कार्यक्रम में विश्राम, कौशल, शिवम, प्रीतराम, धनीराम, भूखन, संतूलाल, रामचरण, एलके मिश्रा, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन, पारस चौहान, गजानन चंद्राकर, ओमप्रकाश, अनिल एवं महिला मंडल पूर्णिमा लक्ष्मी, दुलारी, नीतू, रामप्यारी, निशा एवं नीलम दीदी का विशेष सहयोग रहा।

खेत देखने गया बाइक पार

महासमुंद/नवप्रदेश। अपने साथियों के साथ खेत देखने गया एक व्यक्ति बाइक चोरी हो गई। मामले में सांकरा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई है। डमरूलाल सहिस ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे ग्राम देवसराल में खेत के पास वह अपनी बजाज प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8001 से प्रमोद निषाद एवं खिलेश सहिस के साथ खेत गया था। बाइक को खेत के पास सड़क में खड़ी की थी। वापस लौटा तो बाइक गायब थी। मामले में अज्ञात के खिलाफधारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पहले अटेम्पट में 0.33 नम्बर से चूका प्री, फिर भी नहीं मानी हार

■ यूपीएससी परीक्षा में राजिम के अंकित ने छठवें प्रयास में हासिल की 273वीं रैंक

गरियाबंद /नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024 में राजिम के रहने वाले अंकित थवानी ने 273वीं रैंक हासिल कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से उन्होंने अपने परिवार सहित जिले का भी नाम रौशन किया है। लगातार मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले अंकित ने अपने छठवे और अंतिम प्रयास में यह सफलता हासिल की है। अंकित अपने पहले प्रयास में 0.33 नम्बर से प्रारंभिक परीक्षा पास करने से चूक गये थे। फिर भी निष्ठा और लगन से तैयारी जारी रखते हुए यूपीएससी की परीक्षा पास की। उन्होंने अपनी सफलता के पीछे खुद की कड़ी मेहनत और परिवार के सहयोग को कारण बताया। अंकित की सफलता पर कलेक्टर श्री भगवान सिह उइके ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें कलेक्ट्रट सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर अंकित एवं उनके माता-

पिता को स्मृति चिन्ह सहित शॉल फल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर उइके ने अंकित एवं उनके माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। अंकित की सफलता से यहां के युवाओं को भी यूपीएससी जैसे राष्ट्रीय स्तर के बड़े परीक्षा की तैयारी करने में प्रेरणा मिलेगी। साथ ही अधिक संख्या में युवा प्रोत्साहित होंगे। अंकित के साथ आये उनके माता एवं पिता ने बताया कि अंकित शुरू से ही मेधावी रहा है। बीआईटी रायपुर से बीई सिविल की परीक्षा पास करने के पश्चात 2017-18 में दिल्ली में जाकर यूपीएससी की कोचिंग शुरू की। तत्पश्चात कोरोना काल के बाद घर वापसी कर घर में रहकर आगे की पढ़ाई जारी रखी। अंकित ने अपने 6 प्रयासों में चार बार इंटरव्यू में भी शामिल हो चुके है। अपने पांचवे प्रयास में 2 नम्बर से पोस्टिंग पाने से चूक गये थे। फिर भी परीक्षा पास करने की जूनून और लगन ने आखिरी प्रयास में सफलता दिला ही दी। सम्मान कार्यक्रम में डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने भी अंकित की मेहनत की खूब प्रशंसा की। उन्होंने जिले के युवाओं को भी अंकित से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, प्रकाश राजपूत, एसडीएम राजिम सहित अंकित के परिजन मौजूद रहे।

प्रतिदिन 6-8 घंटे की पढ़ाई ने दिलाई बड़ी सफलता- अंकित थवानी ने अपने सफलता के पीछे प्रतिदिन की दिनचर्या को भी महत्वपूर्ण कारण बताया। अंग्रेजी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले अंकित ने कक्षा 7वीं तक हिन्दी माध्यम में पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन 6-8 घंटे रात में पढ़ाई करते थे। यूपीएससी की परीक्षा में उत्तर लेखन प्रैक्टिस की बहुत जरूरत पड़ती है। उन्होंने इसके लिए दिन में उत्तर लेखन, समाचार पत्र एवं सामान्य अध्ययन का रीविजन कार्य किया। साथ ही ऑनलाईन टेस्ट सिरीज भी नियमित रूप से दिलाई उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों में भी खुद को शामिल करते थे। शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम, वाकिंग एवं साइकिलिंग को भी अपने रूटिंग में शामिल किया। अंकित ने बताया कि सही दिशा में नियमित रूप से पढ़ाई करते रहने से कोई भी विद्यार्थी यूपीएससी जैसे बड़े परीक्षा में भी सफलता हासिल कर सकते हैं।

ग्राम पंचायत गोपाल भैना में धनेश्वरी साहू ने सरपंच पद का किया कार्यभार ग्रहण

■ ग्रामवासियों ने दी शुभकामनाएं, विकास को लेकर जताई उम्मीदें

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गोपाल भैना में गुरुवार को नव-निर्वाचित सरपंच धनेश्वरी साहू ने पदभार ग्रहण किया। पंचायत भवन में आयोजित सादे समारोह में सरपंच ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने पद का कार्यभार संभाला।

इस अवसर पर उपसरपंच कमल प्रसाद साहू, सचिव गौकरण ठाकुर, रोजगार सहायक परमानंद बोयरे, पंचगण जगदेव साहू, महासिंह, प्रीति साहू यादव, सरस्वती सिन्हा, अजय साहू, सुनिता ध्रुव, अमर राम साहू व साधना श्रीवास सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच इंद्र रेखा सिंह, मिथिलेश बिसेन, अर्जुन ठाकुर, अशोक श्रीवास, रामचंद सिन्हा, सुरेश सिंह, रामेश्वर साहू, खम्मन साहू, हुलास भुवाल सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वहीं समाजसेवी बंशी साहू, बबलू साहू, अमरनाथ साहू, रमेश साहू, बिसाहू साहू, कृष्णा साहू, जंकु यादव, काशीराम साहू, विष्णु साहू, भुवन साहू एवं समाज के अन्य प्रमुख लोग भी मौजूद रहे।

कार्यभार ग्रहण के पश्चात अपने संबोधन में धनेश्वरी साहू ने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि ÷ग्राम पंचायत को विकास की राह पर ले जाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। हर योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यही मेरा संकल्प है।

आयुष्मान कार्ड शिविर का मोहारा में सफल आयोजन

वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर 123 हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आयुष्मान कार्ड बनवाने आज शिविर लगाया गया । शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने दस्तक दी है। शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 123 नागरिकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है। वार्ड में

आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग से कौशल शर्मा, वासुदेव साहू स्वास्थ्य मितान, दिलीप साहू आर एच् ओ और मीना दुबे मितानी ने अपने सेवाए दी है। श्रोती ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा शुरू किया गया है जो समाज के आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों को हेल्थकेयर लाभ प्रदान करने की दिशा में तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत योजना प्रति वर्ष प्रति पंजीकृत परिवार को 5 लाख रुपये तक के कैश लेस हेल्थकेयर लाभ प्रदान करती है। देश भर में पैनल में शामिल हॉस्पिटल्स और हेल्थकेयर प्रोवाइडर पर लाभ प्राप्त किए जा सकता हैं। उन्होंने अपने वार्ड के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगातार अपील की जिसकी वजह से आज शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया।

शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन, मीना सोनकर, लक्की प्रजापति, मोहन तिवारी, सोहन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति,कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा,सुरेश सिन्हा,रूपेंद्र शर्मा आदि की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही।

हाट बाजार में चलाया जा रहा नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में नशामुक्ति के लिए पुलिस द्वारा लगातार जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव, हाट बाजार, कॉलेज में नशामुक्ति के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के तहत सिंघोड़ा थाना के ग्राम छूईपाली, टुहलु चौकी के ग्राम खट्टी एवं ग्राम द्वारतला कला के साप्ताहिक बाजार, सिरपुर चौकी के ग्राम सेनकपाट, बलौदा थाना के ग्राम जलग्रह मेला, भंवरपुर चौकी के साप्ताहिक बाजार, सरायपाली थाना के पातेरपाली एवं सरायपाली बाजार, पटेवा के ग्राम पचरी, सांकरा थाना के ग्राम भटकुंडा बन दुर्गा मंदिर, कोमाखान थाना अंतर्गत बाजार, सांकरा थाना के ग्राम बिजेमाल, बुंदेली चौकी के ग्राम नदी चरोदा, खल्लारी थाना के ग्राम बी के बाहरा के साप्ताहिक बाजार एवं के जी एन एम नर्सिंग कॉलेज महासमुंद में नशामुक्ति के संबंध में लोगों में जनजागरुकता के लिए प्रचार प्रसार किया गया। पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभाव, नशे के प्रभाव से बच्चों को बचाने के बारे में बताया गया। नशा मुक्ति के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1933 एवं राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्प लाइन नंबर -14446 के बारे में लोगों को बताया गया।

जिले में नव पदस्थ एसपी ने किया पदभार ग्रहण

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इसी के साथ ही जिले के कानून व्यवस्था का उन्होंने जायजा भी लिया। थाना पुलिस कार्यों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी ली। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय बालोद में उनके द्वारा सलामी लेने उपरांत पुलिस अधीक्षक एस.आर भगत के द्वारा स्वागत कर पदभार सौंपा गया।

महापौर ने नए टॉवर लोडर का पूजा कर चालक को सौंपी चाबी

टॉवर लोडर उंचे विद्युत खंभो में लाईट लगाने व मरम्मत करने में होगा सहायक-मधुसूदन यादव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम में सुविधा विस्तार की कडी में 15 वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत नया टॉवर लोडर क्रय किया गया, जिसका वार्डो में लगे उंचे-उंचे विद्युत खंभो की लाईट मरम्मत करने तथा नया लाईट लगाने उपयोग किया जायेगा। उक्त नये टॉवर लोडर का महापौर मधुसूदन यादव ने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखिजा, पार्षद संजय रजक, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा व गगन आईच तथा कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर चालक को चाबी सौंपी।

इस अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि, निगम के दो टॉवर लोडर लगभग 10 वर्ष पुरानी होने के कारण खराब हो जाती है, जिससे विद्युत कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। जिसे दुर करने नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत टॉवर लोडर क्रय करने शासन को प्रस्ताव भेजा, शासन स्वीकृति पश्चात् विधिवत प्रक्रिया कर नया टॉवर लोडर क्रय किया गया। उक्त टॉवर लोडर से अब शहर के उंचे-उंचे विद्युत पोलो में नया लाईट लगाने तथा लाईट मरम्मत करने में आसानी होगी। उन्होने प्रभारी अधिकारी से कहा कि, इसका उचित रख रखाव किया जाए एवं पुराने टॉवर लोडर को भी दुरूस्त रखा जाए और इसके माध्यम से बारिश के पूर्व सभी विद्युत पोलो की लाईटे मरम्मत कर दुरूस्त किया जाए।

उदयाचल में आतंकी हमले के विरोध में काली पट्टी लगाकर आकोश जाहिर किया

राजनांदगाँव/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण और निंदनीय आतंकी हमले के विरोध में आज सामाजिक संस्था उदयाचल में काली पट्टी लगाकर विरोध जाहिर किया। आज जो मरीज जांच कराने आये थे, उन्होने भी स्वंय होकर कालीपट्टी लगाकर इसका विरोध किया।

आज प्रातःसभा में पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, अशोक मोदी एवं साइट सेवर की मीनाक्षी झा उपस्थित थी और उदयाचल परिवार के साथ मृत आत्मा को एक मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गई। यह मौन विरोध पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की जान जाने से हर किसी के हृदय में उत्पन्न हुए गहरे दर्द और गुस्से का प्रतीक था। उदयाचल में आज का दिन शांतिपूर्ण लेकिन गहरे शोक और एकजुटता से भरा रहा। काली पट्टी हर व्यक्ति के हाथ पर उस दुखद घटना की आक्रोश की याद दिलाती रही। ईश्वर उन्हे शांति प्रदान करे।

बहादुरी... *कलेक्टर उइके ने उनकी बहादुरी एवं साहस को किया सलाम*

अपनी जान पर खेलकर दादा ने तेंदुआ से बचाई पोते की जान

■ दर्शन नेताम को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम कोठीगांव के रहने वाले बुजुर्ग दर्शन नेताम ने साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए अपनी जान पर खेलकर 4 वर्षीय पोते प्रदीप नेताम को तेंदुआ के जबड़े से छुड़ाया। आंगन में खेल रहे बालक प्रदीप को जरा भी एहसास नहीं था कि तेंदूआ उन पर हमला कर उन्हें ले जायेगा। बालक पर झपट्टा मारकर जंगल की ओर ले जाते हुए तेंदूआ को जैसे ही प्रदीप के दादा ने देखा उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए तेंदूए की ओर दौड़ लगाई। अधिक दूरी पर नहीं गये तेंदूए के पीठ पर कूदकर उन्होंने अपने पोते को उनके जबड़े से छुड़ाया। तत्पश्चात तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। इसमें बालक प्रदीप को तेंदूए के पंजे के हमले से हल्की चोट आई, लेकिन जान बच गई। बुजुर्ग दर्शन सिंह के वीरता भरे कार्य से खुशी जताते हुए कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आज उन्हें कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएफओ लक्ष्मण सिंह की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर ने बुजुर्ग दर्शन नेताम के साथ आये उनके पोते बालक प्रदीप का स्वास्थ्यगत हालचाल जाना एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने बुजुर्ग दर्शन नेताम के हौसले एवं जज्बे को सलाम करते हुए अपने पोते की जान बचाने एवं उन्हें नई जीवन प्रदान करने उनकी खूब प्रशंसा की। साथ ही जंगलों के नजदीक रहने वाले ग्रामीणों से जंगली जानवरों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बिना सुरक्षा साधनों एवं अंधेरों में जंगलों में न जाये। कहीं भी रहवासी इलाकों में जंगली जानवरों के दिखाई दिने पर तत्काल वन विभाग के अमलों को सूचित करे। इस दौरान डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने भी बुजुर्ग दर्शन नेताम के वीरता की प्रशंसा करते हुए जंगली जानवरों से सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की।

भारतीय बेसबॉल में छत्तीसगढ़ की दो लड़कियां शामिल, गर्व की बात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लिए बड़े गर्व की बात है भारतीय बेसबॉल टीम में छत्तीसगढ़ की दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है इन दो खिलाड़ियों में राजनांदगांव शहर की भी एक खिलाड़ी जिसका नाम सोनम मरकाम है का चयन हुआ है और यह शहर के लिए बड़े गर्व की बात है। भारतीय बेसबॉल संघ के सचिव एवं छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव मिताली घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एशियन बेसबॉल क्वालिफायर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 23 से 29 अप्रैल तक थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित की जा रही है । इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की दो खिलाड़ियों नेहा यादव और

सोनल मरकाम का चयन भारतीय टीम में हुआ है। नेहा यादव बिलासपुर से हैं जबकि सोनल मरकाम राजनांदगांव से हैं। दोनों खिलाड़ियों ने संगरूर पंजाब में आयोजित कोचिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की।

दोनों खिलाड़ियों के चयन होने से पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने भी इस पर हर्ष व्यक्त किया है।

संक्षिप्त खबरें

जुआ फड़ में रेड, 22 हजार से ज्यादा रकम जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भलेसर के नयापारा आम बगीचे में चल रहे जुआ फड़ में पुलिस ने छापा मारकर 5 लोगों को पकड़ा है। उनसे साढ़े 22 हजार रुपए, मोबाइल और पांच बाइक जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की और जुआ खेल रहे भलेसर के तामेश्वर सिन्हा, गोविंद कुमार सिन्हा, मोहन पटेल, मानिकराम नायक पतोरा (फिंगेश्वर) एवं ओंकेश्वर चंद्राकर खैरा को पकड़ा है। आरोपियों के पास से नगद 22,500 रुपए, चार मोबाइल कीमत 16 हजार रुपए, पांच बाइक कुल कीमत 1,12,000 रुपए सहित कुल 1,51,000 रुपये जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

आरुणी दानी बने विधायक प्रतिनिधि

धमधा/नवप्रदेश। स्थानीय नगर पंचायत साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राजनंदगांव जिला सह प्रभारी पूर्व पार्षद व पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आरुणी दानी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है इस नियुक्ति के पश्चात भाजपा धमधा मंडल युवा मोर्चा महिला मोर्चा वि अन्य सदस्यों ने खुशी जाहिर की व जी पी काम्प्लेक्स पहुँच कर मुंह मीठा करा कर बधाई दी इस मौके पर आरुणी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सारे कार्यकर्ताओं व क्षेत्र वासियो के मान सम्मान का धायां रख कर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे उनके सम्मान को खुद का सम्मान बताया साथ ही सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के मूल मंत्र को आगे बढ़ाकर कार्य करने की बात कही और बताया कि बीते कई वर्षों में स्थानीय नगर पंचायत में कांग्रेस के सरकार के कारण भारी भ्रष्टाचार व भेदभाव हुआ है पूर्व की सरकार में पत्र हितग्राहियो को वंचित रखा गया था अब भाजपा सरकार के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियो को 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना देने का लक्ष्य है उसे जल्द पूरा करेंगे साथ ही नगर में व्याप्त पेयजल की घनघोर समस्याओं को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही व इस मौके पर साजा के विधायक श्री ईश्वर साहू का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया

एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में विशेष बैठक बुलाने सौंपा आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष और भाजपा पार्षदों ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर शीघ्र ही विशेष बैठक बुलाने नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा है। देवीचंद राठी ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने के लिए परिषद की बैठक में शामिल करने के लिए 17 अप्रैल को आवेदन दिया गया था। परिषद की बैठक में निवेदन करने तथा लगभग 20 सदस्यों के समर्थन के बावजूद अध्यक्ष द्वारा चर्चा में नहीं लेने से गुरुवार को पुनः नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगर पालिका अधिनियम की धारा 57 के अंतर्गत विशेष सम्मेलन बुलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया गया। आवेदन सौंपने के दौरान नगर पालिका के पार्षद पवन पटेल, नानू भाई, शुभ्रा शर्मा, जरीना हफ्जि कुरैशी, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, कल्पणा सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदू, प्रीति बादल मक्कड़, निश्चय पूनम चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेन्द्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी मौजूद थे।

युवक के साथ मारपीट, तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरपंच घर के शादी कार्यक्रम से लौट रहे युवकों के साथ देर रात तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को मेमरा निवासी गणेश यादव ने बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने फूफा हीरालाल यादव के गांव कौड़ियापारा पिलवापाली गया था। जहां सरपंच के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह कौड़ियापारा पिलवापाली के दोस्त योगेश बरिहा, त्रिलोक बरिहा, बिहारी बरिहा, उत्तम बरिहा एवं उत्तर बरिहा के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान बिरहाडीपा-पिलवापाली मार्ग में महुआ पेड़ के पास रात करीब 2 बजे रितिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान ने उसके दोस्त योगेश बरिहा को रोक कर गाली गलौज करने लगा। जब उन्हें मना किया तो रितिक ठाकुर ने स्टील की पाइप, सोमदेव ठाकुर ने डंडे एवं आशीष चौहान कड़ा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से बिहारी बरिहा के कमर में, योगेश बरिहा से हाथ मुक्का से मारपीट की वहीं ऋतिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान द्वारा मारपीट करने से उनकी दाहिनी कलाई, सिर, माथे एवं पीठ में चोटें आई है। पुलिस ने खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। नाबालिग बालिका को भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। घटना नवम्बर 2019 की है। आरोपी टाकेन्द्र उर्फ टिकु वर्मा, 27 वर्ष ग्राम केसला द्वारा क्षेत्र की एक नाबालिग लडक़ी को व्यपहरण कर नाबालिक लडक़ी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 363, 366, 376(2)(जे)(एन) भारतीय दण्ड संहिता की एवं धारा 3 के उल्लघंन में धारा 4 लैंगिक अपराधों से बालको का सरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय मे प्रस्तुत किया था। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए गवाह एवं सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी पर दोष सिद्ध होने के बाद धारा 363 में 7 वर्ष की सजा और 1000/ रुपए जुर्माना धारा 366 में 10 वर्ष सजा और 1000/ रुपए जुर्माना, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम धारा 3 के उल्लंघन में 20 वर्ष की सजा के साथ 3,000/ रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास होगा। कार्यवाही केसीजी पुलिस की समर्थ अभियान के तहत हुई।

पंचायती राज दिवस पर जिले के 20 पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का लोकार्पण

- गांवों में अब मिलेगी बैंकिंग, डिजिटल सेवा सहित प्रमाण पत्रों की सुविधाएं
- समूह की 4 महिलाओं को चेक तथा स्वामित्व योजना के 12 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख बांटे

खैरागढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का लोकार्पण किया गया। जिले के दोनों विकासखंडों खैरागढ़ एवं छुईखदान के 10-10 ग्राम पंचायतों में इन केंद्रों की स्थापना के बाद इन केंद्रों के माध्यम से अब ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं, डिजिटल भुगतान, जन्म-मृत्यु पंजीयन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी, जिससे समय, संसाधन और श्रम की बचत होगी। जिले मे मुख्य कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में आयोजित किया गया। जहां कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर चंद्रवाल ने महात्मा गांधी के तैल चित्र में पुष्प अर्पण करते पर मुढ़ीपार के पंचायत भवन में अटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर दो महिला हितग्राहियों ने अपने खातों से महतारी वंदन योजना की 1000-1000 रुपए भी निकाले। इस दौरान कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने बिहान अंतर्गत स्व सहायता समूह की 4 महिलाओं को चेक तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया। राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जिला पंचायत सदस्य अरुणा सिंह, सरपंच कुमेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के तहत विकासखण्ड खैरागढ़ अंतर्गत ग्राम बलदेवपुर,चारभाठ्ठा, चिचोला, देवारीभाठ ढोंलियाकन्हार, गर्रापार, मुढ़ीपार, मुतेड़ा, जूनवानी, जोरातराई तथा विकासखण्ड छुईखदान अंतर्गत आमगांव, बांगुर, चोभर, धोधा, खादी, कोपरो, कुम्हरवाड़ा, पेंडरवानी, रामपुर, संडी में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र शुरू की गई है।

पानी में कीटनाशक मिलाकर चीतल और करंट से सुअर का शिकार, तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। शिकार करने के नियत से जंगल में गड्ढा खोदा कर पानी में ज़हर मिला पानी पीने से चीतल की मौत और खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करने वाले तीन लोगों के खिलाफ वन विभाग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जुडिशियल रिमांड पर जेल भेजा है।

महासमुंद जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के बुंदेली के जंगल में शिकार करने के उद्देश्य से गड्ढा खोदकर कीटनाशक दवा मिलाने से चीतल की मौत हो गई। वहीं एक दूसरे मामले में खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करने वाले लोगों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1977 की धारा 9,50,51 के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बुंदेली निवासी कदर गोंड़ (53) ने अपने खेत में एक छोटा सा गड्ढा बनाकर उसमें सोलर ट्यूबवेल से पानी भरा और उसमें कीटनाशक दवा मिला दी। भरी गर्मी में पानी की तलाश में एक मादा चीतल गड्ढे तक जा पहुंचा और उसका पानी पीने के बाद चीतल की मौत हो गई। उसी गड्ढे से पानी पीने से एक बैल की भी मौत हो गयी। प्रभारी रेंजर सालिकराम डड़सेना ने बताया कि आरोपी के खेत में कोई फसल नहीं लगी थी और यह गड्ढा केवल शिकार के उद्देश्य से तैयार किया गया था। चीतल और बैल की मौत की सूचना पर मामले की जांच के बाद कदर गोंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरी घटना के विषय में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल से लगे खेतों में करंट फैलाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि ग्राम खपराखोल निवासी भारत तेली, यशवंत ठाकुर व अन्य ने खेत में बिजली के नंगे तार बिछाए और उनमें करंट प्रवाहित कर दिया। इसी करंट की चपेट में आकर एक जंगली सुअर की मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस शिकार कांड में संलिप्त अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

सप्ताहभर में तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत

गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र पिथौरा में पिछले एक सप्ताह के अंदर गिरना, बुंदेली, भिथीडीह और खपराखोल के जंगलों में कुल तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत हो चुकी है।

पांडादाह में रामकथा की शुरूआत

- श्रीराम कथा श्रवण के लिए समय निकालने से ही मिलेगा श्रीराम कथा का आनंद

पांडादाह/खैरागढ़/नवप्रदेश। मंदिर सेवा समिति पांडादाह के द्वारा आयोजित रामकथा समागम की शुरुआत हुई। में सुप्रसिद्ध कथा वाचक महाराज सत्यनारायण शर्मा द्वारा श्रीरामकथा के प्रथम दिवस में धर्म क्या है इसको लेकर व्याख्या करते हुए बताया कि सत्य सबसे बड़ा धर्म है किन्तु कुछ ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न होती है जहां असत्य बोलना भी पुण्य का काम होता है। विभिन्न उदाहरण देते हुए शर्मा ने बताया कि कलयुग में चार धर्म है सत्य,तप,दया और दान। रामचरित मानस पर कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामचरित मानस लिखी जिसके पश्चात पुनः उन्होंने तुलसीदास के रुप में आकर रामचरित मानस लिखी। महाराज सत्यनारायण शर्मा जी ने कहा कि रामचरित मानस में सभी रस मिलेंगे। कलयुग में केवल राम का नाम ही सार है जहां भी श्रीराम कथा हो रही है वहां कथा श्रवण के लिए अपने काम से समय निकालना पड़ेगा तभी श्रीराम कथा का आनंद मिलेगा। कथा में शर्मा ने माता सती की कथा सुनाते कहा राजा दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया जिसमें भोलेनाथ को आमंत्रित नही किया गया जिससे क्रोधित माता सती ने अपना देह त्याग दिया जिसके पश्चात पुनः पार्वती के रुप में उन्होंने जन्म लिया और भोलेनाथ से उनका विवाह हुआ। रामकथा के दौरान जगन्नाथ मंदिर में सुप्रसिद्ध कथावाचक युवराज पांडे के आगमन पर मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। युवराज पांडे ने जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किये और सोशल मीडिया में वायरल अपने गीत को सुनाया। इस दौरान मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष पं मिहिर झा, सचिव राजू यादव, जनपद सदस्य सरस्वती यदु, संतोष कर्ष, सन्नी यदु, रिंकू महोबिया, कमलेश यदु, बंशी वर्मा, सतेन्द्र साहू, पंकज सिंह, रामेश्वर रामटेके, सुयश खरे, संजय यदु, संजू महाजन,आरती महोबिया, संतोष वैष्णव, पुष्पा यदु, रेखा यादव, सोमनिशा खरे,भानबाई सिन्हा, नितेश देवांगन सहित पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष पर आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतवर्ष '1 जून 2024 से 31 मई 2025' को पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं के लिए पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता, चलचित्र प्रदर्शन एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। छात्राओं ने पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विविध प्रसंगों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टी. एल. वर्मा थे, उन्होंने देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन-यात्रा एवं उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए महत्वपूर्ण कार्य तथा योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही छात्राओं को उनके गुणों को अपने भीतर विकसित करने एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या नारी सशक्तीकरण का अनुपम उदाहरण हैं। उनके द्वारा समाज व राष्ट्र को दिए अवदान को हमें स्मरण रखना चाहिए तथा युवा पीढ़ी का दायित्व है कि उनके जीवन का अनुकरण करें। कार्यक्रम की संयोजक हिंदी की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्राओं को प्रेरित किया कि लोकमाता देवी अहिल्या द्वारा पर्यावरण संवर्द्धन की दिशा में किए महान कार्यों से हमें प्रेरणा ग्रहण कर जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में देवी अहिल्या के प्रेरणास्पद जीवन से जुड़ी पुस्तिका भी छात्राओं को वितरित की गई एवं छात्राओं से आग्रह किया गया कि इस पुस्तिका को पढ़ें एवं अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एल.एम. यादव, डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, डॉ. बीटारानी खलखो, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, खुशबू कश्यप, प्रियंका साहू, तुलेश्वरी साहू, डॉ. तिशा डे एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

अवैध शराब तस्करी में संलिप्त पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- तीन अलग-अलग मामलों में कुल 199 पौवा देशी प्लेन मदिरा एवं तीन मोटर सायकल जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कबीरधाम में अवैध सट्टा, जुआ और शराब के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पंडरिया श्री भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कुंडा निरीक्षक महेश प्रधान के नेतृत्व में 25 अप्रैल 2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा ग्राम सेन्हाभाठा (पानी टंकी के पास), ग्राम पेंड्रीकला (हाफनदी पुल के पास) एवं सतनामी पारा कुण्डा (माकरी रोड, तालाब के पास) में घेराबंदी कर त्वरित रेड कार्रवाई की गई।

प्रथम प्रकरण में आरोपी महेन्द्र दिवाकर (पिता ङ्क राजकुमार दिवाकर, उम्र ङ्क 24 वर्ष, निवासी सारंगपुर, थाना फास्टरपुर, जिला मुंगेली) एवं डोमेश चेस्कपर (पिता ङ्क पुरन दास, उम्र ङ्क 24 वर्ष, निवासी बोदा, थाना फास्टरपुर, जिला मुंगेली) के संयुक्त कब्जे से कुल 72 पौवा देशी प्लेन मदिरा (प्रत्येक में 180 मिली लीटर, कुल 12.960 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत ?5760) बरामद की गई। इनके पास से एक पुरानी इस्तेमाल की गई मोटर सायकल (होंडा सीडी 110, क्रमांक छ्त्र 28 रू6029, कीमत ?45,000) भी जब्त की गई। कुल बरामदगी ?50,760 मूल्य की रही।

घर में लगी आग महिला की जलकर मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीढ़ी के एक मकान में बुधवार की देर रात आग लग गई। इस आग से घर में सो रही एक 55 वर्षीया महिला की जलकर मौत हो गई। घर भी जलकर खाक हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घर में आग कैसे लगी, अब तक कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच में जुटी है। तुमगांव थाना प्रभारी हितेश जंघेल ने बताया कि मृतका पूर्णिमा शर्मा पति स्व. जितेन्द्र शर्मा पीढ़ी की रहने वाली थी। बुधवार रात करीब 1 बजे उनके बेटे राहुल शर्मा और पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि राहुल नाराज होकर रात करीब 9.30 बजे घर से निकल गया। इधर, उनकी पत्नी भी रात 12 बजे अपने मायके चली गई। मृतका घर में अकेली थी। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिवार को सौंपा गया है।

मड़ौदा में गीत यामिनी का आयोजन

रचनाकार विनय शरण सिंह की दो पुस्तकों का विमोचन

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन रायपुर , पाठक मंच खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मड़ौदा में आयोजित गीत यामिनी कार्यक्रम के मंच में नगर के रचनाकार विनय शरण सिंह की दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। बाल नाटक जंगल के पहरेदार और बाल गीत पींयर पींयर फूल के विमोचन के पश्चात मंच पर उपस्थित साहित्यकारों ने दोनों कृतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रसिद्ध व्यंग्यकार एवं प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि विनय शरण सिंह की दोनों कृतियां बाल मनोभावों के अनुरूप रोचक एवं उद्देश्य परक हैं। महामंत्री प्रो. डा राकेश तिवारी ने कहा कि संग्रह के बालगीतों में लयात्मकता एवं तरल प्रवाह है । गीतकार डा जीवन यदु ने कहा कि रचनाकार विनय शरण सिंह बाल मनोविज्ञान के अध्येता हैं, इसलिए उनकी रचनाएं रोचक एवं दृश्यात्मक हैं तथा ध्वन्यात्मकता के गुणों से परिपूर्ण हैं । पाठक मंच के संयोजक डा प्रशांत झा ने कहा कि ये कृतियां छ ग की सीमा से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पढ़ी जाएंगी और पाठ्यक्रमों में स्थान पाएंगी।

अवैध शराब पर कार्यवाही नहीं

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के कई ग्रामीण इलाको मे दूसरो जिलो से आ रही शराब की अवैध खेप से अवैध शराब की बिक्री पर लगाम नही कसा जा सका है । इसकी लगातार शिकायत के बाद भी आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही नही होने से अवैध शराब कारोबारियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे है । जिले के जालबांधा इलाके मे जालबांधा, मोंहदी चौक, रंगकठेरा, करमतरा, बीजलदेही, सलोनी, शेरगढ़ इलाके मे दूसरे जिलो से अवैध शराब की बड़ी खेप पहुँचाकर कोचियो को उपलब्ध कराई जा रही है । जिसके कारण आसानी से लोगो को अवैध शराब उपलब्ध हो रहा है । इन कोचियो पर कार्यवाही नही होने इनके हौसले बुलंद हो चुके है । और खुलेआम अवैध शराब बिक्री का खेल लगातार जारी है ।

पहलगाम में हुए नरसंहार पर मुस्लिम समाज ने आतंकवाद का पुतला दहन किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। कश्मीर के पहलगाम में हुये नरसंहार पर मुस्लिम समाज ने जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक में आतंकवाद का पुतला दहन किया.। आतंकवाद का पुतला दहन करने के पूर्व कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए लोगों को 2 मिनट मौन धारण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी। जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों सदस्यों ने कहा कि इंसानियत को दागदार करने वाले हैवान नीच दरिंदों को उनके घर में घुसकर मारे सरकार, क्योंकि अब वक्त आ गया है ऐसे घटिया मानसिकता के खूनी दरिंदों को कड़ा सबक सिखाया जाएं । देश की जाबांज लड़ाकों से परिपूर्ण सेना को खुली छूट दी जाएं ताकि हमारी सेना आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें मारे और हमारे देश और विदेश से आएं हुये पर्यटकों को जो नीच दरिंदों की कायराना हरकत की वज़ह से शहीद हो चुके है उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके. मुस्लिम समाज ने कहा कि इस दुखद घटना की जितनी निंदा की जाएं वो कम पड़ेगी. इस दौरान जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अरशद हुसैन, जफर हुसैन खान, शमशुल होदा खान. याहिया नियाज़ी अय्यूब सोलंकी निजामुद्दीन खान, इम्तियाज हुसैन, खलील कुरैशी, फारुख मेमन, डॉ. मकसूद अहमद, अय्यूब सोलंकी, कदीर कुरैशी, सैय्यद अल्ताफ अली, जुनैद खान, मतीन अशरफ़ अशरफ़ खान आशू, इमरानुद्दीन रिज़वी, राजा सोलंकी, हाजी जाहिद अली, इरफ़ान मेमन, सादिक मोतीवाला, तारिक अमान, रफीक खान, नसीम खान रैनी, जहीम खान, लक्की सोलंकी, फारुख सोलंकी, जाफर झाड़ूदिया, रेयान मेमन, अदान खान, आतिफ सोलंकी व अब्बास खान सहित बड़ी संख्या में जिला मुस्लिम समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ रवाना

विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया उन्मूलन का लिया संकल्प

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आयोजित आज शुक्रवार को जिले में विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "Malaria Ends With UsÑ Reinvest, Reimagine, Reignite" (मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए - पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्वलित करें) के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सु लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू, जिला मितानिन समन्वयक लता मेरावी, मितानिन प्रशिक्षक उषा साहू, समस्त मितानिन एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने मलेरिया मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

रथ रवाना - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी (हृड्ढक्चष्टक्क) सह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ के माध्यम से आमजन को मलेरिया के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

उद्देश्य - कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रदेश को स्थानीय मलेरिया संक्रमण से मुक्त करना एवं 2030 तक मलेरिया का पूर्णतः उन्मूलन करना है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

पहचान, रोकथाम व उपचार - शहरी क्षेत्र की समस्त मितानिनों के लिए मलेरिया पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें मलेरिया की पहचान, रोकथाम व त्वरित उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। मलेरिया संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जिसके लक्षणों में तेज बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द एवं उल्टी आदि शामिल हैं।

जांच एवं उपचार निःशुल्क - स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मलेरिया की जांच एवं उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए रुके हुए पानी में मिट्टी का तेल अथवा जला हुआ मोबिल ऑयल डालने तथा कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी के प्रयोग की सलाह दी गई।

कांजी हाउस में मवेशियों को मिला पौष्टिक आहार

आयुक्त की पहल से गंज मण्डी में बचे फल सब्जी पहुंच रहा कांजी हाउस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही करती है तथा पकडे मवेशियों को कांजी हाउस में रखा जाता है। उक्त मवेशियों के पौष्टिक आहार देने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर गंज मण्डी में बचे फ्ल सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है। मवेशियो को गर्मी के मौसम में चारा पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुचारू रूप से देने एवं उनकी सही देख भाल करने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि घुमंतु मवेशी चौक चौराहो में बैठ जाते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशी भी दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इससे बचने तथा मवेशियों की सुरक्षा के लिये शासन द्वारा भी मवेशी धर पकड अभियान चलाने समय समय पर निर्देशित किया जाता है। शहर के चौक चौराहो में बैठे मवेशियो को पकड कर नगर निगम की टीम रेवाडीह एवं कन्हारपुरी काजी हाउस मे रखते है, जिसे अर्थदण्ड लेकर छोडा जाता है। कांजी हाउस में रखे मवेशियों को निगम द्वारा चारा पानी दिया जाता है। मवेशियों को पौष्टिक आहार देने आयुक्त विश्वकर्मा निरीक्षण के दौरान गंज मण्डी जाकर व्यापारियों से सम्पर्क कर बचे फ्ल एवं सब्जी कांजी हाउस में देने कहा जिसके परिपालन में विगत 15 दिनों से अधिक समय से गंज मण्डी से बचे हुए फ्ल एवं सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है, जिसे खाकर मवेशी पुष्ट हो रहे है।

विशंभर सिंह पटेल स्कूल का 9 वीं 11वीं का आया 80.05 प्रतिशत परीक्षा परिणाम

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा मे आज़ स्थानीय परीक्षा का परिणाम बताया गया जिसमें पुरे विद्यालय में सांची यादव ने कक्षा ग्यारहवीं के विज्ञान संकाय में 92.4 प्रतिशत बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर कु विद्या रही जिसने 80.5 प्रतिशत बनाया इसी तरह तृतीय स्थान पर पर मोनिका सोनवानी रही जिसने 89 प्रतिशत बनाया यह तीनों छात्राएं विज्ञान संकाय की है पूरे विद्यालय के कक्षा 9वी और 11 की बात करें तो कक्षा 9वी में दर्ज संख्या 167 था जिसमें 157 छात्र छात्राओं ने परिक्षा मे उपस्थित रहे और 86 बच्चे ही उत्तीर्ण हुए तथा 29 पुरक और 42 अनुत्तीर्ण हुए इस प्रकार कक्षा नवी का परिणाम 54.77 प्रतिशत रहा इसी प्रकार कक्षा 11 वी कला संकाय 82.75 प्रतिशत जीव विज्ञान 56.81 प्रतिशत वाणिज्य संकाय में 100 प्रतिशत तथा कृषि संकाय में 59.25 प्रतिशत परिणाम रहा इस प्रकार पूरे विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं का परिक्षा परिणाम 70.17 प्रतिशत रहा जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एस आर साहू साहू सर ने सभी पास हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए तथा उन्हें और अधिक मेहनत करने को कहा और जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं उन्हें पुनः आपने जहां पर कमी आई है उसे सुधार लाकर अच्छा परिणाम लाने को कहा जिसमें मुख्य अतिथि हलदर शार्दूल रहे परिक्षा प्रभारी संजय शांडिल्य एवं हरिश साहू ने बच्चों को बधाई दी शिक्षक पुर्ण चंद्र यादव गोविन्द नारायण साहू दिनेश यादव दुष्यंत पुजारी मुकेश यदु हिराराम मरकाम हेमन्त साहू प्रदीप साहू योगमाया मरकाम नितु जैन हरिता सोम रश्मि यदु तिलेश्वरी अटलआदि ने बच्चों को बधाई दी

राजस्व विभाग की समीक्षा में महापौर ने राजस्व वसूली एवं दुकान किराए की ली जानकारी

वसूली बढ़ाने डिमाण्ड दुरूस्त करने के दिए निर्देश

महापौर ने कहा शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने कर दाताओं को दे समझाइश

राजनांदगां/नवप्रदेश। गत वित्तीय वर्ष में शासन के लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली प्राप्त हुई है। स्थानीय निर्वाचन एवं निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण राजस्व वसूली प्रभावित हुई, जिसे ध्यान में रखकर शासन ने गत वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर वसूली हेतु एक माह की वृद्धि दी है, जिससे वसूली तो प्राप्त हुई लेकिन संतोषप्रद वसूली नही हुई। उक्त बाते महापौर मधुसूदन यादव ने आज निगम सभागृह में आहूत राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कर्मचारियों से कही। उन्होने कहा कि, अप्रैल माह समाप्त होने में लगभग एक सप्ताह है, इस सप्ताह मेहनत कर शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने एवं नये वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर भुगतान करने पर सवा छै प्रतिशत छुट का लाभ लेने घर-घर जाकर करदाताओं को समझाईस दे एवं वसूली करें। महापौर यादव ने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष में वसूली हेतु प्लान तैयार कर कार्य करें और डिमाण्ड बढ़ाकर नये डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करना सुनिश्चित करें। साथ ही नल कनेक्शन की जानकारी लेकर सभी से जलकर ले। उन्होने दुकान किराए की समीक्षा कर कहा कि, सभी दुकान प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के निगम स्वामित्व की दुकान, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के अनुमोदन पश्चात् प्रिमियम राशि की स्थिति, अनुबंध एवं किराया की स्थिति की क्षेत्रवार जानकारी रखे और दुकानदारों को नोटिस जारी कर टीम के साथ वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि, निगम द्वारा अस्थाई दखल शुल्क नही लिया जा रहा है, जबकि शहर में ठेला एवं पसरा का अंबार लगा है। सभी कर्मचारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कार्य करें, जिससे सही वसूली प्राप्त हो सकें। उन्होने कार्य योजना बनाकर वसूली करने कहा और अगली बैठक में प्रगति लाने कहा।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होने कम वसूली पर कहा कि, बार-बार मिटिंग लेने का उद्देश्य प्रगति लाने के साथ-साथ कमी का निराकरण करना है। पर कुछ वसूलीकर्ता ठीक से कार्य नही कर रहे है, जिससे वसूली बहुत कम है। कुछ लोगो के द्वारा अच्छी वसूली की गई है। उनसे दिशा निर्देश लेकर कार्य करें। शासन द्वारा दिए गए छुट का लाभ लेने करदाताओं को प्रोत्साहित करे।

राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखिजा ने कहा कि, वार्डवार वसूली की जानकारी संबंधित पार्षद को देवे, उनके साथ जाकर राजस्व कर वसूले, क्योकि, अपने वार्ड से संबंधित लोगो से उनका सीधा संपर्क रहता है, जिसका लाभ जरूर मिलेगा। उन्होने बड़े बकायादारों एवं दुकानदारों की सूची बनाकर वसूली हेतु साथ चलने कहा। बैठक के पूर्व में उपायुक्त मोबिन अली ने गत वर्ष का डिमाण्ड एवं वसूली की जानकारी देकर कहा कि, गर्मी को देखते हुए सुबह एवं शाम घर-घर जाकर वसूली करे तथा दोपहर को डिमाण्ड दुरूस्त करें। बैठक में प्र.सहायक राजस्व अधिकारी अशोक चौबे सहित राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

सिहावा में पंचायती राज दिवस पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सिहावा में पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया राज्य सरकार ने यह सुविधा नगरी ब्लॉग के दस पंचायतों को दिया है जिसमें आवास योजना के हितग्राही महतारी वंतन पेंशन योजना एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे सीधे हितग्राहियों को डिजिटल बैंक सुविधा के माध्यम से मिलेगा ग्राम वासियों को यह सुविधा मुफ्त में बिना किसी शुल्क के दिया जायेगा साथ ही ग्राम वासियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा विभिन्न प्रकार के पंजीयन का लाभ भी इस सुविधा केन्द्र से होगा साथ ही एक राष्ट एक चुनाव की भी ग्राम वासियों ने सहमति जताई साथ ही जल संरक्षण के लिए जल को कैसे बचाया चाहे गिरते हुए जल स्तर के विषय में गहन विचार किया गया साथ ही साथ वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सभी को प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाया इस अवसर पर स्वच्छता समिति की सभापति प्रेमलता नागवंशी सिहावा सरपंच उषा नाग पंच लोकेश्वर पटेल उपसरपंच सुनील निर्मलकर संजय सारथी ग्राम सभा के अध्यक्ष कष्यप जी समस्त पंच गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया अमृत धारा प्याऊ घर का उद्घाटन

भाटापारा/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल जल की सुविधा प्रदान करने हेतु मारवाड़ी युवा मंच ग्रैंड सिटी द्वारा भाटापारा नगर में स्थापित अमृत धारा प्याऊ घर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि जल सेवा सबसे श्रेष्ठ सेवा मानी गई है। अमृत धारा प्याऊ÷ का शुभारंभ जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो न केवल प्यास बुझाएगा, बल्कि सामाजिक चेतना को भी जागृत करेगा। उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों को इस प्रेरणादायक पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मंच के प्रमुख सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं तथा आम जन की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर इस प्याऊ को जन उपयोग के लिए समर्पित किया और समाज सेवा में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग दुखी

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार किसानों को ना तो पानी दे पा रही है और ना ही बिजली दे पा रही है,सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को खुश करने में लगी हुई है। उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में कही।

विधायक इन्द्र साव ने राज्य सरकार को जन विरोधी,किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप छाया हुआ है वही किसान अपने खेतों में पानी के लिए व्याकुल है। कही पानी की गुंजाइश दिखती भी है तो बिजली वाले विद्युत कटौती कर उसे पूरा कर रहे है। क्षेत्र क्या पूरे प्रदेश में अंधाधुन बिजली कटौती से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है और ये राज्य सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बिजली देने पर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। विधायक साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश सरकार के समय बिजली के रेट भी घरेलू और व्यवसाय दोनो में कम थे,लेकिन इस सरकार ने पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफतो कर रखा है लेकिन उपभोक्ता की जेब ढीली कर बिजली बिल के रेट में भी वृद्धि कर दिया है,जिससे लोगो का बजट भी गड़बड़ा गया है। राज्य सरकार उसके बाद भी नियमित रूप से किसानों,छोटे व्यापारियों और घरेलू लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है।

मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा ने हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

अमृत धारा के तहत प्याऊ का किया शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरुवार की शाम मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा भाटापारा ने अमृतधारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत अस्थाई प्याऊ स्टैंड का लोकार्पण कार्यक्रम जय स्तंभ भारत माता चौक में नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, गुलाबचंद गोलछा प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी प्रकाश मोदी पार्षद मनीष मिश्रा नंदकिशोर वैष्णव ,श्रेणिक गोलछा, नारीशक्ति शिवानी शर्मा, प्रीति तिवारी श्रद्धा बंसल श्वेता गोलछा प्रीति शाह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के समक्ष किया गया। साथ ही शाखा के अध्यक्ष कैलाश बंसल सचिव साकेत माहेश्वरी कोषाध्यक्ष अभिषेक टाटिया उपाध्यक्ष आशीष टोडर एवं विनोद अग्रवाल, आकाश अग्रवाल,गिरधर अग्रवाल, सह सचिव भावेश अग्रवाल, सिद्धार्थ गोलछा, संयोजक तुषार अग्रवाल, कृष्णकांत गोयल, निखिल उपाध्याय, वैभव सांखला आदि उपस्थित रहे। इसके पश्चात पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पहलगाम घटना आतंकवादियों की कायराना हरकत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा गोली मारकर हत्या करने की घटना की पूज्य सिंधी समाज राजनांदगांव ने कड़ी निंदा की है। साथ बेमौत मारे गए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त कर इस घटना के घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की है। पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल नगर के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता अशोक पंजवानी ने बताया कि बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने पहलगाम में आतंकी घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना देश की आत्मा पर हमले जैसा ही है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि आतंकवादियों को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को इसका माकूल जवाब देने का वक्त आ गया है।

शासकीय कर्मचारी खेतों में दे रहे शासकीय बोर का पानी

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। जिले के डोंगरगढ़ विधानसभा से 5 किलो मीटर दूर ग्राम भोथली में शासकीय बोर पर मशीन लगाकर खेतों में सिंचाई का मामला प्रकाश में आया है, जबकि इतनी भीषण गर्मी में आम आदमी पीने के पानी के लिए तरस रहा है। इतनी भीषण गर्मी में जमीन का जल स्तर काफ़ी नीचे जा चुका है।

ग्राम भोथली का है पूरा मामला*- डोंगरगढ़ विधानसभा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम भोथली में एक किसान अपने घर के सामने शासकीय हैण्ड पंप में अपनी निजी मशीन लगाकर खेतों में सिंचाई करते आ रहा था। मौके पर जाने में पता चला कि इस हैण्डपंप में पी एच ई विभाग के अधिकारी के संरक्षण में पी एच ई विभाग के ही कर्मचारी ने किसान को ये सुविधा मुहैया करवाई है।

सईयां भय कोतवाल तो फिर डर काहे का, आखिर अधिकारी इतना मेहरबान क्यों ?

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार इसकी शिकायत शासकीय स्तर पर हो चुका है। अधिकारी कर्मचारी शिकायत पर किसान को खाना पूर्ति के लिए मौखिक चेतावनी देकर चले जाते हैं लेकिन किसान के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं।

इसे क्या समझा जाए लोग इतनी भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे है। ऊपर से ये अधिकारी सिर्फ अपनी जेब गर्म करने में लगे हैं हालांकि इसकी हम पुष्टि नहीं करते हैं लेकिन गांव में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

अधिकारी कर रहे पानी सफाई का बहाना*- शासकीय बोर में मशीन लगाने वाले कर्मचारी पहले तो कहते हैं कि पानी खराब होने के कारण मशीन लगाकर पानी की सफाई कर रहे हैं लेकिन ये कैसी सफ़ाई हैं जो महीनों मशीन फिट कर व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाया जा रहा है। बिना किसी झिझक कर्मचारी मोबाईल में ये भी बताते हैं कि खाली इसी गांव में नहीं आसपास के बहुत से गांवों में ये लोग शासकीय बोर में मशीन लगाकर दिए हैं अधिकारी के कहने पर। जबकि जिला कलेक्टर घटते जल स्तर को देखते हुए धान की फसल को ना लगाने की अपील करते हैं और खेतों में या घरों में बोर खनन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध करते है। दूसरी ओर विभागीय अधिकारी कलेक्टर के आदेश को नज़र अंदाज करते नज़र आते हैं। पीएचई कार्यालय जाने पर पता लगता हैं कि साहब फील्ड में हैं। ये कैसा दौरा है कि अधिकारी से जब भी किसी विषय में जानकारी लेना चाहते हैं, तो अपने मुख्यालय से नदारत रहते हैं जिसे फ़ील्ड में दौरा के नाम से कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा जानकारी दी जाती है। साहब फील्ड में हैं तो फ़ील्ड में ऐसे अपराध कैसा की शासकीय हैण्ड पंप में निजी पंप कनेक्शन मिल रहा है।

यह सम्मान न केवल आपके परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए हैं प्रेरणा का स्रोत : दीपेश साहू

स्वर्ण पदक वितरण सम्मान समारोह में विधायक दीपेश साहू शामिल होकर दी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में एक गरिमामय कार्यक्रम स्वर्ण पदम वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ मती वीणा त्रिपाठी मैडम ने बताया कि 1997 से स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता रहा है ताकि विद्यार्थी भविष्य में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित हो सके।

कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा मैं इन सभी 14 स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपनी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ। यह सम्मान न केवल आपके परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने आगे कहा जो विद्यार्थी आज शीर्ष स्थान पर हैं, उन्हें देखकर बाकी छात्र भी मेहनत करें और आने वाले समय में खुद को साबित करें कि हम भी आगामी समय मे एक बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कॉलेज का अनुशासित वातावरण ही यहाँ की सबसे बड़ी विशेषता है, जहाँ विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

14 विद्यार्थियों का सम्मान - शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा के स्वर्ण पदम वितरण सम्मान समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 14 प्रतिभावान विद्यार्थियों आशीष कुमार, अंजू चहल, कु. रेणुका, प्रीति, मीनाक्षी, हर्षा शर्मा, दुर्गा, अनित कुमार, चांदनी, लुकेश्वरी, लीना, अविनाश कुमार, कु. दुर्गा, हर्षिता केसर को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र, नारियल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। विधायक साहू ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पढ़ाई मांगती हैं एकाग्रता और समर्पण - विधायक साहू ने छात्रों को मोबाइल, सोशल मीडिया और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि पढ़ाई एकाग्रता और समर्पण की मांग करती है। उन्होंने कहा दुनिया सिर्फ सफलता देखती है। यदि आप अपने सपनों को स्पष्ट रूप से नहीं देखेंगे, तो उन्हें साकार करना कठिन होगा। सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

अनुभव किया साझा - विधायक दीपेश साहू ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2018 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर जनसेवा का मार्ग अपनाया और जनता का अपार स्नेह ही उन्हें राजनीति में आगे ले आया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और सकारात्मक सोच रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में यह रहें उपस्थित - महाविद्यालय के सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्रोफेसर जितेन्द्र बारले ने किया। इस कार्यक्रम में दिनेश साहू, डीआर साहू, बीआर साहू, एमएफ खान, डॉ डीडी द्विवेदी, सु शैल शर्मा, डीपी जंघेल, ज्योति, डॉ पायल गोस्वामी, डॉ डोसन साहू, आशुतोष शुक्ला समस्त स्टॉफ के साथ साथ छात्र छात्राएं शामिल हुए। भूगोल विभाग के डॉ द्विवेदी द्वारा आभार प्रकट किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य

सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंत में विधायक दीपेश साहू ने महाविद्यालय के विकास हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बेमेतरा जिले में नालंदा परिसर के पर भव्य लाइब्रेरी की निर्माण कार्य शुरू हो जाएगी। वही केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगी। अत्याधुनिक लाइब्रेरी की निर्माण से युवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करने मे आसानी होंगी। इसके साथ ही खेल मैदान की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे जिले के युवाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

संक्षिप्त खबरें

सतीश थौरानी ने रजिस्ट्री के साथ जमीन का ऑटोमेटिक नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी को, रजिस्ट्री के साथ जमीन का ऑटोमेटिक नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश की जनता व व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त के बाद नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गजट नोटिफिकेशन जारी कर तहसीलदारों से नामांतरण का अधिकार छीन कर यह अधिकार अब रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को सौंप दिया है।अब रजिस्ट्री के साथ ही जमीन का नाम संबंधित खरीददार के नाम स्वतः ऑटोमेटिक ही दर्ज हो जाएगा तथा इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी बल्कि भूमाफियाओं और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी व आम जनता को होने वाली असुविधा से मुक्ति मिलेगी ।माननीय मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री द्वारा जारी इस नए आदेश से जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी।

मां बंजारी और बिरगांव भाजपा मंडल ने आतंकवाद का पुतला फूंका

रायपुर /नवप्रदेश। मां बंजारी भाजपा मंडल और बिरगांव मंडल द्वारा आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर, पुतला दहन व्यास तालाब चौक पर किया गया।जिसमें मुख्य रूप से भाजपा शहर जिला अध्यक्ष आदरणीय रमेश सिंह ठाकुर जी, अकबर अली ओमप्रकाश साहु नेताप्रतिपक्ष, योगेश साहु, भागीरथी यादव मंडल अध्यक्ष द्वय, एवज देवांगन केहरु साहु ज्ञानेश्वरी मिर्झापार्षद, पिंकु गुप्ता हरिशंकर मिश्रा मालिक राम साहू पुनाराम साहु डेविड साहु नरसिंह निषाद शांति साहु विकाश शर्मा केशू चंद्राकर नारद देवांगन बिसत साहु मासूम अली शुभम पाण्डे तेज साहु सुनील साहु मोनू भाई, जय देवांगन अवनीश विश्वकर्मा अवनीश गिरी आशीष द्विवेदी बबलू शर्मा यशवंत निर्मलकर तुलेश साहु योगेंद्र वर्मा उमा साहु, फुलमनी सोनवानी, भारती, कविता, शीतला साहु तोप सिंह संजय भाई, मनोज निषाद, पावन साहु कश्यप भाई, विकाश दुबे, हरीश भाई, अनुराग, रामकुमार साहु, संतोष राव, राजेंद्र साहु नरेंद्र कुर्रे आदि दोनों मंडल के समस्त कार्यकतागण शामिल हुए।

पूर्व सीएम बघेल ने कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में रायपुर के समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया की दुखद मौत के बाद, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज उनके निवास पहुंच। इस दौरान उन्होंने दिनेश मिरानिया की पत्नी नेहा और बेटे शौर्य से मुलाकात की और इस त्रासदी पर शोक जताया।पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बारीकी से इस घटना के बारे में जानकारी ली और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समता कॉलोनी, रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45 वर्ष) को आतंकियों ने कश्मीर बैसरन घाटी में उसी दिन गोली मारी, जिस दिन उनकी शादी की सालगिरह थी. दिनेश पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे पूरे परिवार का खुशहाल पल दर्दनाक त्रासदी में बदल गया.

समस्याओं/शिकायतों के निराकरण हेतु जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह अप्रैल 2025 में 28 मार्च को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 25 जिलों में क्रमशः जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलोदा बाजार, जिला पंचायत बलरामपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, ई.एस.आई.सी.ब्रांच ऑफिस बिलासपुर, जिला पंचायत धमतरी, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस राधिका नगर भिलाई भिलाई-दुर्ग, आर.टी.ओ. ऑफिस/श्रम कार्यालय टिकर कला गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर जांजगीर-चाम्पा, नगर पंचायत कुनकुरी जशपुर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्रम कार्यालय कोरबा, जनपद पंचायत सोनहट कोरिया (बैकुंठपुर), जिला पंचायत महासमुंद, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रग?, जनपद पंचायत मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट कैंपस कमरा नंबर 252 मुंगेली, ई.एस.आई.सी. कार्यालय रायगढ़, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी रायपुर, ई.एस.आई.सी. कार्यालय राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, श्रम कार्यलय अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद् गुरपत रोड सक्ती, जनपद पंचायत रामानुजनगर सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा । अतः समस्त नियोक्ताओं/अंशधारकों/पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें ।

छत्तीसगढ़ का पहला सीआरडी मशीन वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में

रायपुर/नवप्रदेश। वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में छत्तीसगढ़ का पहला सीआरडी मशीन स्थापित किया गया है। इस मशीन के जरि एलर्जी का पता चल सकेगा और उन बीमारियों का जल्द से इलाज भी संभव होगा। दरअसल, नाक, फेफड़े और त्वचा की एलर्जी का अक्सर पता लगाना संभव नहीं हो पाता हैं, लेकिन सीआरडी मशीन से इसका निदान भी संभव हो पाया है। साथ ही एलर्जी immunotherapy से 100 प्रतिशत इलाज संभव हैं कि नहीं, वह भी पता चल सकेगा। सामान्यतः कई बार बच्चों में विभिन्न प्रकार के चीजें जैसे अंडा, बादाम, चावल, दूध, गेहूं, सेव खाने से समस्या आ जाती है एलर्जी हो जाती है इस वजह से माता-पिता भी बच्चे को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन सीआरडी मशीन से पता चलेगा कि बच्चे इन चीजों को ग्रहण कर सकते हैं या नहीं। इस टेस्ट की जारी डॉक्टर आपको बता सकता है कि कौन सी चीज खानी है नहीं खानी है या कैसे खानी है उदाहरण के लिए यदि अगर अंडा नहीं खा पा रहा है तो इस टेस्ट के जरिए पता चल सकता है कि उसे प्रोटीन से एलर्जी है तो अंडा उबाल कर खाने से एलर्जी नहीं होगी या सेब के छिलके के प्रोटीन से एलर्जी है तो छिलका हटाकर खाया जा सकता है ।

गंभीर प्रतिक्रियाओं के लिए जोखिम स्तरीकरण

यह गंभीर / रियेक्सन के खतरे को कम करने मे या स्थिर करने में मदद करता है। गंभीर एलर्जी के लिए बायोमार्कर हैं सीआरडी। इसका परिणाम एलर्जी के जोखिम के भविष्य में होने वाले प्रभाव को पहचानने में मदद करती है जिससे मरीज उचित परहेज करके दुष्परिणाम से बचा रह सकता है ।

क्रॉस-रिएक्टिविटी का स्पष्टीकरण

सीआरडी प्राथमिक एलर्जी (जैसे, झींगा ट्रोपोमायोसिन) को पराग से संबंधित क्रॉस-रिएक्शन (जैसे, फलों के लिए ओरल एलर्जी सिंड्रोम) से अलग करता है, आहार संबंधी सलाह में सहायता करता है और अनुचित प्रतिबंधों को कम करता है। **बेहतर डायग्नोस्टिक सटीक**-पारंपरिक परीक्षणों में आम तौर पर सटीकता कम होती है इस परीक्षण से बेहतर डायग्नोस्टिक रिजल्ट आते है यह चिकित्सीय रूप से एलर्जी के मुख्य कारण को ढूँढता है ।

एलर्जी विकास की निगरानी-समय के साथ संवेदनशीलता में परिवर्तन को ट्रैक करता है, विशेष रूप से बच्चों में उपयोगी है इससे यह पता चल जाता है की भविष्य में बच्चों को इस एलर्जी से परेशानी तो नहीं होगी ।

इस पद्धति एलर्जी के इलाज में आधुनिक प्रोटीन टेस्ट की परिणाम के आधार पर उपचार की योजना बना सकते हैं । इस टेस्ट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ केदारनाथ देवांगन ने सीआरडी एलर्जी परीक्षण के लाभ बताते हुए कहा की यह परिणाम इलाज की सटीकता को बढ़ाता है ।यह सटीक एलर्जी और क्रॉस-रिएक्शन के बीच अंतर करने में मदद करता है व सटीकता को बढाता है

खुड़मुड़ा में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं वार्ड वासी

■ अम्लेश्वर पालिका में पहले एक लेकिन अब 5 पानी की टैंकर

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। भयावह गर्मी के कारण खारुन नदी के पास बसे अम्लेश्वर में पानी के समस्या विकराल रूप ले रही है। लगातार जल का स्रोत घटने से कई स्थानों पर 25 से 30 फीट के बाद पानी नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा पानी की समस्या से जूझते हुए वार्डवासी देखे जा सकते है।

अमलेश्वर पालिका अंतर्गत खुड़मुड़ा के कुछ वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है जहां पर लगातार दिन में चार से पांच बार पानी की सप्लाई पालिका द्वारा टैंकरों की जा रही है।इसी प्रकार बजरंग नगर,सुभराम नगर, साहूपार अटल आवास में पानी की समस्या रहवासियों ने बताई । अमलेश्वर के निवासियों ने बताया कि तिरंगा चौक के आसपास भी भूजल स्तर काफी गिरा हुआ है जिसके कारण पानी की हल्की-फुल्की समस्या है। उन्होंने बताया कि कई घरों में बोर है जिसे पानी लेकर वह अपना काम चला रहे हैं

खुड़मुड़ा सबसे ज्यादा समस्या पानी की

खुड़मुड़ा के भाटापारा, साहूपारा में पानी की समस्या बनी हुई है टैंकर आने से पहले ही लोग अपने घर से पानी भरने के लिए बर्तन लेकर इंतजार में रहते हैं। पानी भरने के लिए घर की महिलाओं के अलावा पुरुष और बच्चे भी साथ में निकलते हैं। जबकि खुड़मुड़ा के भाटापारा में पानी का टंकी है फिर भी उसकी सप्लाई न काफी साबित हो रही है।नगर पालिका अमलेश्वर के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल अमलेश्वर के कुछ वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है जिससे टैंकर द्वारा आपूर्ति की जा रही है जहां ज्यादा समस्या है वहां लगातार टैंकर की सप्लाई की जा रही है।

सादगी से मनाया जायेगा भगवान परशुराम जी का प्रागट्य पर्व

रायपुर/नवप्रदेश। विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की मासिक बैठक आज रायपुर के श्री महामाया देवी मंदिर परिसर में संपन्न हुई. बैठक की जानकारी प्रदान करते हुये संगठन की प्रदेश सचिव श्रीमती अर्चना दीवान ने बताया कि आगामी 29 अप्रैल मंगलवार को हमारे आराध्य विप्र शिरोमणि भगवान श्री परशुराम का अवतरण दिवस मनाया जायेगा.

बैठक में भगवान श्री परशुराम प्रागट्योत्सव के आयोजन के संबंध में उपस्थित सहयोगियों को जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला ÷पराशर÷ ने कहा कि विगत 22 अप्रैल ?को राष्ट्र के मुकुट कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पहली बार धर्म के नाम पर देश के विभिन्न प्रांतों के निवासी हिन्दुओं को उनके परिवार के सामने मारकर अत्यंत घृणित कृत्य किया गया है जो कि संपूर्ण भारत देश के लिये असहनीय एवं पीड़ादायक है. व्यक्तिगत रूप से ना सही लेकिन संगठन परिवार राष्ट्र के? निवासी इन शोकाकुल परिवारों के दुःख में हम बराबर के सहभागी हैं अतः इस वर्ष भगवान श्री परशुराम जी के अवतरण दिवस पर भगवान श्री परशुराम जी की पूजा आरती के अतिरिक्त पूर्व में प्रस्तावित अन्य गतिविधियों को स्थगित कर प्राकट्य पर्व को पूर्ण सादगी से मनाया जायेगा. दोपहर को भगवान श्री परशुराम जी की पूजा आरती के पश्चात सायंकाल? किसी भी देव स्थल में दीपक प्रज्वलित कर पहलगाम घटना में शहीद लोगों को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए इन आतंकी घटनाओं को सदैव के लिये खत्म करने के लिये भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सदैव मजबूत बनाये रखने की प्रार्थना की जायेगी.इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं.शैलेन्द्र रिछारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष पं.विवेक दुबे, आदि उपथित थे।

स्कूल शिक्षा विभाग ने छात्रों के समर कैंप लगाने जारी किया गाइडलाइन

■ विशेषज्ञ देंगे विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण, कराया जाएगा शैक्षणिक भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टी के दौरान स्कूली छात्रों के लिए समर कैंप लगाने को लेकर गाइडलाइन जारी किया है. इस समर कैंप का उद्देश्य अलग-अलग रचनात्मक गतिविधि के जरिए बच्चों का कौशल विकास करना है. 9 अलग-अलग बिंदुओं पर गाइडलाइन जारी हुई है. शिक्षा सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टर और डीईओ को आदेश जारी किया है.

समर कैंप के दौरान बच्चों को चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध-कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा. साथ ही खेलकूद, अपने गांव व शहर का ऐतिहासिक परिचय दिया जाना भी शामिल रहेगा. वहीं स्कूली बच्चों को औद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थानों का भ्रमण भी कराया जा सकता है.

समर कैंप के लिए दिशा-निर्देश जारी

शिक्षा विभाग की ओर से 9 बिंदुओं पर आदेश जारी किया गया है.

01. छात्र-छात्राओं के लिए समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव, शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है।
02. समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है, ग्राम शहर से निकट विभिन्न बड़े संस्थानों (औद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज आदि) का भ्रमण भी कराया जा सकता है।
03. समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के पालकों का भी सहयोग लिया जा सकता है।
04. समर कैम्प में निम्नानुसार रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा सकती है यथा- चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध-कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां।
05 . इन गतिविधियों के अलावा अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं।
.06. समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लिया जाए।
07. यह आयोजन पूर्णतः स्वेच्छिक रहेगा और समर कैम्प सुबह 07:30 बजे से 09.30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। जनसहयोग का पर्याप्त उपयोग करने का निर्देश।
08. समर कैंप के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नही होगा. कृपया जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कार्यक्रम को सफल बनावें।
09. ग्रीष्मकालीन प्रायोजना शिक्षक एवं पालकों से सहयोग लेकर बच्चों से पूर्ण करावें।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर एक्शन मोड में आई टीम प्रहरी

■ शहर के अवैध निर्माण तोड़ने और फ्लैक्स-पोस्टर हटाने की हुई कार्रवाई

■ कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में निगम अमले ने की कार्रवाई

रायपुर । कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में आज अवैध निर्माण तोड़ने और सड़कों से फ्लैक्स-पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई। रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में टीम प्रहरी द्वारा भाठागांव, भारतमाता चौक, अमलीडीह के कैनाल रोड, खम्हारडीह, डूमरतालाब, रिंग रोड नं. 01 और डूमरतराई थोक बाजार में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। वहीं, टिकरापारा स्थित सिद्धार्थ चौक से पुलिस लाइन तक और तेलीबांधा इलाके में निगम अमले ने फ्लैक्स एवं पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया था कि अवैध निर्माण और सड़क पर लटकते-फटे हुए फ्लैक्स-पोस्टरों को निकालने की कार्रवाई करें। जिसके परिपालन में आज निगम अमले ने शहर के मुख्य मार्गों में कार्रवाई की।

छत्तीसगढ़ में अब सभी सरकारी काम होंगे डिजिटल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब सभी विभागीय कार्यालयों में डिजिटल माध्यम से कार्य किए जाएंगे. अंतर-विभागीय पत्राचार और नोट शीट केवल ई-ऑफिस फाइल सिस्टम के माध्यम से ही भेजी जाएंगी. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि जिन विभागों में अभी तक ई-ऑफिस प्रणाली शुरू नहीं हुई है, वहां शासकीय ईमेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा।

शिक्षा, शोध एवं प्रौद्योगिकी विकास मिलकर काम करेंगे दो प्रतिष्ठित संस्थान

■ इंदिरा गांधी कृषि विवि तथा आईआईटी, भिलाई के बीच समझौता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), भिलाई शिक्षा, शोध तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों के विद्यार्थियां के प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण स्नातकोत्तर शोध, संकाय शोध तथा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास की संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आज यहां दोनों संस्थानों के मध्य पांच वर्षीय समझौता किया गया। समझौता ज्ञापन पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने हस्ताक्षर किये।

निराकरण ... ग्राम चपरीद में अतिक्रमणकारियों से भूमि कराई मुक्त

सुशासन तिहार का असर: आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में नागरिकों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए, वहीं द्वितीय चरण में इन समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ आमजनों की समस्याओं के निराकरण में जुटे हुए हैं।इसी कड़ी में आरंग विकासखंड के ग्राम चपरीद में अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन्हें ग्रामीणों ने समाधान पेटी में डालकर प्रशासन तक पहुंचाया। इन शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए तहसीलदार श्री जी. एन. सिदार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित भूमि को बुलडोजर कार्रवाई करते हुए मुक्त कराया गया।

ग्राम चपरीद के निवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई हुई, यह शासन की एक सराहनीय पहल है। सुशासन तिहार के माध्यम से जनता और शासन के बीच की दूरी कम हो रही है और विश्वास में वृद्धि हो रही है।

न्यूज़ गैलरी

सुरक्षा डायग्नोस्टिक का शेयर बीते छह महीने में 25 प्रतिशत फिसला

मुंबई। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में बीते छह महीने में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर की कीमत 103 रुपये या 24.69 प्रतिशत कम हो गई है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में 65.85 रुपये या 17.32 प्रतिशत की गिरावट हो चुकी है। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर बुधवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में शेयर 1.85 रुपये या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 314.25 रुपये पर था। कई रिपोर्टों में शेयर मूल्य में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें कमजोर वित्तीय प्रदर्शन, नकारात्मक इंडस्ट्री सेंटीमेंट और प्रबंधन में बदलाव शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण भी सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई।
सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर का उच्चतम स्तर 449 रुपये है, जो कि 6 दिसंबर, 2024 को दर्ज किया गया था। वहीं, न्यूनतम स्तर 231 रुपये है जो 4 मार्च को दर्ज किया गया था।एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण 1,636.64 करोड़ रुपये है।सुरक्षा डायग्नोस्टिक की लिस्टिंग 6 दिसंबर, 2024 को हुई थी। शेयर में शुरुआत से ही कमजोरी देखी गई। शेयर अपने इश्यू प्राइस 441 के मुकाबले 438 रुपये पर खुला। हालांकि, शुरुआती कारोबार में इसने कुछ समय के लिए 449 रुपये का इंट्रा-डे हाई छुआ, लेकिन जल्दी ही इसने अपनी गति खो दी और पूरे सत्र में शेयर लाल निशान में रहा। इस दौरान शेयर ने 414.95 का इंट्रा-डे लो बनाया और कारोबार के अंत में 5.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 417.25 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी ने पिछले साल के अंत में 846 करोड़ रुपये का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) पेश किया था, जो 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक बोली के लिए खुला था।

45 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स लेनदेन के लिए अपना रहे हैं

भारत 'वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों' के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा

नई दिल्ली। भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत की सहयोगी कंपनियों कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है।

भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा, भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है। पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा। साथ ही टॉप पांच उभरते उपभोक्ता उत्पादों के बाजारों में प्रति व्यक्ति आय में सबसे तेज वृद्धि देखेगा, जिसमें चीन, ब्राजील, मैक्सिको और रूस जैसे देशों के नाम भी शामिल होंगे। भारत को पारंपरिक रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक कठिन बाजार माना जाता रहा है। बावजूद इसके देश ने बाधाओं को दूर कर तेजी से सुधार किए हैं। तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाने, स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने कंपनियों को भारत की विविध आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स पारंपरिक और आधुनिक व्यापार चैनलों की तुलना में 2-3 गुना तेजी से बढ़े हैं, जिससे बाजार में प्रवेश करने के लिए व्यापक पारंपरिक व्यापार नेटवर्क की आवश्यकता कम हो रही है। डिजिटल पेमेंट भी लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं, इसे 45 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स लेनदेन के लिए अपना रहे हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बेन स्ट्रैटेजी प्रैक्टिस के प्रमुख निखिल ओझा ने कहा, हम एक ऐसा बाजार देख रहे हैं, जहां पुराने और नए खिलाड़ी दोनों ही बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन ऐसा तभी होगा, जब वे अपने दृष्टिकोण को वास्तव में भारत-केंद्रित बनाएंगे।

2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है

पीएम मोदी बोले- इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाएं, उत्पादन बढ़ाएं; नवाचार अपनाएं

दिल्ली। पीएम ने बृहस्पतिवार को इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इस्पात उभरता हुआ क्षेत्र होने के साथ विकास की रीढ़ है। 2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टील उद्योग के प्रतिनिधियों से कहा कि मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करें। उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करने के साथ हमें नई तकनीकी को अपनाने, नवाचार करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयला आयात में कमी लाने की दिशा में ध्यान देना चाहिए। पीएम ने बृहस्पतिवार को इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, इस्पात उभरता हुआ क्षेत्र होने के साथ विकास की रीढ़ है। 2030 तक 30 करोड़ टन का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें इस्पात उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। 2023-24 में देश की इस्पात उत्पादन क्षमता 17.9 करोड़ थी। प्रधानमंत्री ने संबोधन में यह भी कहा, इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नई खदानों से लौह अयस्क निकालने का प्रयास शुरू करना चाहिए। इन खदानों का उचित और समय पर उपयोग किया जाना महत्वपूर्ण है। ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा। पीएम ने कहा, देश 1,300 अरब डॉलर की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को भी आगे बढ़ा रहा है। बड़े पैमाने पर स्मार्ट सिटी बनाए जा रहे हैं।सड़कों, रेलवे, एयरपोर्ट, बंदरगाहों और पाइपलाइन में विकास की गति इस्पात क्षेत्र के लिए नए अवसर पैदा कर रही है। बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। मोदी ने कहा, इस्पात क्षेत्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें युवाओं को रोजगार देने की क्षमता है। हमें ऊर्जा दक्षता, कम उत्सर्जन और डिजिटल रूप से उन्नत प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

वैश्विक नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत न सिर्फ घरेलू वृद्धि के बारे में, बल्कि इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के बारे में भी सोच रहा है। दुनिया भारत को उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में देखती है। देश में बुनियादी ढांचे को बढ़ा रही सरकार अपने अनुबंधों में स्थानीय रूप से विनिर्मित इस्पात के उपयोग पर जोर दे रही है।

विश्व बैंक समूह के प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब के नए सदस्यों में सुनील मित्तल शामिल

नई दिल्ली। विश्व बैंक समूह ने अपने प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब (पीएसआईएल) के अगले चरण को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह चरण बड़े पैमाने पर बेहतरीन समाधानों को लागू करने पर केंद्रित है और इसके नए सदस्यों में भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल शामिल हैं। इस नए चरण में लैब की मेंबरशिप का विस्तार किया गया है। इसमें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजन का अनुभव रखने वाले उद्योग जगत के नेताओं को शामिल किया गया है। उद्योग जगत के इन नेताओं के अनुभव के साथ विश्व बैंक रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, मेंबरशिप बढ़ाने के साथ हम अपने संचालन में इस काम को मुख्यधारा में ला रहे हैं और इसे सीधे रोजगार एजेंडे से जोड़ रहे हैं। बंगा ने कहा, यह कदम प्राइवेट सेक्टर को निवेश का रास्ता दिखाने में मददगार होगा। परिणामस्वरूप निवेश से रिटर्न मिलेगा और अर्थव्यवस्थाओं को भी समान रूप से ऊपर उठाने में मदद मिलेगी। यह हमारे जनादेश का केंद्र है। लैब के नए सदस्यों में बेयर एजी के सीईओ बिल एंडरसन, डांगोटे ग्रुप के प्रेसिडेंट और सीईओ अलिको डांगोटे, हयात होटल्स कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट और सीईओ मार्क होपलामाजियन शामिल हैं। मित्तल ने कहा, विश्व बैंक समूह दुनिया भर में उभरते बाजारों में अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने और अवसर पैदा करने की पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जैसा कि प्रेसिडेंट बंगा ने कहा है कि प्राइवेट सेक्टर परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
Email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना कुंरा (धरसीवा) कालोनी रायपुर में निर्मित अटल आवास योजना के अंतर्गत, भवन/भूखंड क्रमांक अटल आवास-260 श्रीमती रमा देवी वर्मा पति श्री चरण दास वर्मा को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में संपूर्ण राशि जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 29.01.2010 को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी के द्वारा दिनांक 03.10.2013 को फ्री-होल्ड (हस्तांतरण विलेख) निष्पादित करा लिया गया है। तद्उपरांत मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड उपरांत क्रेता श्रीमती कोमल तिवारी पति श्री आशीष तिवारी के पक्ष में दिनांक 01.12.2018 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

किंतु उक्त भवन का नामांतरण पूर्व क्रेता श्रीमती कोमल तिवारी पति श्री आशीष तिवारी के नाम दर्ज होने के पूर्व दिनांक 11.09.2019 को दान विलेख के माध्यम से अपने देवर श्री आलोक तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी क्रेता श्रीमती कोमल तिवारी पति श्री आशीष तिवारी द्वारा आवेदन पत्र, दान विलेख एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, प्राप्त आवेदनानुसार उक्त भवन श्री आलोक तिवारी पिता श्री राकेश तिवारी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
Email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर में निर्मित श्वेत हंस परिसर के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/ भवन क्रमांक सिनियर एच.आई.जी.-203 मेजनाइन श्री विजय कुमार रात्रे पिता स्व. श्री टी.पी. रात्रे को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 15.07.2003 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 04.04.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री रामनरेश चौहान पिता श्री रतिराम चौहान के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओकेश्वर साहू पिता से सेऊक राम साहू जाति निवासी ग्राम मासुलगोंदी तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मासुलगोंदी में दिनांक 02/12/2023 को आवेदक के पिता सेऊक राम साहू की मृत्यु हो जाने के कारण उस व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 20/04/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
देवकर
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल जंघेल पिता सुदामा जंघेल जाति लोधी निवासी ग्राम सोनडोंगरी तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सोनडोंगरी दिनांक 22/10/2000 को आवेदक के पिता/पति/माता/ पत्नी/ पुत्र/ पुत्री गोपाल जंघेल की मृत्यु हो जाने के कारण उस व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 30/04/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।
दिनांक 17/04/2025
स्थान- देवकर

सील
तहसीलदार
देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

पुनर्वास महानिदेशालय
'ओएसएसएफ में रोजगार हेतु स्वर्णिम अवसर'

पूर्व सैनिकों को ओडिशा स्पेशल स्ट्राइकिंग फोर्स (ओएसएसएफ) में अनुबंध के आधार पर सीधी भर्ती हेतु आमंत्रित किया जाता है :-
. कुल रिक्तियां - 3000
. अनुबंध अवधि - एक वर्ष (60 वर्ष की आयु तक विस्तारणीय)
. प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय सोमवार को वाक-इन-इंटरविव
. परिणाम अगले दिन
. वेतन एवं भत्ते
(i) वेतन - सिपाही - रु. 45,000/- प्रति माह
एन सी ओ- रु. 50,000/- प्रति माह
(ii) वर्दी भत्ता अतिरिक्त
(iii) एक्स ग्रेशिया लाभ (सक्रिय सेवा के दौरान मृत्यु या अशक्तता होने की स्थिति में अनुग्रह राशि का भुगतान)
. प्रार्थना पत्र, योग्यता, भर्ती की शर्तें, भत्ते, दस्तावेज, चयन प्रक्रिया या अतिरिक्त जानकारी के लिए पुनर्वास महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgrindia.gov.in पर लाग इन करें।
CBC 10401/11/0001/2526

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425411118266

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी हेमंत मारकंडे पिता/पति वीरेन्द्र कुमार पता पुलिस लाईन दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 115/6(0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुमित्रा साहू पिता/पति हेमंत कुमार साहू पता गोकुलपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202425411118270

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी हेमंत मारकंडे पिता/पति वीरेन्द्र कुमार पता पुलिस लाईन दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 115/6(0.0112) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पूनम साहू पिता/पति कृष्ण कुमार साहू पता बोरीगारका जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00024 पतोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430304000014

तहसील पाटन के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम पतोरा के वर्तमान भूमिस्वामी पीलाराम पिता/पति भोन्दुराम पता पतोरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 236/2(0.0300), 41(0.8500), 271(0.9200), 53/2(0.2400), 291/1(0.0300), 55(2.1900), 87(0.2900), 221(0.0500), 222(0.0500), 223(0.0500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लोकेन्द्र कुर्रे पिता/पति पीलाराम पता ग्राम पतोरा तह. पाटन जिला दुर्ग, शिवकुमार पिता/पति पीलाराम पता ग्राम पतोरा तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800134

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी बलदेवराम पिता/पति पांडेराम पता 2/ए 39/6 भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 357/10(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुमित्रा बाई पिता/पति बलदेवराम पता ब्लाक नं. 357 सड़क नं. 2/एफ वार्ड 63 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, सीमा ओहदार पिता/पति बलदेवराम पता ब्लाक नं. 357 सड़क नं. 2/एफ वार्ड 63 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, सतीश कुमार पिता/पति बलदेवराम पता ब्लाक नं. 357 सड़क नं. 2/एफ वार्ड 63 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, सविता ओहदार पिता/पति बलदेवराम पता ब्लाक नं. 357 सड़क नं. 2/एफ वार्ड 63 प्रगति नगर रिसाली भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
CORRIGENDUM No. 1

IN
1. NIT No. 08/SAC/2004-25 Dtd. 26.03.2025 System Tender No. 165997 (Ist Call)
2. NIT No. 09/SAC/2004-25 Dtd. 26.03.2025 System Tender No. 165998 (2nd Call)

Whose **G No. 242506170** due to including Chhattisgarh Government WRD Mantralaya Mahanadi Bhavan, Nava Raipur, Atal Nagar Letter No. 1664/F-7-7/S-2/31/2001 Dated 09.04.2025 and letter No. 1751/F-7-7/S-2/31/2001 Dated 21.04.2025 in tender document Form B (Envelope C) following amendments are made :-

S.No.	Particulars	Previous published	Amendments as
1	Bid due date and time	date 16.04.2025 (time 17.30 hrs.)	Date 30.04.2025 (Time 17.30 hrs.)
2	Bid Open Start date and time	date 17.04.2025 (time 17.30 hrs.)	Date 01.05.2025 (Time 17.30 hrs.)

Note :- All other terms and conditions of NIT will remainunchanged and the detailsamendments can be seen in Chhattisgarh **https://eproc.cgstate.gov.in** website..

Executive Engineer
M.R.P. Dam Division No. 2, Rudri
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)
G-252600482/4

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
-: सार्वजनिक सूचना :-

क्रमांक/982/भू.अ.प्र.क्र. 202403210100018/अ-82/वर्ष 2023-24
बलौदाबाजार, दि. 17/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूसिच किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत निपनिया-लटुवा-बलौदाबाजार मार्ग पैकेट क्रमांक 07, लंबाई 29.674 कि.मी. मार्ग निर्माण हेतु ग्राम रमदैया, प.ह.नं. 30, तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण परियोजना प्रबंधक (ए.डी.बी.प्रोजेक्ट) छ.ग. सड़क विकास परियोजना लोक निर्माण विभाग बलौदाबाजार के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

स. क्र.	भूमि स्वामी का नाम	अर्जित खसरा नंबर	कुल रकबा (हे.में)	कुल अर्जित रकबा (हे.में)	भूमि का किस्म
1	अजीत सिंह वल्द रामसिंह	72	0.081	0.053	पड़त मुख्य मार्ग से लगा हुआ।
	योग -	01	0.081	0.053	

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना प्रकाशन की तिथि के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ भू-अर्जन अधिकारी, भाटापारा के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उसके पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

(दीपक सोनी)
कलेक्टर
बलौदाबाजार-भाटापारा
जी-252600453/2

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांकः 261/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक भावेश देवांगन पिता स्व. ईश्वर सिंग देवांगन निवासी क्वा. नं.-10/ए, सडक 43, सेक्टर सिविक सेंटर भिलाई, थाना सेक्टर-6 भिलाई दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490006 आवेदिका लवली भट्ट पिता स्व. बिर बहादुर भट्ट निवासी क्वा. नं.-22/ (सी डी), वार्ड नं.-02, रेल्वे कॉलोनी बालोद, तहसील व जिला-बालोद थाना कोतवाली थाना बालोद (छ.ग.) पिन नं. 491226 द्वारा कलावती भट्ट, बारालिनी साही जी उदयागिरी जिला कांधामल ओडिसा 762100 थाना-पीएस जी उदयागिरी जिला कांधामल ओडिसा 762100 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 08/05/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ती ASHFIYA(अशफिया) पति RAHMAN ASHRAF (रहमान अशरफ) उम्र-30 वर्ष वर्तमान निवासी- मकान नं. 610, वार्ड नंबर-19, सिरसाखुर्द, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्न कथन करती हूं कि यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम DEVKI (देवकी) दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम DEVKI SAHU (देवकी साहू) दर्ज है। मेरा विवाह दिनांक 19.04.2024 को RAHMAN ASHRAF (रहमान अशरफ) पिता जहुर अहमद के साथ हुआ है जिसका विवाह प्रमाण पत्र संलग्न है। मै विवाह के पश्चात से ASHFIYA (अशफिया) पति RAHMAN ASHRAF (रहमान अशरफ) के नाम से जानी, पहचानी व पुकारी जाती हूं। मेरा नाम DEVKI (देवकी) व DEVKI SAHU (देवकी साहू) एवं ASHFIYA(अशफिया) तीनो नाम एक ही महिला का नाम है, जो मुझ शपथकर्ती का ही नाम है। यह कि मैं अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों व आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना विवाह पश्चात वाला नाम ASHFIYA (अशफिया) पति RAHMAN ASHRAF (रहमान अशरफ) को दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
अशफिया पति रहमान अशरफ
वर्तमान निवासी- मकान नं. 610, वार्ड नंबर-19, सिरसाखुद तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सोनू आ. देवराज दुर्गा, निवासी-318, नेवई बस्ती, वार्ड कं.-64, उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरा सहीं नाम सोनू आ. देवराज दुर्गा, निवासी-318, नेवई बस्ती, वार्ड कं.-64, उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ। मेरा आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक खाता में मेरा नाम सोनू आ. देवराज दुर्गा है। मेरा दस्तावेज जैसे- मेरा आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक खाता में में मेरा नाम सोनू है मेरे पिता का नाम देवराज देवराज दुर्गा जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में भी वास्तविक नाम सोनू आ. देवराज दुर्गा है। यह कि, मेरे घर का नाम रेनु दुर्गा आ. देवराज दुर्गा था। मेरे माता-पिता द्वारा मेरा नाम पूर्व के आधार कार्ड में घर का ही नाम रेनु दुर्गा आ. देवराज दुर्गा दर्ज करवा दिये थे। इसी आधार कार्ड के आधार पर मेरा पेन कार्ड भी बन गया था। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक था, जिसमें मेरा क्षेत्रीय भविष्य निधि में मेरा भविष्य निधि खाता है जिसका खाता क्रं. छ.ग./19896/28147 है, जिसका UNA No. 101598433810 है। जिसमें पूर्व के आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम रेनु दुर्गा आ. देवराज दुर्गा लिखा हुआ है उक्त खाते में रकम कटता है। यह कि, वास्तविक नाम सोनू आ. देवराज दुर्गा एवं रेनु दुर्गा आ. देवराज दुर्गा दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा है तथा रेनु दुर्गा आ. देवराज दुर्गा के स्थान पर सोनू आ. देवराज दुर्गा दर्ज कराना चाहता हूँ और मैं हर स्थान पर सोनू आ. देवराज दुर्गा के नाम से जाना व पहचाना जाना चाहता हूँ, जिसके कारण से मैं सोनू आ. देवराज दुर्गा के नाम से गजट में प्रकाशन कराना चाहता हूँ। जिससे मुझे मेरे सही नाम सोनू आ. देवराज दुर्गा के नाम से जाना व पहचाना जा सकें। यही मेरा शपथपूर्वक बयान है।

शपथकर्ता
सोनू आ. देवराज दुर्गा
निवासी-318, नेवई बस्ती, वार्ड कं.-64, उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता गुलाब चंद गोयल पिता श्री रामनिवास गोयल पता म.नं. 4. शितला मंदिर के पास, शारदा पारा कैंप 2. भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हू यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते पर निवास करता हूं। यह कि मेरे नाम से आर टी ओ विभाग दुर्ग से ड्रायविंग लायसेस कमांक CG0719873154200 है जिसमें मेरा नाम (GULAB CHAND) पिता (RAM NIWAS) दर्ज है, जो कि गलत एवं असत्य है। मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर 4593 9687 7796 में मेरा नाम (GULAB CHAND GOYAL S/O RAMNIWAS GOYAL) दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है। मेरे ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज नाम (GULAB CHAND) पिता (RAM NIWAS) के साथ सरनेम को दर्ज करवाकर पूर्ण नाम (GULAB CHAND GOYAL S/O RAM NIWAS GOYAL) को दर्ज किया जाये जिसके समर्थन में श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
गुलाब चंद गोयल
पिता श्री रामनिवास गोयल
पता म.नं. 4. शितला मंदिर के पास, शारदा पारा कैंप 2. भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

// न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) //
:: ईश्तहार ::

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202410210100043/अ-59/वर्ष 2024-25
ग्राम- गाड़ाडीह प.ह.नं. 41

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (स./सं.) संभाग छ.ग. स्टे.पा.डि. के. लिमिटेड भाटापारा का पत्र क्रमांक 10-20/ 10-25 सामा./ 3003 भाटापारा, दिनांक 16.08.2024 द्वारा ग्राम गाड़ाडीह तहसील भाटापारा में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु शासकीय भूमि खसरा नंबर 9/1 रकबा 17.5190 हे. में से आधा एकड़ भूमि को आबंटित करने एवं आबंटन की प्रत्याशा में अग्रिम अधिपत्य की मांग कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार से किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 05/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/05/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
भाटापारा

संक्षिप्त खबरें

पूर्व मंत्री अकबर ने पहलगाम के मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कड़ी निंदा करते हुए मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने आतंकी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले नागरिकों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग केंद्र सरकार से की है. साथ ही मृतक परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है. मोहम्मद अकबर ने कहा है कि आतंकवादियों की कायराना हरकत से देशवासियों में गुस्सा है. जम्मू-कश्मीर में फंसे नागरिक देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने घर लौटने के लिए परेशान हैं क्योंकि विमानन कंपनियों ने किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है. केंद्र सरकार इन परेशान लोगों को उनके घर भिजवाने के लिए तत्काल व्यवस्था कराए.

112 के आरक्षक से मारपीट, वर्दी फाड़ी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम गुठानीपाली में मारपीट, विवाद की सूचना पर पहुंचे डायल 112 में पदस्थ आरक्षक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और वर्दी फाड़े जाने संबंधी शिकायत पर थाना सिंघोड़ा में आरोपी के खिलाफजुर्म दर्ज कर लिया गया है। सिंघोड़ा थाने में आरक्षक विजय कुमार मज्जी (27) ने गुठानीपाली निवासी सुभाष तांडी के खिलाफ112 इवेंट के दौरान लडाई झगडा एवं मारपीट करने के संबंध में लिखित आवेदन पेश किया गया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि 24 अप्रैल की रात करीब 8. 20 बजे सी 04 रायपुर से सूचना मिली कि अभय साहू के साथ गांव का सुभाष तांडी शराब पीकर गाली गलौज कर रहा है। सूचना पर सिंघोड़ा लाइन 01-112 से चालक कुलेश्वर साव के साथ वह ग्राम गुठानीपाली गया था। गांव में जाकर सूचक अभय साहू से पूछताछ कर सुभाष तांडी को आवश्यक समझाइस दी जा रही थी। लेकिन शराब के नशे में सुभाष उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए वर्दी फाड़ी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुरैना न्यू राजेन्द्र नगर निवासी दीपक टंडन 28 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवी 7239 को मोती महल स्वीट्स पार्किंग के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में कृष्णा नगर कोटा निवासी प्रार्थी मोहम्मद जफ्फु र खान 25 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीई 6226 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

हत्या की नियत से पत्नी पर जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक कार्यालय मंदिरहसौद में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या करने के नियत से लोहे का सूजा को सीने व पीठ पर मारकर चोट पहुंचाया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता तृप्ति मिश्रा नगर पालिका मंदिरहसौद में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि कल दोपहर तृप्ति अपने ऑफिस में काम कर रही थी, तभी उसका तलाकशुदा पति आरोपी दिनेश मिश्रा आया और विवाद करते हुए टेबल में रखे लोहे के सूजा को उठाकर सीना और पीठ पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

डोंगरगढ़ बना कचरागढ़ : पशु-पक्षी हो रहे बीमार, उठते धुएं और बदबू ने बढ़ाई परेशानी

डोंगरगढ/नवप्रदेश । एक तरफ सरकार 'वन्यजीव संरक्षण' और 'स्वच्छ भारत' जैसे अभियानों पर करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ नगर पालिका की लापरवाही इन योजनाओं को खुलेआम ठेंगा दिखा रही है। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर से बछेरा भांटा रोड से लगे जंगल के किनारे खुलेआम कचरे का अंबार लगाया जा रहा है, वो भी कोई आम कचरा नहीं, बल्कि पॉलिथीन, झिल्ली, मेडिकल वेस्ट और अन्य खतरनाक अपशिष्ट। मणिकंचन केंद्र केवल नाम मात्र का बनाया गया है और पूरे शहर का कचरा उसके पीछे लाकर बिना किसी उचित व्यवस्थापन के डंप किया जा रहा है। जिसके चलते अब डोंगरगढ़ शहर का कचरा जंगल में कई किलोमीटर तक फैल चुका है।

गाय-भैंस और वन्यजीव 'कचरे के शिकार': राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विधानसभा में दिन चढ़ते ही इन कचरे के ढेरों पर आवारा मवेशियों की भीड़ लग जाती है, तो रात होते ही कई जंगली जानवर इन्हीं जहरीले कचरों को भोजन समझकर खा लेते हैं। धीरे-धीरे ये कचरा उनके शरीर को अंदर से खा रहा है लेकिन इससे न नगर पालिका को फर्क पड़ता है, न वन विभाग को लेकिन इन दोनों विभागों की लापरवाही के चलते पर्यावरण जरूर बर्बाद हो रहा है।

डोंगरगढ़ के जंगल में परोसी जा रही जहर : कई बार इस गंभीर मुद्दे को वन्यजीव प्रेमियों द्वारा संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन हालात जस के तस हैं। अभी हाल ही में इसी एरिया के मुक्तिधाम में कचरा डंप करने के चलते स्थानीय लोगों ने विरोध किया था लेकिन पालिका के कान में जू तक नहीं रेंगी। स्थिति आज तक जस की तस है उल्टा अब हालत और भी बदतर हो रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन उसका असर जमीन पर नहीं बल्कि फाइलों में नजर आता है। शहर के वार्ड नंबर एक और तीन में मुक्तिधाम के साथ ही शहर के बाहर जो मंजर है।

भूमि विकास नियम में बदलाव से उद्योग और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

- एक ही भू-खंड पर कर सकेंगे दोगुना निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में किए सुधार के चलते अब उद्योग एक ही भू-खंड पर दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इस संशोधन से राज्य में उद्योगों और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किए गए हैं।

फ्लैटेड इंडस्ट्रीज के लिए फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 3.0 किया गया है। जिससे उद्योग एक ही भूखंड पर अब दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को कम लागत में अधिक उपयोग योग्य स्थान उपलब्ध होगा। औद्योगिक प्लॉट्स के लिए ग्राउंड कवरेज को 60 प्रतिशत से ढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सेटबैक में कमी की गई है, जिससे जमीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

7.0 तक हो सकेगा कुल एफएआर

नगर पालिका क्षेत्रों और विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के लिए न्यूनतम 5.0 एफएआर निर्धारित किया गया है। जिन भूखंडों का क्षेत्रफल 5 एकड़ या उससे अधिक है और जिन तक 100 मीटर चौड़ी सड़क की पहुँच है, उन पर एफएआर 5.0 लागू होगा। यदि ये भूखंड सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक (सीबीडी) या ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) डोन में आते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2.0 एफएआर की अनुमति होगी, यानी कुल एफएआर 7.0 तक हो सकेगा।

व्यावसायिक विकास को मिलेगा बढ़ावा : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि, इन सुधारों से राज्य में आधुनिक औद्योगिक और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। नगर और ग्राम निवेश विभाग ने इन संशोधनों को उद्योग हितैषी नीति के तहत तैयार किया है, ताकि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक एवं व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिल सके।

बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर चल रहे सबसे बड़ा ऑपरेशन

भीषण गर्मी में नक्सलियों से लोहा ले रहे 40 जवान डिहाइड्रेट के शिकार

- तेलंगाना के भद्राचलम में किया गया भर्ती

बीजापुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा था। सबसे बड़े ऑपरेशन के दौरान 40 से ज्यादा जवान डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए हैं। पीड़ित जवानों को सेना के हेलिकॉप्टर से तेलंगाना के भद्राचलम के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। जवान पिछले चार दिनों से भीषण गर्मी में नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं। अब तक तीन नक्सली हुए ढेर,एक जवान भी घायल होने की खबर है।वहीं गुरुवार को तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन लॉन्च किया गया। मारे गए पांच नक्सलियों में से 3 महिला नक्सलियों का शव बरामद किया गया था। मारे गए नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की हैं। घटनास्थल से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद हुआ था।

5 हजार जवानों ने की थी घेराबंदी

बता दें कि, छत्तीसगढ़-तेलंगाना-महाराष्ट्र की सीमा पर करीब 5 हजार जवान तैनात किए गए हैं। जवानों ने हिड़मा, दामोदर, देवा समेत कई बड़े लीडर और उनकी बटालियन को घेर लिया था। करीब 300 नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली है। यह ऑपरेशन 12 घंटे से अधिक समय से चल रहा था। इंटेलिजेंस के अनुसार, नक्सलियों के पास पर्याप्त राशन-पानी नहीं है।

वायु सेना के एमआई17 के हेलिकॉप्टर किए गए तैनात

दो दिन पहले ही ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस वायु सेना के एमआई 17 के हेलिकॉप्टर जगदलपुर, बीजापुर, तेलंगाना, आंध्र और महाराष्ट्र में तैनात किए गए। ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगहबानी की जा रही है। हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों की खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। इस ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ समेत देशभर की सुरक्षा एजिंसीयो की नजर टिकी हुई है। बीजापुर समेत महाराष्ट्र और तेलंगाना में पुलिस के आला अधिकारी मौजद हैं। तीन राज्यों से ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही है। जवानों के निशाने पर करेगुट्टा और नीलम सराय पहाड़ी है,जहां बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशन को लॉन्च किया गया।

नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस

नक्सलियों के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा ऑपरेशन जारी है। इसके तहत आईटीबीपी और छत्तीसगढ़ पुलिस ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नेलांगुर कंपनी ऑपरेटिंग बेस (सीओबी) की स्थापना की है। इससे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सुदूर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों के गढ़ों पर नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।

नक्सलियों की कई कंपनियां मौजूद

इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1,2 समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बड़े नेता हिड़मा, देवा, विकास समेत तेलंगाना-महाराष्ट्र-आंध्र की सेंट्रल कमेटी, DKSZCM (दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी), DVCM (डिविजनल कमेटी मेंबर), ACM (एरिया कमेटी मेंबर), संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स ते नक्सली भी यहां मौजूद हैं।

नक्सलियों से लगातार लड़ रहे हैं जवान

मुठभेड़ को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, पिछले 15 महीने से लगातार हमारे जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं। अभी तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने को लेकर सीएम साय ने कहा कि, ऑपरेशन जारी है। थोड़ा इंतजार करना होगा।

सॉलिड वेस्ट फैक्ट्री में आग, हजारों टन प्लास्टिक जलकर खाक

- प्लांट मैनेजमेंट की लापरवाही उजागर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। फैक्ट्री अंबिकापुर नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की फैक्ट्री में आग लगने की खबर सामने आई है। आग काफी भीषण है और इसने फैक्ट्री को काफी नुकसान पहुंचाया है। दरअसल यह पूरी घटना हर्राटिकरा में स्थित प्लांट की है। मिली जानकारी अनुसार फैक्ट्री में रखे हजारों टन प्लास्टिक जलकर खाक हो गए है। सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में हजारों टन प्लास्टिक कैम्पस में मौजूद थे। यह आग सुबह से लगी थी पर इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दोपहर में दी गई जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। बताया जा रहा है की आग प्लांट के मैनेजमेंट की लापरवाही से लगी है।

हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग

वहीं अंबिकापुर शहर के ही महामाया रोड में स्थित हार्डवेयर दुकान में रविवार 24 फरवरी 2025 को रात में भीषण आग लग गई। दुकान के संचालक पूरे परिवार के साथ दुकान के ऊपर मंजिल पर पर सो रहे थे। परिवार के सभी 6 सदस्यों को छत के रास्ते बाहर निकाला गया था। देखते ही देखते आग इतना बढ़ गया था कि दुकान में रखे लाखों रूपए के सामान जलकर राख हो गए थे। सूचना के पश्चात बड़ी मुश्किलो के बाद दमकल की टीम आग पर काबू कर पाई।

नगर निगम की सामान्य सभा में हंगामा

- दो महिला पार्षदों में झूमाझटकी, कांग्रेसी-भाजपाई पार्षद भी भिड़े

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक के पहले विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद हाथ में तख्ती लेकर निगम में महापौर के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। हंगामा इतना ब?ा की दो महिला पार्षद आपस में भिड़ गई। जिसके चलते काफी गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। विपक्षी आदिवासी परिवार के घर में बुलडोजर चलाने के मामले में हंगामा कर रहे हैं। दरअसल, धमतरी नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक आज होगी। नई टीम के गठन के तीन माह बाद पहली सामान्य सभा की बैठक है। इसके लिए पक्ष-विपक्ष के अलावा निर्दलीय पार्षदों ने कुल 39 प्रश्न लगाए हैं। प्रश्नोत्तर के लिए 1 घंटे का समय रहेगा। संबंधित विभाग के एमआईसी सदस्य जवाब देंगे। आठ एजेंडा में से पांच एजेंडा में 41करोड़ के विकास कार्यों पर चर्चा होगी।

डोगरगढ़ का खूनी रोपवे : पूर्व में दो बार टूटने से दो की मौतों की दर्दभरी दास्तां ! अब संयोगवश बच गए पूर्व मंत्री व भाजपा नेता

रायपुर/नवप्रदेश। बार-बार हादसों के बावजूद डोगरगढ़ मां बम्लेश्वरी माता के दर्शन के लिए लगे रोपवे प्रबंधन कोई सबक नहीं लेता दिख रहा है। वैसे अभी तक दो बार हुई घटनाओं में दो लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार दोपहर मंदिर के पहाड़ी पर स्थित रोपवे की ट्रॉली अचानक रोप से टूटकर गिर गई. हादसे के दौरान ट्रॉली पर पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा नेता मनोज अग्रवाल और दया सिंह सवार थे. हादसे में सभी नेताओं को चोटें आई हैं. इस हादसे में भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया है. फिलहाल रोपवे संचालन को तत्काल रोक दिया गया है.

पहली घटना सन 2016 में 29 फरवरी को ओडिशा से आए व्यवसायी और यूपी के जिले के अम्बेडकर नगर के मूल निवासी बृजभूषण मिश्रा अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ दर्शन करने आए थे। लेकिन नीचे उतरे ही रोपवे 60 फीट ऊपर ही टूट कर पहाड़ी गिर गया था। इसमें गंभीर रूप बृजभूषण मिश्रा घायल हो गए थे और उनकी पत्नी श्रीमती बिंदु मिश्रा की सिर में चोट लगने से मौत हो गई थी। इसके अलावा अन्य तीन लोग घायल हो गए थे। विडंबना देखिए जांच हुई तो प्रशासन ने यह रिपोर्ट दिया कि प्राकृतिक आपदा थी, जबकि सिर में चोट लगने से महिला की मौत हुई थी। वहीं समय से इलाज नहीं मिल पाने और गलत इंजेक्शन लगने से महिला की मौत हो गई थी। जैसा की परिजनों का कहना था। लेकिन क्या करें न्याय की लड़ाई कैसे लड़े। थकहार कर फिर उन लोगों ने पैरवी करनी छोड़ दिया । हैरतवाली बात है कि उस समय आईएएस मुकेश बंसल कलेक्टर के रूप में राजनांदगांव में तैनात थे। उन्होंने मीडिया में बयान था कि हादसा प्राकृतिक थी और महिला हार्ट की पेशंट थीं। जबकि हकीकत थी क्या थी, यह जानने की कोशिश ही नहीं हुई। अंत में प्रशासन न तो रोपवे कंपनी से मृतक के परिजनों को मुआवजा दिला पाया और न ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। अभी वर्तमान में रोपवे में क्या उस वक्त की कंपनी ही कर रही है कि या दूसरी यह तो जांच का विषय है। क्या हैं प्रशासन किसी आम आदमी की मौत पर कुछ भी न कार्रवाई कर पाता है न ही न्याय दिला पाता है। क्योंकि रसूखदारों के आगे घुटने टेक देता है।

इसके अलावा दूसरी घटना स्नद्गह्ल 23, 2021 को हुई थी। जिसमें रोपवे गिरने से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया था। लेकिन मौत के जिम्मेदारों को जेल की हवा प्रशासन नहीं खिला पाया। क्योंकि जांच रिपोर्ट में ऐसा कारण बता दिया जाता है कि जिससे वे लोगों के जान लेने वाले जिम्मेदार बेगुनाह हो जाते हैं। ऐसा प्रमाण देने वाले अधिकारी भी इस महापाप के भागी बन जाते हैं।

नक्सल मुक्ति की ओर | नारायणपुर जिले में कैंप से ग्रामीणों में नक्सलियों का भय समाप्त होगा

अबूझमाड़ के महाराष्ट्र से लगे बार्डर पर गांव नीलांगूर में खोला गया सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप

नारायणपुर/नवप्रदेश । नारायणपुर जिले के नीलांगूर में सुरक्षा एवं जनसुविधा कैंप खोला गया है। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सिमा को जोड़ने वाली पहुंचमार्ग को पूरी तरह पूर्ण कर लिया गया है। नेलांगुर अबूझमाड़ में महाराष्ट्र सीमा पर नारायणपुर का आखिरी गांव है। नक्सलियों के पोलित ब्यूरो सदस्यों और सेंट्रल कमेटी सदस्यों के तथाकथित गढ़ में सुरक्षा बल पहुंचे हैं। जिससे माओवादी संगठन घ्वस्त हो रहा है माओवादी संगठन में जुड़े नक्सली सदस्य अत्याधिक संख्या में आत्म समर्पण की ओर अग्रसर है। निश्चित ही नक्सल मुक्त बस्तर की कल्पना साकार रूप ले रहा है।

क्षेत्र में समस्त विकास की बहेगी गंगा : ग्रामीणों ने पुलिस कैम्प का स्वागत किया। मुख्यरूप से बिजली, नल-जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी गई है। जिसे जल्द पूर्ण कराए जाने के साथ ही 'जन समस्या निवारण शिविर का आश्वासन दिया गया। नियद नेल्लानार अंतर्गत विकास की सभी योजनाओं का पूर्ण रूप से कियान्वयण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 DK निर्माण में तेजी आएगी। पदमकोट नेलांगुर के बाजार में भी रौनक देखने को मिली। विकास कार्यों की मांग रखी भी रखी गई। सड़क पर होर्डिंग लगाई गई छत्तीसगढ़ में आपका स्वागत है। छत्तीसगढ़ सीमा समाप्त के साथ नागपुर और मुंबई से लेकर जगदलपुर और रायपुर तक की दूरी का सूचक बोर्ड भी लगाया गया। पूरब से पश्चिम दिशा की ओर नारायणपुर से 65 किलोमीटर सड़क की पहुंच पूर्ण। नक्सल विरोधी अभियान अब और भी प्रभावी होंगे।

ग्रामीणों में तेजी से घट रहा है नक्सलियों का भय

ग्राम नेलांगूर में नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ग्राम नेलांगुर तहसील व थाना कोहकामेटा व ओरछा ब्लाक क्षेत्रान्तर्गत स्थित है। नवीन कैम्प थाना कोहकामेटा से 31 कि.मी. दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित है। पदमको-नेलांगुर में सुरक्षा एवं जन सुविधा पुलिस कैम्प खुलने और बाजार लगने से लोगों को उनके मूलभूत दैनिक उपयोगी सामग्री उपलब्ध होने से रौनक दिखी है। सुरक्षा बलों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी पहुंच और निगरानी, स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजाद दिलाने में मदद मिलेगी। यह कदम नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए कारगर रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com